पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

सतना, शनिवार 12 जुलाई 2025 । वर्ष –40 । अंक –136 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ बाढ़ क्यों स्थायी... ■ मजदूरों की अखिल... 04
■ ट्रंप को जानना होगा कि दुनिया बदल गई... ■ हमास ने की युद्धविराम के लिए 10 कैदियों... 09
■ फास्टैग इस्तेमाल करने वाले हो ... ■ 200 महंगी दवाओं पर टैक्स राहत... 11
■ लॉर्ड्स में दिखा... ■ टीम की हर खिलाड़ी.. 10

## प्रधानमंत्री आज 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे

### 47 स्थानों पर होगा आयोजन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 12 जुलााई को युवाओं को बड़ा तोहफा देंगे। 12 जुलाई को रोजगार मेला का आयोजन होने वाला है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। इस दौरान अलग-अलग



सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्त किए गए 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शुक्रवार को इसकी जानकारी दी गई।

पीएमओ के मुताबिक, इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नव-नियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे। यह 16वां रोजगार मेला देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जबकि नियुक्तियां केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों में की जा रही हैं। चयनित नए उम्मीदवार पूरे देश से आए हैं और वो जिन विभागों में शामिल होंगे, उनमें रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय समेत कई अन्य मंत्रालय और विभाग शामिल हैं।

रोजगार मेला पीएम मोदी की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रोजगार मेला प्रधानमंत्री मोदी की ओर से 22 अक्टूबर 2022 को मिशन मोड में शुरू किया गया था।

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के मुताबिक, यह पहल युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सार्थक मौके दे रही है। रोजगार मेला की पहल ने अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों के साथ-साथ सरकारी संगठनों को मिशन मोड में अपनी रिक्तियों को भरने में सक्षम बनाया। विभागों और संगठनों को स्कूलों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों, पुलिस स्टेशनों और कर कार्यालयों आदि में उच्च गुणवत्ता वाली नागरिक सेवाएं प्रदान करने में मदद मिली। इससे हमारे रक्षा और सुरक्षा संगठनों को भी लाभ हुआ।

### मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव

## 30 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिले : मुख्यमंत्री





- प्रदेश के सभी शहरों में आयोजित करेंगे ग्रोथ कॉन्क्लेव
- मुख्यमंत्री ने शहरी विकास के लिये 12 हजार 360 करोड़ रुपये की दी सौगातें
- गिफ्ट सिटी के जैसे मध्यप्रदेश में भी 10 सिटी बनेंगी
- प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किये जायेंगे

### 15 हजार से अधिक रोजगार के नये अवसर बनेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** गुरुवार को इंदौर में हुए मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव में 30 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मध्यप्रदेश सरकार को मिले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि- इस कॉन्क्लेव से लगभग 15 हजार से अधिक रोजगार के नए अवसर बनेंगे।

उन्होंने यह भी ऐलान किया कि प्रदेश के हर शहर में ग्रोथ कॉन्क्लेव आयोजित किए जाएंगे तथा प्रदेश में गिफ्ट सिटी जैसे 10 शहर तैयार किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कॉन्क्लेव में यह भी बताया कि प्रदेश में 10 लाख नए आवास तैयार किये जाएंगे। उन्होंने कॉन्क्लेव को सफल बताते हुए कहा कि प्रदेश के तेजी से विकास में ऐसे आयोजन मील के पत्थर साबित होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा- प्रदेश में निवेश के अनुकूल अवसर हैं और देश विदेश के उद्योगपति अब यहां निवेश करने में दिलचस्पी ले रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रियल एस्टेट आज देश का सबसे अधिक प्रोगेसिव सेक्टर है और यह सेक्टर देश के नवनिर्माण में बड़ा सहयोग दे रहा है। रियल एस्टेट सेक्टर देश की जीडीपी में अब 8.5 प्रतिशत तक योगदान दे रहा है, जो कभी मात्र 3 प्रतिशत हुआ करता था।

प्रदेश के समग्र शहरी विकास और रियल एस्टेट सेक्टर को नई दिशा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित कर रहे थे। इस आयोजन में उद्योग, होटल, रियल एस्टेट, एजुकेशन, रिन्यूअल एनर्जी, आईटी आदि क्षेत्रों में निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के विकास के लिये 12 हजार 360 करोड़ रुपये की सौगातें भी दी।

### इकोनॉमिक टाइम्स अर्बन ग्रोथ 2025 पुस्तिका का हुआ विमोचन

उन्होंने मुख्य रूप से जल प्रदाय, सीवरेज, स्वच्छता और अधोसंरचना निर्माण के लिये 5 हजार 454 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को 2 हजार 799 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान भी वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा, ग्रीन फील्ड हाईवे, टाउनशिप और स्मार्ट सिटी परियोजना को बढ़ावा दिया जायेगा।

**कॉन्क्लेव में प्राप्त निवेश प्रस्ताव**-कॉन्क्लेव में सर्वाधिक 12 हजार 473 करोड़ रुपये का निवेश औद्योगिक क्षेत्र में प्राप्त हुआ है। इसी तरह होटल क्षेत्र में 3 हजार 344 करोड़ रूपये, रियल एस्टेट क्षेत्र में 1812.14 करोड़ रुपये, एजुकेशन क्षेत्र में 72.45 करोड़ रूपये, रिन्यूअल एनर्जी क्षेत्र में 500 करोड़ रूपये तथा आईटी क्षेत्र में 100 करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इंदौर और भोपाल विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत 12 निवेशकों से 2 हजार 784 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नगरीय निकायों को अधोसंरचना विकास के लिये एक हजार 320 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है।

## मुख्यमंत्री आज लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित करेंगे 26वीं किश्त

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन और सिलेंडर उज्जवला की राशि भी करेंगे अंतरित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ग्राम पंचायत नलवा जिला उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर उज्जवला योजना के हितग्राहियों के खातों में जुलाई माह की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे। एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के कालिदास अकादमी में राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन में मछुआ कल्याण के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं हितलाभ का वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत एक करोड़ 27 लाख बहनों को 1503 करोड़ 14 लाख की 26वीं किश्त उनके खातों अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 56 लाख 74 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ की राशि, 30 लाख से अधिक बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफलिंग की 46 करोड़ 34 लाख की राशि भी सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कालिदास अकादमी में राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन में मछुआ कल्याण के 152 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं मछुआरों को हितलाभ का भी वितरण करेंगे।




### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- पूर्व सीजेआई कह रहे हैं- चुनाव आयोग को बेलगाम ताकत नहीं दे सकते।

**चुहिया- हां प्रिये**- अकेला चुनाव आयोग ही क्यों ? लगाम तो हर व्यवस्था पर होना चाहिये।

## मुजफ्फरनगर और रुड़की में कांवड़ियों ने कार और बाइक वालों को पीटा

**मुजफ्फरनगर, रुड़की।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा के दौरान मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। एक घटना यूपी के मुजफ्फरनगर में हुई, जहां कांवड़ियों ने मामूली बातों पर राहगीरों से मारपीट कर दी। वहीं अन्य घटना उत्तराखंड के रुड़की में हुई, जहां वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की गई। इन घटनाओं ने प्रशासन की तैयारियों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

सावन के महीने में कांवड़ यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड तक मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। यहां मामूली विवाद में राहगीरों के साथ मारपीट की गई और उनके वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को किसी तरह शांत कराया और पीड़ितों को भीड़ से बचाया। इन घटनाओं के वीडियो भी सामने आए हैं। यूपी के मुजफ्फरनगर में गुरुवार को हरिद्वार से गंगाजल भरकर दिल्ली के शिवभक्त कावड़ियों की एक टोली नगर के शिव चौक पर पहुंची थी। इसी दौरान एक बाइक की साइड कांवड़िए के लग गई, इसके बाद मौके पर हंगामा खड़ा हो गया।

कांवड़ियों की टोली ने जल खंडित करने का आरोप लगाते हुए बाइक सवार की डंडों से पिटाई करना शुरू कर दिया। इसी के साथ बाइक में जमकर तोड़फोड़ कर दी। इस बवाल के बीच किसी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक सवार व बाइक को कांवड़ियों के चुंगल से छुड़वाया। पुलिस ने तोड़फोड़ कर रहे कांवड़ियों को बड़ी मुश्किल से शांत कराया।

### वाहन तहस-नहस किए

यह घटना हरिद्वार-रुड़की राजमार्ग पर बेलडा गांव के पास हुई। यहां कांवड़ियों ने एक कार चालक पर कांवड़ में टक्कर मारकर खंडित करने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। कांवड़ियों ने कार चालक के साथ जमकर मारपीट की और कार को तोड़कर तहस नहस कर दिया।

कुछ कांवड़िये गंगाजल लेकर हरिद्वार से अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। वे स्टेट हाइवे पर बेल्डा गांव के पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने पीछे से आ रही स्कॉर्पियो कार चालक पर आरोप लगाया कि उसकी गाड़ी की टक्कर से उनकी कांवड़ खंडित हो गई है। इसके बाद कांवड़ियों ने देखते ही देखते उन्होंने स्कॉर्पियो सवार के साथ मारपीट शुरू कर दी।

## गुजरात पुल हादसे में मरने वालों की संख्या 21 पहुंची

**अहमदाबाद।** गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुराने पुल के ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। शुक्रवार को एक घायल की अस्पताल में मौत हुई। मरने वालों का आंकड़ा 20 हो गया है। एक शख्स की तलाश में एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीमें जुटी हैं। वडोदरा कलेक्टर अनिल धमेलिया ने कहा कि नदी में गिरे एक टैंकर में सल्फ्यूरिक एसिड भरा था। ऐसे में पता लगाया जा रहा है कि उसमें से कोई रिसाव तो नही है। वहीं पानी सोडा ऐश (सोडियम कार्बोनेट) होने के कारण रेस्क्यू टीम को जलन और खुजली हो रही है। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हुई है। दुर्घटना के बाद पिछले दो दिनों से नदी में गिरे वाहनों और लोगों की खोज का काम निरन्तर किया जा रहा है। केन्द्रीय राहत बचाव एजेंसियां सर्च अभियान चला रही हैं।

### ओडिशा में संविधान बचाओ रैली में बोले राहुल गांधी

## 'संविधान से खिलवाड़ कर रही सरकार'

**भुवनेश्वर,( एजेंसियां )।** भुवनेश्वर में कांग्रेस के संविधान बचाओ समावेश कार्यक्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा महाराष्ट्र की तरह अब बिहार में चुनाव को चोरी करने की साजिश कर रही है। लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। मैं कल बिहार में था। जिस तरह महाराष्ट्र में चुनाव की चोरी की गई, उसी तरह का प्रयास बिहार में किया जा रहा है। चुनाव की चोरी के लिए चुनाव आयोग ने एक नई साजिश रची है। चुनाव आयोग भाजपा की शाखा के रूप में काम कर रहा है, वह अपना काम नहीं कर रहा है।

**बिहार चुनाव की चोरी नहीं करने देगा इंडिया गठबंधन** -कांग्रेस नेता ने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जोड़े गए। कोई नहीं जानता कि ये मतदाता कौन थे और वे कहां से आए थे। हमने चुनाव आयोग से कई बार कहा कि हमें मतदाता सूची और वीडियोग्राफी उपलब्ध कराएं। लेकिन चुनाव आयोग ने हमें यह उपलब्ध नहीं कराया। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में मैंने विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं से कहा कि हम चुनाव आयोग और भाजपा को बिहार चुनाव की चोरी नहीं करने देंगे।



### चुनाव आयोग पर लगाया भाजपा की शाखा के रूप में काम करने का आरोप

**अडाणी चला रहे ओडिशा सरकार** – कांग्रेस नेता ने कहा कि अडाणी ओडिशा सरकार चलाते हैं। अडाणी नरेंद्र मोदी को चलाते हैं। जब ओडिशा में जगन्नाथ यात्रा निकाली जाती है, तो लाखों लोग इसे देखते हैं। फिर एक नाटक होता है कि अडाणी और उनके परिवार के लिए रथ रोक दिए जाते हैं। इससे आपको ओडिशा सरकार के बारे में सब कुछ समझ में आ जाएगा। यह ओडिशा सरकार नहीं है, यह अडाणी जैसे 5-6 अरबपतियों की सरकार है। इसका लक्ष्य आपकी जमीन, जंगल और भविष्य को चुराना है। सरकार ओडिशा की गरीब जनता का पैसा चुराने का काम करती है। एक तरफ ओडिशा की गरीब जनता दलित, आदिवासी, कमजोर, किसान और मजदूर है और दूसरी ओर 5-6 अरबपति और भाजपा सरकार।







### मिसाल | ऐसा भी है एक संयुक्त परिवार

## 14 बेटे-49 बहुएं, 18 पोते, 28 पड़पोते और 33 पड़पोतियां

**अजमेर।** 11 जुलाई यानि आज पूरी दुनिया में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य लोगों को जनसंख्या के बारे में सही जागरूक करना होता है। इसी बीच राजस्थान का अजमेर जिला इन दिनों एक अनोखे संयुक्त परिवार के कारण चर्चा में है। इस फैमिली में कोई 10 या 20 नहीं, बल्कि 195 सदस्य एक ही परिवार के हिस्सा हैं, और एक साथ एक ही घर में रहते हैं। सबसे चौंकान वाली बात यह है कि सभी का खर्चा और खाना-पीना एक साथ होता है।

नसीराबाद के पास रामसर गांव में रहने वाला बागड़ी परिवार अपने 195 सदस्यों के साथ विश्व जनसंख्या दिवस पर एक गहरा संदेश दे रहा है — जनसंख्या समस्या नहीं है, अगर परिवार में एकता, अनुशासन और सहयोग हो। भारत जैसे देश में, जहां बढ़ती जनसंख्या को अक्सर विकास के लिए चुनौती माना जाता है, वहीं अजमेर का यह परिवार यह साबित कर रहा है कि यदि सही सोच, व्यवस्था और



परंपरा हो तो बड़ी जनसंख्या भी समाज के लिए बोझ नहीं, बल्कि शक्ति बन सकती है।

मोहनलाल बागड़ी और उनके पांच भाइयों का यह परिवार अब 195 लोगों तक पहुंच चुका है। छह भाइयों के 14 बेटे, 18 पोते, 28 पड़पोते और 33 पड़पोतियों के साथ कुल 49 बहुएं इस परिवार का हिस्सा हैं। यह सभी अलग-अलग कमरों और मकानों में रहते हैं, लेकिन भोजन एक ही रसोई से बनता है—जहां हर दिन 40 से 50 किलो आटे की रोटियां, 50 किलो सब्जी, और सामूहिक भोजन तैयार होता है।

**परिवार की मासिक आय दो करोड़**-परिवार की मासिक आय दो करोड़ रुपये से अधिक है, जो मुख्यत: खेती और पशुपालन से आती है। उनके पास 80 भैंसें, 40 गायें, 12 ट्रैक्टर, 2 टैंकर, और कई दोपहिया व चारपहिया वाहन हैं। परिवार में दो सरकारी शिक्षक, दो कंपाउंडर और एक पशु कंपाउंडर भी हैं।

**बुरे वक्त में भी एक साथ रहा पूरा परिवार**-छोटूलाल बागड़ी, जो परिवार के एक वरिष्ठ सदस्य हैं, कहते हैं, हमने गरीबी देखी, पर कभी अलग नहीं हुए। एकता, मेहनत और महिलाओं की भागीदारी ने आज हमें इस मुकाम पर पहुंचाया। बेरोजगारी और सीमित संसाधनों की चर्चा होती है, ऐसे में रामसर का यह संयुक्त परिवार बताता है कि जनसंख्या नियंत्रण का हल केवल संख्या घटाना नहीं, बल्कि सोच और संगठन की दिशा सुधारना भी है।


डाक पंजीयन क्रमांक रीवा संभाग/16/2009-2011

# नायब तहसीलदार पर ट्रैक्टर चढ़ाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस की कार्रवाई** — **ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त, आरोपी पर था 5000 का ईनाम**

### ● इटारसी रेल्वे स्टेशन से पकड़ा गया आरोपी

**सतना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मैहर के निर्देशन में थाना प्रभारी रामनगर विजय सिंह परस्ते सहयोगी टीम के साथ रेत से लोड ट्रैक्टर चढाकर नायब तहसीलदार की हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी रावेन्द्र बैस उर्फ नेपाली पिता रामयश बैस उम्र 40 वर्ष निवासी मझटोलवा थाना रामनगर को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

मिली जानकारी अनुसार 4 जुलाई को प्रभारी नायब तहसीलदार रोशनलाल कोल ग्राम कुबरी में मुन्नीबाई रजक पत्नी रामऔतार रजक के रास्ते के विवाद के स्थल का निरीक्षण करने राजस्व टीम के साथ जा रहे थे तभी गांव में संजय सिंह के घर के पास एक बिना नंबर का नीले रंग का सोनालिका ट्रैक्टर जिसकी ट्राली में रेत लोड थी वाहन के आगे-आगे जा रहा था जो नायब तहसीलदार के वाहन को देखकर ट्रेक्टर चालक तेज गति से चला कर भागने लगा। ट्रैक्टर के सामने एक बोलेरो वाहन आ जाने से चालक ट्रैक्टर रोक दिया। ट्रैक्टर को एक नाबालिग चला रहा था जो लोगो को देखकर भाग गया। फिर उसका पिता रावेन्द्र बैस उर्फ नेपाली आया और ट्रैक्टर चालू कर तेज गति से ट्रैक्टर चलाते हुए नायब तहसीलदार और उनके स्टाफ को कुचलने की नीयत से ट्रेक्टर चढ़ाने का प्रयास किया। ट्रैक्टर चालक व उसके बेटे



द्वारा शासकीय कार्य के दौरान बाधा उत्पन्न कर नायब तहसीलदार व उनके स्टाफ एवं ग्रामीणों को मारने का प्रयास किया गया। जिस पर थाना रामनगर में अपराध धारा 109,121(1),132,3(5) बीएनएस 3,181,4,5,180 मोटर व्हीकल एक्ट का कायम कर तलाशी की गई और आरोपी पर 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया। टीम द्वारा सायबर सेल एवं तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी को इटारसी रेल्वे स्टेशन से पकड़ कर पूछताछ की गई और आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त ट्रैक्टर एवं ट्राली जप्त कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

इस कार्यवाही में विजय सिंह परस्ते थाना प्रभारी रामनगर, उनि राकेश मिश्रा चौकी प्रभारी मर्यादपुर, सउनि समरजीत कोल, प्र.आर. नितीश यादव, रावेन्द्र सिंह, कमलभान सिंह, आर.राजेश यादव, गुड्डु कुमार, ह्रदेश जाटव, संदीप सिंह परिहार, सुशील द्विवेदी सायबर सेल मैहर की सराहनीय भूमिका रही।

# हत्या के प्रयास का एक और आरोपी गिरफ्तार

**सतना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के महदेवा रोड धवारी मे जान से मारने की नियत से फायरिंग कर राड से मारने वाले फरार एक और आरोपी बेटू उर्फ चन्द्रप्रकाश मिश्रा पिता चन्द्रिका प्रसाद मिश्रा को सिटी कोतवाली पुलिस ने



गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही की गई। मिली जानकारी मुताबिक 1 जुलाई की शाम करीबन 5 बजे कैलाश पयासी की दुकान महदेवा रोड धवारी मे दीपू उर्मलिया, शुभम पंडित व दो-तीन अन्य द्वारा विवेक प्रताप सिंह, प्रशांत चौधरी, नीरज तिवारी के साथ जान से मारने की नियत से फायरिंग कर राड एवं डंडा से मारपीट की गई थी। जिस पर थाना पुलिस नें धारा 109, 296, 3(5) भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस मुखबिर लगाए और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की। इसके पहले जतिन तिवारी निवासी पटेहरा थाना मैहर, अंशुमान सिंह उर्फ अंशू कछवाह 24 वर्ष निवासी बंजरहा तलाब के पास उमरी, धीरू उर्फ धीरेन्द सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हरा थाना सेमरिया जिला रीवा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आज चौथे आरोपी चन्द्रप्रकाश मिश्रा उम्र 18 वर्ष निवासी जवाहर नगर को पुलिस टीम सांई कालोनी जवाहरनगर से गिरफ्तार कर घटना में उक्त मोटरसायकल कब्जे से जब्त किया गया और न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेज दिया गया। मामले के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। इस कार्यवाही में उनि. अजीत सिंह सायबर प्रभारी, सउनि. दशरथ सिंह, हेमराज सिंह, प्रआर. राहुल सिंह, कमलाकर सिंह, आर. लखनलाल शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## आज का मौसम

| न्यूनतम तापमान | अधिकतम तापमान | आर्द्रता |
|---|---|---|
| 23.00 डि.से. | 27.06 डि.से. | सुबह : 95 |
| | | शाम : 97 |

## सार-समाचार



### ताल तरंग में गुरु आराधना, घुंघरू पूजन

**सतना, देशबन्धु।** ताल तरंग कला केंद्र मास्टर प्लान में गुरु पूर्णिमा समारोह का मंगलमय आयोजन किया गया। इस पावन संध्या में ताल तरंग कला केंद्र की संचालिका एवं गुरु प्रियंका भसीन के साथ-साथ मुख्य अतिथि के रूप में कन्या कॉलेज के प्राचार्य एके पांडेय उपस्थिति रहे। कार्यक्रम माता सरस्वती व कथक सम्राट पं. बिरजू महाराज की विधि पूर्वक पूजा अर्चन कर प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में संस्था के सभी छात्र-छात्राओं एवं ताल तरंग कला केंद्र के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर गुरूओं की आराधना तथा घुंघरू पूजन कर इस पावन आयोजन का शुभारंभ किया। सभी छात्र छात्राओं ने कथक नृत्य पर आधारित विघ्नहर्ता भगवान गणेश की वंदना, गुरु वंदना, श्री राम वंदना तथा शिव स्तुति जैसी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर अपने गुरु का मान बढ़ाया। कार्यक्रम में स्वाति सिंह, पारुल मौर्य, सुनील भसीन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### महापौर ने हितग्राहियों को सौपी चाबियां



**सतना, देशबन्धु।** ननि के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी क्षेत्र के हितग्राहियों को हित लाभ पत्र भेंट कर महापौर योगेश ताम्रकार ने आवासो की चाबियां सौंपी। इस दौरान महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में ट्रिपल इंजन की सरकार अंत्योदय के भाव के साथ जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्यक्रम लोक कल्याणकारी सरकार के संकल्पों का प्रतीक है। इस मौके पर नगर निगम के अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा व पार्षद उपस्थित रहें।

### एक पेड़ लगाएं, सतना को हरा-भरा बनाएं



**सतना, देशबन्धु।** नगर को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने आज टाउन हॉल में आयोजित वृक्षारोपण समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिसमें महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि इस वर्ष एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान अंतर्गत 21 हजार नए पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। यह अभियान केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि संवेदनाओं और प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है। जैसे हम अपनी मां की देखभाल करते हैं, वैसे ही हर पेड़ को भी सहेजने का संकल्प लें। बैठक में अभियान की रूपरेखा, कार्य विभाजन और जनसहयोग की नीति पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में स्पीकर राजेश चतुर्वेदी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, चेंबर अध्यक्ष सतीश सूखेजा, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सौभाग्य केशरी, अरविंद तिवारी, दीपेंद्र नाथ त्रिपाठी, मुरारी सोनी, बालकृष्ण शुक्ला, तिलक राज सोनी, मनीषा सिंह, जानवी त्रिपाठी, सुनील यादव, विक्रम सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

# सही जानकारियों के साथ रिटर्न फाइल करें

### ● आयकर कार्यशाला में अधिकारियों ने दी जानकारी

**सतना, देशबन्धु।** विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं आयकर विभाग के संयुक्त तत्वाधान मे आज शुक्रवार को चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा की अध्यक्षता मे आयकर को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। महामंत्री संदीप जैन ने बताया कि सेमिनार में विषय विशेषज्ञ मुख्य वक्ता डॉ. सुधाकर एम शिंदे डायरेक्टर ऑफ इनकम टैक्स भोपाल एवं दीपा सिक्का इनकम टैक्स आफिसर जबलपुर ने बताया कि एसएफटी फाइलिंग एवं उसमे पाई जाने वाली त्रुटियों का निराकरण एवं त्रुटिरहित डीक्यूआर फाइलिंग कैसे किया जाए। वहीं ई-



वेरिफिकेशन 2021 के सन्दर्भ में विस्तार से समझाया गया। साथ ही अन्य संबंधित विषयों पर बताया कि जो भी आय-व्यय कर रहे है उन सभी की जानकारी आयकर विभाग के पास होती है। इसलिए सभी लोग रिटर्न सही जानकारियों के साथ फाईल करें। जिस पर उपस्थित व्यवसाई संतुष्ट हुए। सेमिनार में मनोहर वाधवानी, दीपक अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, हिमांशु सिंह अरोरा, चितेश ठक्कर, अमित कुमार भावनानी, अनिल कुमार मोटवानी, छवि त्रिपाठी, संदीप कुमार गुप्ता, चन्द्रभान दासानी, रोहित अग्रवाल, संदीप चमड़िया, केशव माखीजा, प्रवीण कुमार मित्तल, संजय वाधवानी, विराग जैन, संजय नेमा, रोहित गर्ग सहित अन्य व्यापारी व आयकर विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहें।

## लड़की को भगाकर दुष्कृत्य करने वाला आरोपी गिरफ्तार, गया जेल


**सतना, देशबन्धु।** रामपुर बाघेलान थाना पुलिस प्रलोभन देकर लड़की को भगाकर ले जाने के बाद उसके साथ दुष्कृत्य करने वाले आरोपी बादशाह केवट पिता रामनरेश केवट उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम जेष्ठहा टोला मर्यादपुर थाना रामनगर जिला मैहर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी 31 मार्च को थाना आकर रिपोर्ट किया कि उसकी पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर कहीं ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना रामपुर बाघेलान में अपराध क्र. 205/2025 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर अपहरणकर्ता अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी थाना रामपुर बाघेलान संदीप चतुर्वेदी द्वारा सायवर सेल एवं थाना पुलिस टीम गठित कर पतासाजी की गई और आरोपी बादशाह केवट को 9 जुलाई को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। जिसके बाद कथन के आधार पर पंजीबद्ध उपरोक्त अपराध में धारा 87,64(द्व) बीएनएस,5 एल 6 पाक्सो एक्ट का इजाफा कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सहित उपनिरी. प्रीती कुशवाहा, सउनि राजेन्द्र तिवारी, प्र.आर. दिलीप सिंह, विपिन शर्मा, जय सिंह, आर. विकास सिंह, मनोज आदि की सराहनीय भूमिका रही है।

## 90 प्रतिशत से कम होने पर होगी कार्यवाही

**सतना, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी ने हाईस्कूल और हायर सेकेंडी के संकुल प्राचार्यो को निर्देशित किया है कि अपने संकुल अंतर्गत समस्त शासकीय, अशासकीय स्कूलों का शत-प्रतिशत नामांकन 14 जुलाई के पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। यदि इस अवधि तक जिन संकुलों का नामांकन, मैपिंग का कार्य पूर्ण नहीं होगा तो संबंधित संकुल प्राचार्यो का आगामी माह का वेतन रोका जाएगा।

## निरंतर बैठके होने से सब हल हो जाएगाः कलेक्टर

**सतना, देशबन्धु।** जिला पंचायत में जिपं उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह व आंशिक समितियों के अध्यक्षों/ सदस्यों के बीच कलेक्टर डॉ. सतीशकुमार एस एवं सीईओ जिपं संजना जैन की उपस्थिति में समन्वय बैठक हुई। इस बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के जवाब, सवाल किए गए जिसमें कलेक्टर द्वारा बखूबी जबाव देते हुए सदस्यों को संतुष्ट किया। सदस्यों से आगामी होने वाले प्रमुख बैठकों सामान्य प्रशासन /सामान्य सभा के बैठकों के साथ - साथ स्थाई समितियों की समयानुसार बैठक रखने व सहयोग प्रदान करने के लिए अनौपचारिक रूप से अपेक्षा की गई। तो स्थाई समितियों के अध्यक्ष /सदस्यों ने उत्सुकता जताई



और कहा कि आपका अच्छा सुझाव है, पर प्रमुख बैठकों में एजेंडा ज्यादा रहते है जिससे समय अभाव रहता है उसमें कलेक्टर ने सुझाव दिए कि कुछ प्रमुख सीमित एजेंडा भी हो सकता है। जिसमें आसानी से चर्चा सदन में की जा सकती है और निरंतर बैठके होने से सब हल हो जाएगा, इसमें समय भी बचेगा और सभी पदाधिकारी भी उपस्थित रहते है।

## लाड़ली बहनों के खातों में आज आएगी किश्त

सतना, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शनिवार 12 जुलाई को ग्राम पंचायत नलवा जिला उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और गैस सिलेंडर उज्जवला योजना के हितग्राहियों के खातों में जुलाई माह की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत एक करोड़ 27 लाख बहनों को 1503 करोड़ 14 लाख की 26वीं किश्त उनके खातों में अंतरित करेंगे।

# वर्षायोग करने आर्यिका मां का हुआ आगमन

**सतना, देशबन्धु।** आचार्य गुरुवर समय सागर महामुनिराज के आशीर्वाद से गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आर्यिका मां अकंपमति माता ससंघ की पावन वर्षायोग करने के लिए नगर में भव्य अगवानी हुई। माता संघ की अगवानी के लिए सकल दिगंबर जैन समाज के सभी पुरुष वर्ग सफेद कुर्ता-पजामा एवं महिलाएं पीली साड़ी में शामिल हुई। वंदनीय माता की अगवानी में सर्वधर्म समाज के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। सर्किट हाउस चौराहे से बड़े ही धूमधाम से ढोल-नगाड़ों के साथ जयकारा लगाते हुए सभी श्रावक जन भव्य शोभायात्रा के साथ वंदनीय माता को नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर तक लेकर आए। वंदनीय माता की अगवानी में नगर में 31 तोरणद्वार बनाए गए एवं प्रत्येक श्रावक ने अपने घर के बाहर रंगोली सजाई। माता की आरती उतारी, पाद प्रक्षालन किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर पहुंचकर वंदनीय माता ने सर्वप्रथम अतिशयकारी भगवान



शांतिनाथ एवं जिनालय मूलनायक नेमिनाथ भगवान के दर्शन किए। उसके बाद सकल दिगंबर जैन समाज ने वंदनीय आर्यिका माता के श्री चरणों में श्रीफल चढ़ाकर सतना में वर्षा योग करने का निवेदन किया। वंदनीय माता ने सहजता से सभी को आशीर्वाद के साथ वर्षा योग नेमीश्वर ज्योतिर्मय विद्या तीर्थ सतना में करने की स्वीकृति प्रदान की। तत्पश्चात वंदनीय माता ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नेमीश्वर ज्योतिर्मय विद्या तीर्थ पर होने वाला यह चातुर्मास धार्मिक क्षेत्र में नया इतिहास रचेगा। अंत में मां जिनवाणी की स्तुति के साथ धर्मसभा का समापन हुआ।


SECTION - I
Notice Inviting E-Tender
GOVERNMENT OF MADHYA PRDESH
OFFICE OF UMARIA, M.P.

NIT. No. 1528/e-tendering/2025-26 Dated 10/07/2025

1. The Divisional Forest Officer Umaria Division, invites the following e-tender under the rules of M.P. Store Purchase Rules and Services Procurement Rules, 2015 (As Amended -2022

| S.No. /Pkg/ Code | Name of Work | District(s) | Probable Amount of Contract (Rs.inlakh) | EMD | Tender fee |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Providing, Supplying and Installation of Solar and related equipment | Umaria | 11.50 | 35000 | 1000 |

- All details relating to the Bid Document(s) can be viewed and downloaded free of cost on the e-procurement portal.
- Interested bidders can purchase the bid document only online on e-procurement portal from date 14/7/2025... 10.00 AM Hrs to date 21/7/2025. 16.00 Hrs, - after marking online payment of portal fees through Credit/Debit/Cash card/Internet Banking.
- Bidding process dates mentioned as critical dates on e-procurement portal will be applicable.
- Corrigendum / Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.
- e-procurement portal:
 https://www.mptenders.gov.in

Sd/-
Divisional Forest Officer
Umaria Division

G-15453/25

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।


## सांभर के शिकारी भेजे गये जेल

**सतना, देशबन्धु।** तीन माह से सांभर का शिकार कर फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मैहर न्यायालय में पेंश किया गया। जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मदन



पारधी, आंखे पारधी, कांटे पारधी द्वारा सांभर का शिकार किया गया था। जिसके चलते उन पर 22 अप्रैल 2025 को वन अपराध क्रमांक 959/7 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। शुक्रवार फरार चल रहे आरोपियो को पकड़ने की कार्यवाही की गई। बताया गया है कि यह कार्यवाही उप वन मंडल अधिकारी मैहर के निर्देशन में कार्यवाही की गई। इस कार्यएवं वन परिक्षेत्राधिकारी मैहर, परिक्षेत्र सहायक मदन शिवकुमार वर्मा, ब्यास कुमार पाण्डेय वनपाल, कृष्णचंन्द्र मिश्रा, अखिलेश अहिरवार, शुनील कुमार पाण्डेय, बालमीक कोल, माधुरी चतुर्वेदी, अजय अग्रवाल आदि का योगदान रहा।


कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग सतना (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 13/2025-26 सतना, दिनांक 07.07.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर ई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्यपूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8 |
| 1. | 2025_PWDRB_432984_1 | उपसंभाग सतना के अंतर्गत खरमसेड़ा किरहाई मार्ग के कि.मी. 2/10 एवं 7/8 में ह्यूम पाइप कलवर्ट का विशेष मरम्मत कार्य। | तृतीय | 01 माह | 423323.00 | 8500.00 | 2000.00 |
| 2. | 2025_PWDRB_435326_1 | उपसंभाग अमरपाटन के अंतर्गत 1. गुलवार गुजारा आन्तरिक मार्ग लम्बाई 9.08 कि.मी. 2. न्यू देवराजनगर आंतरिक मार्ग लम्बाई 6.00 कि.मी. 3. न्यू रामनगर आंतरिक मार्ग लम्बाई 10.90 कि.मी. 4. न्यू रामनगर तुर्री पार मार्ग लम्बाई 2.94 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य। | द्वितीय | 03 माह वर्षाकाल रहित | 23122162.00 | 231300.00 | 15000.00 |
| | | योग- | | | 23545485.00 | | |

उपरोक्त वेबसाइट में ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनॅलाइन बिड सबमीशन की अंतिम दिनांक 25.07.2025 सायं 06.00 बजे तक निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी.. एनएक्सर एच.. शपथपत्र, बिड की रसीद, एवं अन्य दस्तावेज केवल आनॅलाइन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सतना (म.प्र.)

G-15410/25

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता


# नागरिक सुविधाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

### ● महापौर ने ली बिजली अफसरों की क्लास

**सतना, देशबन्धु।** महापौर योगेश ताम्रकार की अध्यक्षता में बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में महापौर ने अधिकारियों से वर्तमान विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और विभिन्न इलाकों में हो रही बिजली कटौती, वोल्टेज में उतार-चढ़ाव और पुराने ट्रांसफॉर्मरों की स्थिति जानने के साथ ही निर्देशित किया कि वे जल्द से जल्द आवश्यक मरम्मत और रखरखाव के कार्य करें, ताकि बरसात के मौसम में भी बिजली



आपूर्ति बाधित न हो। साथ ही महापौर ने नगरीय क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या और नए निर्माण कार्यो को ध्यान में रखते हुए भविष्य की विद्युत आवश्यकताओं का भी आकलन करने बिजली अफसरों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नगर पालिक निगम नागरिकों की सुविधाओं के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अंत में महापौर ने अधिकारियों को समयबद्ध योजना बनाकर कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि नगरवासियों को बेहतर और स्थायी विद्युत सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर में सुचारु और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## अनुपस्थित बीएलओ के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश

**सतना, देशबन्धु।** सतना एवं मैहर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत बीएलओ का प्रशिक्षण 17 जुलाई तक पूरा किया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी एसडीओ राजस्व एवं रिटर्निंग आफीसर को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जबाव प्राप्त किया जाए। जवाब समाधान कारक न पाए जाने पर संबंधित बीएलओ का अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।


कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय रीवा खंड रीवा (म.प्र.)

निविदा सूचना क्र. 07/25-26/ब.ले.लि./का.यं. / लो. स्वा.यॉ./25, रीवा, दिनांक 03.07.2025

ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना

(1) निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा ऑन लाइन टेण्डर प्रक्रिया के तहत आमंत्रित की जाती है।
ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 07.07.2025 डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/टेण्डर फार्म क्रय प्रारम्भ तिथि 07.07.2025 टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि 21.07.2025 बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक 07.07.2025 एवं बिड सबमिशन का अंतिम तिथि 21.07.2025 को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' & Financial bid Open का दिनांक 23.07.2025 को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है।
(2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।
(3) निविदाएँ, निर्धारित तिथि दिनांक 23.07.2025 को खोली जायेंगी।
(4) कार्य का विवरण -
रीवा जिले के विकासखण्ड रायपुर के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ट्यूबवेल पर आधारित रेट्रोफिटेड पाइप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, सबमर्सिबल मोटर पंप की स्थापना, 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य सामग्री एवं लेबर सहित।

| ई- टेण्डर नं. | योजना का नाम | विकास | कार्य की अनु. लागत (रू. लाख में) | प्रतिभूति राशि रू. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2025_PHED_434665_1 | इटार, बड़ागाँव सिलचंद टोला, लोही, हरदुआ, नर्रहा, सेमरीकला, धवैया-291, पलिया-350, महुली, महगना, पलिया-349 कोलईया, कसई, जलदर, बंधवा | रायपुर | 230.47 | 230470.00 | 15000.00 | 6 माह (वर्षा ऋतु सहित) |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रीवा (म.प्र.)

G-15455/25

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के हितग्राहियों को हितलाभ का हुआ वितरण

## उप मुख्यमंत्री ने ईडब्ल्यूएस आवास के हितग्राहियों को सौंपे स्वीकृति पत्र

### प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिये पक्के आवास देने का वरदान हैः उप मुख्यमंत्री





**रीवा देशबन्धु।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत हितग्राहियों को प्रथम किश्त वितरण का कार्यक्रम नगर निगम के टाउन हाल में आयोजित किया गया। हितग्राहियों को ऋण राशि वितरण करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिये पक्के आवास देने का वरदान है। इसके माध्यम से देश में 4 करोड़ पक्के आवास लोगों को मिल चुके हैं आने वाले समय में 3 करोड़ मकान गरीबों को दिये जायेंगे।

उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर के आवास योजना के 224 हितग्राहियों को आवास की एक लाख रूपये की प्रथम किश्त की स्वीकृति पत्र सौंपे। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत प्रदेश के 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को 1626 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर से हितग्राहियों को राशि का वितरण किया। कार्यक्रम का संजीव प्रसारण नगर निगम टाउन हाल में आयोजित कार्यक्रम में दिखाया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना से रीवा में एएसपी के तहत 1736 आवास तैयार किये जा चुके हैं। इसी प्रकार पूर्व में 4198 आवास पूर्ण हो गये हैं तथा 224 हितग्राहियों को प्रथम किश्त के तौर पर एक लाख रूपये की राशि प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि कोई भी गरीब बच्चे आवास में न रहे। उनकी संकल्पना को मूर्तरूप देने के उद्देश्य से प्रदेश व जिले में भी गरीबों को पक्के आवास प्रदान किये जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों, युवाओं, किसानों व महिलाओं के कल्याण के लिये कृत संकल्पित है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि देश व प्रदेश में प्रधानमंत्री जी की मंशानुरूप पक्के गरीबों के हित में कल्याणकारी योजनाओं के संचालन के लिये मुख्यमंत्री जी को साधुवाद दिया। अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि रीवा शहर में गरीबों को पक्के आवास दिलाये जा रहे हैं। जो व्यक्ति छूट गये हैं उन्हें भी आवास दिये जा रहे हैं। कार्यक्रम में पार्षद दीनानाथ वर्मा सहित अन्य पार्षदगण, अधिकारी, कर्मचारी तथा हितग्राही उपस्थित रहे।

### हिनौती गौधाम को आदर्श गौ अभ्यारण्य बनाया जाएगा : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में हिनौती गौधाम के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिनौती गौधाम को आदर्श गौ अभ्यारण्य बनाया जाएगा। इसमें 25 हजार से अधिक गौवंश को आश्रय मिलेगा। इसके बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य पूरा कराकर गौवंश को सुरक्षित करें। इसके परिसर में उपयुक्त स्थलों पर वृक्षारोपण भी कराएं। गौशाला के स्वागत द्वार और सड़क का निर्माण शीघ्र पूरा कराएं। गौशाला में रह रहे निराश्रित गौवंश के भोजन, पानी तथा उपचार की समुचित व्यवस्था करें। गौशाला के विकास के लिए मिलकर प्रयास करें। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, विकास तिवारी आदि शामिल रहें।

## रीवा एसपी और एडीएम ने दुर्घटना संभावित स्थलों का किया निरीक्षण



**रीवा देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारी द्वारा मौके पर निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह तथा एडीएम श्रीमती सपना त्रिपाठी ने रेलवे ओवर ब्रिज गोड़हर से अगडाल तक सड़क दुर्घटना के संभावित स्थलों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बायपास जंक्शन, चन्द्रलोक होटल के पास, निर्मल सिटी मोड़, एयरपोर्ट मोड़ तथा अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बायपास जंक्शन में सड़क का सुधार तत्काल कराएं। इसमें प्रयागराज मार्ग से आने वाले वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए स्पीड ब्रेकर तत्काल लगा दें। वाहनों के शहर की ओर मुड़ते समय सामने से तेज गाति से वाहन आने पर दुर्घटनाएं होती हैं। बायपास मार्ग और चोरहटा से रतहरा मार्ग में शहर के बाहरी क्षेत्र में जहाँ मुख्य सड़क पर कालोनियाँ के गेट हैं वहाँ भी स्पीड ब्रेकर बनाना आवश्यक है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को सचेत करने के साथ-साथ सुरक्षा के सभी उपाय करें। निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीओपी, प्रभारी यातायात, तहसीलदार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

### उप मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल में नव निर्मित ओपीडी भवन का किया निरीक्षण



**रीवा देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कुशाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल रीवा में नवनिर्मित नवीन ओपीडी भवन का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन भवन के लोकार्पण की सभी तैयारियाँ कर लें। इसमें आवश्यक उपकरण तथा फर्नीचर लगा दें। इसके विभिन्न कक्षों को निर्धारित विभागों को कार्य करने के लिए आवंटित कर दें। नवीन ओपीडी भवन से जिला अस्पताल में आने वाले रोगियों को उपचार की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुसार जिला चिकित्सालय में नवीन भवन के साथ 300 बिस्तर में भर्ती की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। मौके पर उपस्थित कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह ने नवीन भवन के निर्माण के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, सिविल सर्जन डॉ प्रतिभा मिश्रा, अन्य चिकित्सा अधिकारी, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### महान गायक किशोर कुमार की याद में गीतो की महफिल 04 अगस्त को

**रीवा देशबन्धु।** महान गायक किशोर कुमार के 97वीं वर्षगांठ पर सुरीली श्रद्धांजली अर्पित करने आगामी 04 अगस्त को स्थानीय मनोकामना मैरिज गार्डेन ढेकहा में शिवक्रियेशन इवेंट एण्ड मैनेजमेंट कम्पनी एवं हिन्दू धर्म परिषद के संयुक्त तत्वाधान में गीतो की महफिल सजाई जा रही है जिसमें नगर के समस्त गायक कलाकार किशोर जी के यादगार गांनो की प्रस्तुति देगे। कार्यक्रम संयोजक शिव कुशवाहा के मार्गदर्शन में समूचे कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जा रही है जिसमें किशोर कुमार को पसंद करने वाले गायक कलाकारो एवं गणमान्य नागरिको को आमंत्रित किया जा रहा है।

### एजी कालेज मे हुआ बृहद वृक्षारोपण



**रीवा देशबन्धु।** कृषि महाविद्यालय रीवा में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अन्तर्गत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, कृषि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय खरे, क्षेत्रीय प्रबंधक, यूबीआई, जगमोहन, एलडीएम, यूबीआई, विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डा़ एसके त्रिपाठी अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय रीवा ने की कृषि महाविद्यालय रीवा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा के प्राध्यापक वैज्ञानिक कर्मचारी के साथ यूजी, पीजी के छात्र छात्राओं एवं रीवा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा उपलब्ध कराए गए पौधों के सहयोग से कृषि महाविद्यालय कैम्पस में किया गया।

## जरूरी है जनसंख्या और संसाधन में संतुलन, जीडीसी में जनसंख्या दिवस पर वैचारिक संगोष्ठी आयोजित



**रीवा देशबन्धु।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा में फ्लैगषिप योजना ' कदम ' के अन्तर्गत लायन्स क्लब के साथ संयोजक अर्थषास्त्र विभाग एवं समाजषास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विष्व जनसंख्या दिवस क अवसर पर वैचारिक संगोश्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य मेजर डॉ विभा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में लायंस क्लब रीवा के वरिश्ठ लायन थापर जी, अध्यक्ष गुलषन चड्ढा, श्रीमती आरती गुप्ता, वरिश्ठ लायन अतुल जैन, वालेन्तिना जैन, राजेष गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक अर्थषास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ गीता सिंह एवं समाजषास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रचना श्रीवासतव ने अपने विचार व्यक्त किये।आयोजित संगोश्ठी के समापन पर प्राचार्य डॉ विभा श्रीवास्तव ने जनसंख्या नियंत्रण के लिये षपथ ग्रहण कराया। इस अवसर पर वरिश्ठ लॉयन थापरजी एवं गुलषन चडढा को महाविद्यालय की ओर से षॉल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। लायन्स अध्यक्ष गुलषन चड्ढा ने विशय प्रवर्तन कर संस्था के समबन्ध में बताया। वरिश्ठ लायन अतुल जैन ने हर घर परिवार में दरकते जा रहे रिष्तो को सहेजने की बात करते हुए बताया कि किस प्रकार पहले षिक्षक और अभिभावक बच्चों को दण्ड भी दिया करते थे लेकिन अब तो बच्चो को डांटना भी एक अपराध मान लिया जाता है। संगोश्ठी में स्वागत उद्बोधन प्राचार्य विभा श्रीवास्तव ने दिया जबकि कार्यक्रम का संचालन अर्थषास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रषान्त चौरसिया ने तथा आभार प्रदर्षन समाजषास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ मनीशा द्विवेदी ने किया।

## राजस्व अधिकारी रेलवे परियोजना के निर्माण कार्यों की बाधाओं का समाधान करेंः कमिश्नर



**रीवा देशबन्धु।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन में सतना, रीवा, सीधी और सिंगरौली में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में भू अर्जन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। न्यायालयीन प्रकरण अथवा अन्य कारणों से जो प्रकरण शेष हैं उनका भी निराकरण तेजी से करें। सभी कलेक्टर भू अर्जन प्रकरणों के निराकरण की हर सप्ताह समीक्षा करें। शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए भू अर्जन की कार्यवाही पूरी करें। भू अर्जन करते समय विस्थापित परिवारों के हितों का भी पूरा ध्यान रखें। निर्माण कार्यों के लिए जमीन प्राप्त होने के बाद रेलवे तत्काल उस पर निर्माण कार्य शुरू करे। निर्माण कार्य में देरी होने से कई तरह की कठिनाईयाँ उत्पन्न हो जाती हैं। रीवा से बघवार तक रेलवे लाइन बिछाने का कार्य पूरा हो गया है। सीधी जिले में शेष क्षेत्र में लाइन बिछाने का कार्य तेजी से करें। कमिश्नर ने कहा कि मुआवजा वितरण के बाद भी यदि निर्माण कार्यों में कोई बाधा डालता है तो राजस्व अधिकारी मौके पर जाकर उसका निराकरण करें। रेलवे के अधिकारी तथा राजस्व अधिकारी समन्वय के साथ परियोजना के निर्माण कार्यों को पूरा कराएं। सीधी जिले के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि जो प्रकरण न्यायालय में दर्ज हैं उन्हें लोक अदालत के माध्यम से निराकृत करने का प्रयास करें। भू अर्जन से प्रभावितों से सतत संपर्क करके लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। राजस्व अधिकारियों ने भू अर्जन में बहुत अच्छा कार्य किया है।

## श्रद्धा आस्था व कृतज्ञता व्यक्त करने का महापर्व गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया

**रीवा देशबन्धु।** संतश्री आषाराम बापू अहमदाबाद द्वारा संचालित श्री योग वेदान्त सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाष आहूजा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गुरू पूर्णिमा पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ दिनांक 10 जुलाई 2025, गुरूवार को सुबह 9 बजे सत्संग भवन, सिंधी धर्मषाला षास्त्री नगर, अमहिया से संतजी ने वीडियों सत्संग में बताया यह दिवस विष्व भर के साधकों द्वारा विष्व सेवा सत्संग दिवस के रूप में गुरू पूर्णिमा का पर्व के लिए सेवाकार्य निश्काम कर्म करो, सत्संग सुनो, सुनाओं, सात्विक कर्म, सेवा कार्य करती है। आरती, भजन के बाद सिंधी धर्मषाला षास्त्री नगर, अमहिया से सुबह 11 बजे से विभिन्न मार्गो से होते हुये षास्त्री नगर सिंधी धर्मषाला में सम्पन्न हुई। दिनांक 10 जुलाई 2025, गुरूवार को गुरू पूर्णिमा पर्व पर दोपहर 1 बजे से हेमू कालाणी चौक में भक्तजनों को विषाल महाप्रसाद का वितरण बारिष के साथ ही देर षाम तक प्रसाद 5000 भक्तजनों इसका लाभ लिया। साथ पुलिस प्रषासन का विषेश सहयोग रहा।

इस कार्य क्रम साधक भाईयों का सहयोग बंषीधर वाधवानी, भजन लाल सचदेव, कैलाष आहूजा, आर. पी. भारद्वाज, अभिमन्यु गुप्ता, महेष आहूजा संजय तेल भंडार, मधु षिवना नीदिषा लालवानी, महेष साहू, राकेष गुप्ता, गणेष प्रसाद दुबे, सुधा वर्मा, प्रभा दुबे, रजनीष कुष वाहा, गीता कुषवाहा, पूजा कुषवाहा पुश्कर वर्मा, महेष वर्मा, रंजीत ठारवानी (नानू भाई) छपपन भोग वाले, जगत भाई, महेष साहू आदि साधक भाई उपस्थित रहे। अन्त में समिति के अध्यक्ष कैलाष आहूजा ने सभी साधक भाईयों को साधूवाद दिया।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को

**रीवा।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को किया जाएगा। नालसा के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकरण के लिए रखे जाएंगे। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किया जाएगा।






## कलेक्ट्रेट गेट में बीजेपी का होर्डिंग लगाने किसने दी अनुमतिः सपा



**रीवा देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट रीवा के मुख्य द्वार पर विगत कई दिनों से भारतीय जनता पार्टी की होर्डिंग दोनों गेटों पर लगी हुई है जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को बधाई प्रेषित किया जाना लेख किया गया है तथा निवेदक की जगह भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश लेख है तथा होर्डिंग में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के साथ बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रधानमंत्री तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की तस्वीरें हैं जिसको लेकर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल प्रदेश सचिव जगदीश यादव एवं संतकुमार पटेल तथा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव एड अशोक यादव युवजन सभा के सचिव राकेश यादव लोहिया वाहिनी महासचिव रामचंद्र यादव शहर अध्यक्ष नागेंद्र सिंह गहरवार लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष रोहित पटेल सपा अनुसूचित जाति के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप बंसल जिला सचिव मयंक सिंह विधानसभा प्रभारी रीवा शिवनाथ यादव सेमरिया विधानसभा प्रभारी मोहम्मद तौहीद अल्पसंख्यक मोर्चे के अनीश खान एड आदि ने कहा कि शासकीय कार्यालयों में किसी भी राजनीतिक दल व संगठनों के बैनर पोस्टर होर्डिंग लगाया जाना अवैधानिक है जिला प्रशासन स्पष्ट करें किसके आदेश व अनुमति से इस तरह से जिले के प्रमुख शासकीय कार्यालय गेट में राजनीतिक दल की होर्डिंग लगाई गई है समाजवादी पार्टी यह भी मांग करती है कि जिस भी अधिकारी की अनुमति से होर्डिंग लगाई गई है उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए तथा तत्काल कलेक्ट्रेट गेट से भारतीय जनता पार्टी की होर्डिंग हटाई जाए उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी जय सिंह पटेल ने दी है।

### CHANGE OF NAME

I Charu Pandey D/o Pankaj Pandey and W/o Purnendra Kumar Dubey R/o Plot No.- 419, Sector No-04, Singrauli, Navjivan Vihar, Singrauli, PO- Vindhyanagar, Dist- Singrauli, Madhya Pradesh - 486885, have changed my name to Charu Dubey

कृति

# अभिमत

शहरों व कस्बों की नदियों के आसपास अतिक्रमण हो रहा है, उस पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। जब से जमीनों के दाम बढ़े हैं तब से यह सिलसिला बढ़ रहा है। इसी प्रकार वेटलैंड ( जलभूमि) की जमीन पर भी कम हो गई है। इससे पर्यावरणीय और जैव विविधता को खतरा उत्पन्न हो गया है। पक्षी व जल जीवों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। शहरों में तो यह समस्या बड़ी है। पानी निकलने का रास्ता ही नहीं है।

## बाढ़ क्यों स्थायी समस्या बन गई है?

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

इन दिनों लगातार बारिश हो रही है। नदी-नाले, ताल—तलैया सभी उफान पर हैं। चारों तरफ पानी ही पानी है। नदियों में बाढ़ से नुकसान की खबरें आ रही हैं। लेकिन यह हर साल की समस्या है, बाढ़ अब मौसमी नहीं, स्थायी समस्या बन गई है, बल्कि लगातार बढ़ रही है। हर साल वही कहानी दोहराई जाती है। आज इस कॉलम में इसी पर बात करना चाहूंगा, जिससे बाढ़ की समस्या को समझा जा सके।

नदियों में पहले भी बाढ़ आती थी। बारिश पूरे चार महीने होती थी। झड़ी लगी रहती थी। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल होता था। अब बारिश के दिन कम हो गए हैं। कुछ ही समय में बारिश ज्यादा हो जाती है। पहले जब बाढ़ आती थी, तब वह इतने व्यापक पर कहर नहीं ढाती थी। इसके लिए गांव वाले तैयार रहते थे। बल्कि इसका उन्हें इंतजार रहता था।

खेतों को बाढ़ के साथ आई नई मिट्टी लाती थी, भरपूर पानी लाती थी जिससे प्यासे खेत तर हो जाते थे। पीने के लिए पानी मिल जाता था, भूजल ऊपर आ जाता था, नदी नाले, ताल-तलैया भर जाते थे। समृद्धि आती थी। बाढ़ आती थी, मेहमान की तरह जल्दी ही चली जाती थी।

लेकिन अब वनों की और पेड़ों की कटाई हो गई है। भूक्षरण ज्यादा हो रहा है। पानी को स्पंज की तरह अपने में समोने वाले जंगल कम हो गए हैं। जंगलों के कटान के बाद झाड़ियां और चारे जलावन के लिए काट ली जाती हैं। जंगल और पेड़ बारिश के पानी को रोकते हैं। वह पानी को बहुत देर तो नहीं थाम सकते लेकिन पानी के वेग को कम करते हैं। स्पीड ब्रेकर का काम करते हैं। लेकिन पेड़ नहीं रहेंगे तो बहुत गति से पानी नदियों में आएगा और बरबादी करेगा। और यही हो रहा है।

पहले नदियों के आसपास पड़ती जमीन होती थी, नदी-नाले होते थे, लम्बे-लम्बे चारागाह होते थे, उनमें पानी थम जाता था। नदियों के अतिरिक्त पानी की ठेल ऐसी जगह होती थी। बड़ी नदियों का ज्यादा पानी छोटे-नदी नालों में भर जाता था। लेकिन अब उस जगह पर भी या तो खेती होने लगी है या वह जगह किसी अन्य गतिविधियों के लिए काम आती है।

पहले नदियों के आसपास पड़ती जमीन होती थी, नदी-नाले होते थे, लम्बे-लम्बे चारागाह होते थे, उनमें पानी थम जाता था। नदियों के अतिरिक्त पानी की ठेल ऐसी जगह होती थी। बड़ी नदियों का ज्यादा पानी छोटे- नदी नालों में भर जाता था। लेकिन अब उस जगह पर भी या तो खेती होने लगी है या वह जगह किसी अन्य गतिविधियों के लिए काम आती है।

बढ़ता शहरीकरण और कांक्रीट से कांक्रीट निर्माण भी इस समस्या को बढ़ा रहे हैं। बहुमंजिला इमारतें, सड़कों राजमार्गों का जाल बन गया है। नदियों का प्राकृतिक प्रवाह अवरूद्ध हो गए हैं। जहां पानी निकलने का रास्ता नहीं रहता है, वहां दलदलीकरण की समस्या हो जाती है। इससे न केवल फसलों को नुकसान होता है बल्कि कई बीमारियां भी फैलती हैं। जो तटबंध बने हैं, वे टूट-फूट जाते हैं जिससे लोगों को बाढ़ से बाहर निकलने का समय भी नहीं मिलता। इससे जान-माल की हानि होती रहती है।

शहरों व कस्बों की नदियों के आसपास अतिक्रमण हो रहा है, उस पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। जब से जमीनों के दाम बढ़े हैं तब से यह सिलसिला बढ़ रहा है। इसी प्रकार वेटलैंड ( जलभूमि) की जमीन पर भी कम हो गई है। इससे पर्यावरणीय और जैव विविधता को खतरा उत्पन्न हो गया है। पक्षी व जल जीवों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है।

शहरों में तो यह समस्या बड़ी है। पानी निकलने का रास्ता ही नहीं है। सब जगह पक्के कांक्रीट के मकान और सड़कें हैं। जैसे कुछ बरस पहले मुंबई की बाढ़ का किस्सा सामने आया था। वहां की नदी ही गायब हो गई, और जब पानी आया तो शहर जलमग्न हो गया। ऐसी हालत ज्यादातर शहरों की हो जाती है। शहरों की नदियां या तो गटर में तब्दील हो गई हैं, या फिर गायब ही हो गई हैं। शहर अपनी सारी गंदगी इन्हीं नदियों में डाल देता है।

लेकिन बाढ़ के कारण और भी हैं। जैसे नदियों में रेत कम होना। रेत भी पानी को स्पंज की तरह सोखकर रखती है। अगर रेत ही नहीं रहेगी तो पानी कहां रहेगा। इसके अलावा नदियों के किनारे तट लंबे-चौड़े होते थे, जिससे पानी फैल जाता था। उसके आसपास नालों में पानी चला जाता था, जिससे पानी का वेग कम हो जाता था। पानी को ठहरने की जगह मिल जाती थी और नदियों का प्रवाह कम होने से बाढ़ से नुकसान भी कम होता था।

कई बांध व बड़े जलाशयों में नदियों को मोड़ दिया जाता है, उससे नदी ही मर जाती हैं। नदियां बांध दी जाती हैं। निचले हिस्से में लोग समझते हैं, नदी ही नहीं तो वे उसकी जमीन पर खेती करने लगते हैं या कोई और उपयोग, तो जब बारिश ज्यादा होती है तो पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिलता। इससे बाढ़ से बरबादी होती है।

इसके अलावा, कई बार बांधों से पानी छोड़ने के कारण भी बाढ़ की समस्या बढ़ जाती है। क्योंकि एकदम से पानी छोड़ने से नदियां उफान पर आ जाती हैं, और बाढ़ आ जाती है। जिन बांधों को कभी बाढ़ नियंत्रण का समाधान बताया जाता था, अब उनके कारण ही कई बार बाढ़ आ जाती है। ऐसी खबरें भी आती रहती हैं।

मौसम बदलाव भी एक कारण है। पहले सावन भादो के महीने में लम्बे समय तक झड़ी लगी रहती थी। कभी-कभी हफ्ते भर बारिश होती थी। सूर्य के दर्शन भी नहीं होते थे। लोग घरों से निकल नहीं पाते थे। घरों में ही रहकर रस्सी बनाने जैसे छोटे-मोटे काम करते थे।

इस तरह, लगातार बारिश का पानी फसलों के लिए और भूजल पुर्नभरण के लिए बहुत उपयोगी होता था। फसलें भी अच्छी होती थी और धरती का पेट भी भरता था। पर अब अब बड़ी-बड़ी बूंदों वाला पानी बरसता है, जिससे कुछ ही समय में बाढ़ आ जाती है। वर्षा के दिन भी कम हो गए हैं।

पहाड़ी नदियों में बाढ़ थोड़ी ही बारिश से आ जाती है। क्योंकि ऊपर पहाड़ यानी चट्टानें होती हैं, जिनमें पानी सरपट दौड़ता है। उसे रूकने व ठहरने का कोई स्थान नहीं मिलता। इससे कई बार जो मछुआरे समुदाय तरबूज-खरबूज की खेती करते हैं। उनकी वह फसल पानी में बह जाती है। इससे उन्हें बहुत नुकसान होता है।

मछुआरों का यह नुकसान इसलिए भी बड़ा होता है, क्योंकि यह मछुआरे समुदाय ज्यादातर भूमिहीन होते हैं, और इस फसल पर उनकी निर्भरता ज्यादा होती है। अगर बाढ़ में यह फसल बह जाती है, तो उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

कुल मिलाकर, पानी के परंपरागत ढांचों की भी भारी उपेक्षा हुई है। ताल, तलैया, तालाब, कुएं खेतों में मेड़ बंधान आदि से भी पानी रूकता है। लेकिन इन सबकी उपेक्षा हो रही है। आज कल इन पर ध्यान न देकर भूजल के इस्तेमाल पर जोर दिया जाता है। हमारी बरसों पुरानी परंपराओं में ही आज की बाढ़ जैसी समस्या के समाधान के सूत्र छिपे हैं। अगर ऐसे समन्वित विकल्पों पर काम किया जाए तो न केवल बाढ़ जैसी बड़ी समस्या से निजात पा सकते हैं। बल्कि पर्यावरण और जैव-विविधता और बारिश के पानी का संरक्षण कर सकेंगे। नदियों को भी बचा सकते हैं, और धरती का पुनर्भरण भी कर सकते हैं। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे?

## बीता सप्ताह

**5 जुलाई**

- उपसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में तीन दुश्मनों ने लड़ी जंग।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका खारिज की कि मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं है।
- सब लेफ्टिनेंट आस्था पुनिया बनी नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट।
- रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता दी।

**6 जुलाई**

- पर्यटन, कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में बढ़ेगी उप्र-जापान की साझेदारी।
- टेक्साल में बाढ़ से 13 लोगों की जान गई। 20 से अधिक बच्चे हुए लापता।
- राजनीति के इतिहास में 20 साल बाद साथ आए दोनों भाई उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे।
- भगोड़े हीरा व्यापारी पीएनबी बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी के भाई मेहल मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया।

**7 जुलाई**

- पीएम नरेंद्र मोदी चार दिवसीय यात्रा पर ब्राजील पहुंचे।
- एलन मस्क ने अमेरिका में अमेरिका पार्टी नाम से बनाया नया दल।
- पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा सरकारी बंगला अभी तक खाली नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र को नोटिस दिया।
- विश्व मुक्केबाजी कम युवा साक्षी ने भारत के लिए जीता स्वर्ण पदक।

**8 जुलाई**

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने जस्टिस वर्मा केस मामले में कहा कि जस्टिस यशवंत वर्मा पर नोटों बंडल निकलने को लेकर तुरंत एफआईआर की जरूरत है।
- पीएम मोदी ने ब्रिक्स समूह को नया आयाम देते हुए कहा कि ब्रिक्स देश घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे।
- छग में आईएएस यशवंत कुमार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाए गए।
- छग में कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार जल, जंगल, जमीन सब अडानी को सौंप रहीं है।

**9 जुलाई**

- इजरायल सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया।
- पीएम मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे।
- स्विटजरलैंड में बच्चों के लिए मलेरिया की नई दवा कोर्टेम बेबी को दी गई मंजूरी।
- 20 सालों में बच्चों पर सबसे बड़ा अध्ययन में पता चला कि अमेरिका में बच्चों की सेहत सबसे ज्यादा बिगड़ रही।

**10 जुलाई**

- पीएम नरेंद्र मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक का सम्मान 'आर्डर ऑफ द मोस्ट एन्शिएंट बेल्विशिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया गया।
- वायुसेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटना ग्रस्त हो गया। दोनों पायलट की मौत।
- इसरो ने गगनयान मिशन के इंजन का सफल हॉट टेस्ट किया।
- राहुल गांधी ने पटना में कहा कि सरकार बिहार में वोट चुराने की कोशिश कर रही है।

**11 जुलाई**

- बिहार में वोटर वेरिफिकेशन पर रोक से सुप्रीम कोर्ट ने किया इंकार। और ुझाव दिया कि आधार, राशन कार्ड को ाीी पहचान पत्र माना जाए।

## मज़दूरों की अखिल भारतीय हड़ताल की बड़ी सफलता एक चेतावनी

■ पी. सुधीर

9 जुलाई को ऐतिहासिक हड़ताल में करोड़ों मेहनतकश लोग सड़कों पर उतर आये। पहले से तय इस हड़ताल को पहलगाम में निर्दोष नागरिक पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण हमले के बाद लगभग डेढ़ महीने के लिए स्थगित करना पड़ा था। फिर भी, लोगों पर थोपी गयी मज़दूर-विरोधी नीतियों के खिलाफ़ प्रतिरोध की भावना अडिग रही।

मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्ष को तब और बल मिला जब सरकार ने तीन प्रमुख श्रम संहिताओं- औद्योगिक संबंध ( आईआर) संहिता; व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियां ( ओएसएच) संहिता; और सामाजिक सुरक्षा संहिता – को पारित किया। वेतन संहिता, 2019 के साथ, ये चार संहिताएं-44 मौजूदा श्रम कानूनों को समेकित और प्रतिस्थापित करती हैं। ये संहिताएं श्रमिकों के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं- वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल सुरक्षा एवं कल्याण- से संबंधित हैं। संक्षेप में, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा संचालित कॉर्पोरेट-सांप्रदायिक गठजोड़ के एजंडे को आगे बढ़ाने के लिए श्रमिक वर्ग के कठिन परिश्रम से प्राप्त अधिकारों को व्यवस्थित रूप से समाप्त किया जा रहा है।

मेहनतकश लोगों द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प, अपने कॉर्पोरेट प्रायोजकों और विदेशी सहयोगियों को खुश करने के लिए बेताब सरकार के लिए एक स्पष्ट चेतावनी है। सरकार मेहनतकश लोगों की मांगों को स्वीकार करती है या नहीं, यह उन पर निर्भर है। लेकिन एक बात तय है: कोई पीछे नहीं हटेगा। यह लड़ाई और भी बढ़ेगी- और भी मजबूत लहरों तथा और भी व्यापक एकता के साथ – जो इसे आगे ले जायेगी।

9 जुलाई की हड़ताल का उद्देश्य इस हमले का प्रतिरोध करना था। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस हड़ताल को न केवल देश भर के सभी प्रमुख ट्रेड यूनियनों और औद्योगिक महासंघों का समर्थन प्राप्त था, बल्कि सभी प्रकार के श्रमिकों का भी समर्थन प्राप्त था। निर्माण क्षेत्र जैसे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से लेकर वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारियों, गिग श्रमिकों और प्रवासी श्रमिकों तक – सभी ने एक स्वर में अपनी आवाज़ उठायी।

किसानों के सबसे व्यापक मंच- संयुक्त किसान मोर्चा ( एसकेएम) का सक्रिय समर्थन और भागीदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी। चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने की मांग का समर्थन करने के साथ-साथ, किसान संगठनों ने गहराते कृषि संकट को उजागर किया और न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एमएसपी) की कानूनी गारंटी की लंबे समय से लंबित मांग को उठाया। कृषि श्रमिक संघों ने ग्रामीण रोज़गार और मनरेगा योजना के लगातार क्षरण पर गंभीर चिंताएं जतायीं।

मज़दूरों, किसानों और खेतिहर मज़दूरों का यह एकजुट होना एक ऐतिहासिक क्षण है – शायद पहली बार इतनी व्यापक एकता उभरी है। यह आजीविका के व्यापक और गहराते संकट को दर्शाता है जिसका सामना देश के अधिकांश मेहनतकश लोग अब कर रहे हैं।

एक तरह से, यह अब केवल आजीविका का संकट नहीं रहा, बल्कि अस्तित्व की लड़ाई बन गयी है। 9 जुलाई की कार्रवाई की तीव्रता प्रस्तावित श्रम संहिताओं द्वारा उत्पन्न व्यापक खतरे से उपजी थी, जो लगभग सभी नियामक ढांचों को ध्वस्त करके और मज़दूरों के लिए बची-खुची कानूनी सुरक्षा को भी छीनकर कॉर्पोरेट्स को पूरी तरह से खुली छूट देने का संकेत देती हैं। यह बेहद विडंबनापूर्ण है कि सरकार ने इन संहिताओं को मज़दूर-समर्थक पहल के रूप में आगे बढ़ाने की कोशिश की है।

सत्ता प्रतिष्ठान की बहादुरी के बावजूद, यह बात तेज़ी से साफ़ होती जा रही है कि सरकार अपने इस पाखंड के बढ़ते सार्वजनिक प्रदर्शन से वाकिफ़ है। काम की स्थितियां इतनी ज़्यादा और इतनी बुरी तरह बिगड़ चुकी हैं कि अब उन्हें नकारा नहीं जा सकता। मेहनतकश जनता की बदतर होती स्थिति के दो प्रमुख कारण हैं- बढ़ती बेरोज़गारी और असमानता में तेज़ वृद्धि।

यहां तक कि 31 जनवरी, 2025 को संसद में पेश किये गये आर्थिक सर्वेक्षण 2024 को भी इस सच्चाई को स्वीकार करना पड़ा। इसमें कहा गया है कि सकल मूल्य वर्धन ( जीवीए) में श्रम की हिस्सेदारी में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन कॉर्पोरेट मुनाफ़े में असमान रूप से वृद्धि हुई है – खासकर बड़ी कंपनियों में – जो आय असमानता की बढ़ती खाई को रेखांकित करता है।

सरकार ने जहां मज़दूरों और अन्य मेहनतकश तबकों के अधिकारों पर व्यापक हमला किया, वहीं दूसरी ओर उसने कॉर्पोरेट्स को 1.45 लाख करोड़ रुपये का अभूतपूर्व तोहफ़ा भी दिया, जो शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कुल बजट आवंटन से भी ज़्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण ( एनएफएचएस) में भयावह सामाजिक स्थितियां स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती हैं, और कुछ अर्थशास्त्रियों ने तो यहां तक कहा है कि आज भारत में असमानता ब्रिटिश शासन के दौरान देखी गयी असमानता से भी अधिक है।

इसके विपरीत, कॉर्पोरेट अभिजात वर्ग की संपत्ति में नाटकीय वृद्धि देखी गयी है। 2014 में 100 करोड़ रुपये से अधिक आय वाले अरबपतियों की संख्या 100 थी; अब यह आंकड़ा दोगुना होकर 200 हो गया है। शीर्ष 100 अरबपतियों की संयुक्त संपत्ति 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर ( 10 खरब रुपये से अधिक) को पार कर गयी है। धन का यह अत्यधिक संचय, बहुसंख्यक कामकाजी लोगों की वास्तविक आय में भारी गिरावट के साथ-साथ चला है। यह गहरा अन्याय है, जो हर सांस और पसीने की बूंद में महसूस किया जाता है, जिसकी अभिव्यक्ति 9 जुलाई को हुए जन आंदोलन में हुई।

श्रम संहिताएं अनिवार्य रूप से 'श्रम बाजार लचीलेपन' की बहुप्रचारित अवधारणा को संस्थागत रूप देने का काम करती हैं- एक अवधारणा जो पहली बार भाजपा के 2009 के चुनाव घोषणापत्र में सामने आयी थी। हकीकत में, यह क्रूर जब मन हो 'नौकरी दो और निकाल दो' व्यवस्था के लिए एक व्यंजना से अधिक कुछ नहीं है, जो वर्तमान में न्यूनतम सुरक्षा को भी समाप्त करने में सक्षम है।

श्रम के व्यापक ठेकाकरण के कारण, केवल लगभग 4 प्रतिशत कार्यबल ही आउटसोर्सिंग के दायरे और शोषणकारी 'स्वेटशॉप' वातावरण से बाहर रह गया है। श्रम संहिताओं का ज़ोर कार्यबल के इस छोटे से हिस्से के भी ट्रेड यूनियन अधिकारों को और कमज़ोर करने पर है। यह वित्त-संचालित नवउदारवादी आर्थिक प्रतिमान के अनुरूप है, जिसकी विशिष्ट विशेषता ट्रेड यूनियनों और उनके सामूहिक सौदेबाजी के अधिकारों का विघटन रही है।

सरकार के दावे इतने हास्यास्पद हो गये हैं कि अब वह भारत को दुनिया की चौथी सबसे समान अर्थव्यवस्था घोषित करने के लिए संदिग्ध शोध का हवाला दे रही है, जो एक स्पष्ट रूप से बेतुका दावा है। ऐसा करते हुए, वह आय के आंकड़ों की जगह व्यय के आंकड़ों को पेश कर रही है, जो जितना विचित्र है उतना ही बेईमान भी है।

9 जुलाई को मेहनतकश लोगों द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प, अपने कॉर्पोरेट प्रायोजकों और विदेशी सहयोगियों को खुश करने के लिए बेताब सरकार के लिए एक स्पष्ट चेतावनी है। सरकार मेहनतकश लोगों की मांगों को स्वीकार करती है या नहीं, यह उन पर निर्भर है। लेकिन एक बात तय है- कोई पीछे नहीं हटेगा। यह लड़ाई और भी बढ़ेगी- और भी मजबूत लहरों तथा और भी व्यापक एकता के साथ – जो इसे आगे ले जायेगी।

## महाराष्ट्र : एक बार फिर से दहाड़ रहा है बाघ

बालासाहेब केशव ठाकरे द्वारा 1966 में शिवसेना की स्थापना के बाद से लगभग छह दशकों तक उनकी पार्टी एक ऐसे राज्य में राजनीति की केंद्र रही है जो पारम्परिक रूप से कांग्रेस शासित था। पश्चिमी महाराष्ट्र के शक्कर क्षत्रपों का राज्य पर नियंत्रण था। दहाड़ता बाघ शिवसेना का पर्याय बन गया था। शिवसेना जल्द ही 'मराठी मानुष' के लिए नौकरियों की तलाश करने वाले एक सामाजिक संगठन से हिंदू हितों की हिमायत करने वाली राजनीतिक पार्टी में बदल गई। एक क्षेत्रीय संगठन से साम्प्रदायिक संगठन में बदलाव, सड़क से राज्य स्तर की पार्टी बनने की प्रक्रिया इसके संस्थापक की लोकप्रियता के आसपास घूम रही थी। शिवसेना को 1989 में धनुष-बाण चुनाव चिह्न प्रदान किया गया और शिवसेना पूरे राज्य और महाराष्ट्र से बाहर भी पहचानी जाने लगी लेकिन जैसे-जैसे वह विभाजित और बंटती चली गयी, उसका दबदबा लगातार घटता गया। चुनाव आयोग ने फरवरी, 2023 में शिवसेना के एक गुट को पार्टी का चुनाव चिन्ह प्रदान किया और बाघ की दहाड़ कम हो गयी। अलग होने के दो दशक बाद अब बाल ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे और भतीजे राज ठाकरे फिर से मिल गए हैं। 2005 के बाद से 5 जुलाई 2025 को वर्ली में आयोजित एक संयुक्त रैली उनका पहला साझा मंच था। 'आवाज मराठीचा' या 'मराठी की आवाज' रैली का आयोजन प्राथमिक स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य बनाने के महाराष्ट्र सरकार के प्रस्ताव के विरोध में किया गया था।



लेखा रत्तनानी

चचेरे भाइयों के एक साथ आने के कई फायदे हैं लेकिन यह देखने की आवश्यकता होगी कि मराठी का हालिया मुद्दा उन्हें किस मोड़ पर ले जाएगा। वर्षों से राज्य में रहने के बावजूद मराठी नहीं बोलने वाले गैर-महाराष्ट्रियों को आतंकित करने और धमकी देने के कई मामलों में मनसे कार्यकर्ता शामिल रहे हैं। भाषा पर गर्व होने से निकाय चुनावों के लिए अभियान को गति देने में उन्हें मदद मिल सकती है।

त्रिभाषा फॉर्मूले को हिंदी थोपने के रूप में देखा जाता है। इस फार्मूले का दक्षिणी राज्यों में विरोध हो रहा है। तमिलनाडु में हिंदी का सबसे कड़ा विरोध हो रहा है। वहां इसे राज्य की भाषाई पहचान को कमजोर करने और केंद्र सरकार के सांस्कृतिक प्रभुत्व के प्रयास को आगे बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जाता है। महाराष्ट्र में इसने ठाकरे बन्धुओं को उस जमीन को पुन: प्राप्त करने के लिए एक अवसर प्रदान किया जिसे वे लगातार खो रहे थे। अपनी प्रासंगिकता को पुन: प्राप्त करने के लिए उन्होंने अब मराठी पहचान के एक शक्तिशाली आख्यान को पुनर्जीवित किया है।

राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ( मनसे) लंबे समय तक सक्रिय रहने के बाद भी कुछ खास राजनीतिक प्रगति नहीं कर पाई है। 2024 के चुनावों में मनसे 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में एक भी सीट नहीं जीत पाई जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना ( यूबीटी) केवल 20 सीटें ही जीत सकी। बाल ठाकरे के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती शिवसेना में खतरे, भय और करिश्मे के मिश्रण ने कैडर और समर्थकों दोनों को कंट्रोल में रखा। राज ठाकरे ने हमेशा मसल पॉवर और गरज के साथ पार्टी का नेतृत्व किया। उन्होंने पार्टी की छात्र शाखा भारतीय विद्यार्थी सेना का गठन किया और बाद में 1990 के विधानसभा चुनावों में शिवसेना उम्मीदवारों के लिए राज्य भर में प्रचार अभियान शुरू किया। उन्हें अपने चाचा के उत्तराधिकारी के रूप में देखा गया। शैली, ढंग और वाणी में वे बाल ठाकरे के करीब थे। जब विरासत की जिम्मेदारी बाल ठाकरे के बेटे और उनके चचेरे भाई उद्धव के पास गई तो वे वहां से हट गए।

भाजपा ने उद्धव के साथ साझा नेतृत्व का वादा किया था लेकिन यह वादा निभाया नहीं। नाराज उद्धव ने भाजपा पर विश्वासघात का आरोप लगाने के बाद 2019 में राज्य पर शासन करने के लिए कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( राकांपा) के साथ गठबंधन किया। भाजपा ने शिवसेना को तोड़कर राज्य में सत्तारूढ़ शिवसेना से अलग हुए एक धड़े के नेता एकनाथ शिंदे के साथ गठबंधन किया। इसके बाद वे एनसीपी को विभाजित करने के लिए आगे बढ़े। शरद पवार के भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाला एक अलग एनसीपी गुट अब भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति या महागठबंधन का हिस्सा है जो महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन है।

चचेरे भाईयों का मुख्य उद्देश्य भाजपा को चुनौती देना और फिर से जमीन हासिल करना है क्योंकि दोनों भाईयों की निकाय चुनावों पर नजर है। इनके लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण वृहद मुंबई नगर निगम के चुनाव हैं जो एशिया में सबसे अमीर नागरिक निकाय है और कई भारतीय राज्यों से इसका वार्षिक बजट बड़ा है। 2025-26 के लिए इसका बजट 74, 400 करोड़ रुपये से अधिक है। इस समय भाजपा 132 सीटों के साथ राज्य में मुख्य पार्टी है। आगामी निकाय चुनाव दिखाएंगे कि क्या भाजपा अपना यह रुतबा कायम रख सकती है। शिवसेना से अलग हुई पार्टी के प्रमुख एकनाथ शिंदे ठाकरे की राज्य विधानसभा में 52 सीटें हैं। शिंदे ही ठाकरे परिवार के पुनर्मिलन के नए घटनाक्रम के मद्देनजर सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाले नेता हैं। खुद को बाल ठाकरे के असली उत्तराधिकारी के रूप में पेश करने वाले शिंदे की शिवसेना सुप्रीमो के बेटे और भतीजे के सामने कोई हैसियत नहीं रह जाएगी। चचेरे भाइयों के एक साथ आने के कई फायदे हैं लेकिन यह देखने की आवश्यकता होगी कि मराठी का हालिया मुद्दा उन्हें किस मोड़ पर ले जाएगा। वर्षों से राज्य में रहने के बावजूद मराठी नहीं बोलने वाले गैर-महाराष्ट्रियों को आतंकित करने और धमकी देने के कई मामलों में मनसे कार्यकर्ता शामिल रहे हैं । भाषा पर गर्व होने से निकाय चुनावों के लिए अभियान को गति देने में उन्हें मदद मिल सकती है लेकिन यदि वे ताकत की राजनीति अपनाते हैं तो यह नीति गैर-मराठी मतदाताओं की पर्याप्त संख्या को अलग-थलग कर सकती है। मनसे कैडर ने अतीत में बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रवासियों पर हमले किये हैं एवं उन पर स्थानीय लोगों की नौकरियां छीनने का आरोप लगाया है।

नया गठबंधन महाराष्ट्र की राजनीतिक कहानी में एक मोड़ जोड़ रहा है लेकिन इस जोड़ी में अस्थिरता तथा मतभेद हैं जो दोनों के बीच दीर्घकालिक जुड़ाव के बारे में संदेह पैदा करते हैं। उद्धव ठाकरे अपनी सौम्य और शांत कार्यशैली के साथ विपक्ष में अपने नए सहयोगियों के साथ तालमेल बिठाने में अधिक सफल रहे हैं जबकि राज ठाकरे की दहाड़ जारी है और उनके कैडर ने मुंबई में प्रवासियों को अलग-थलग करने का जोखिम उठाया है। मुंबई में काम करने वालों में प्रवासियों का बड़ा हिस्सा है। अनुमान कम-ज्यादा हो सकते हैं लेकिन 2011 की जनगणना के अनुसार मुंबई की आबादी में प्रवासियों की संख्या 43 प्रतिशत से अधिक थी। इसमें उत्तर प्रदेश के प्रवासियों की संख्या लगभग 41 प्रतिशत थी। पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद से महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी दोनों के टूटने के साथ बहुत सारे राजनीतिक उतार-चढ़ाव देखे गए हैं। परिवर्तनों की तेज रफ्तार तथा बड़ी संख्या ने मतदाता को भ्रमित किया है कि कौन किसके साथ है? क्या ठाकरे गठबंधन इस अस्थिर परिदृश्य में कुछ बदलाव ला सकता है? यह इस बात पर निर्भर करता है कि क्या वे कामकाज की दो अलग-अलग शैलियों में समन्वय बिठा सकते हैं।कह नहीं सकते कि बाल ठाकरे के वर्षों के जादू को फिर से कायम करने में दोनों चचेरे भाई सक्षम होंगे या उसके कुछ करीब तक पहुंच सकते हैं अथवा नहीं।

***( लेखक द बिलियन प्रेस की प्रबंध संपादक हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )***

# जंग जीतने से कम नहीं कीचड़ से सने मार्ग से निकलना

## मैहर जिले के अमिलिया कला का मामला

## आजादी के सात दशक बाद भी नहीं बन पाई सड़क





**देश को आजादी मिले 75 साल हो चुके हैं, लेकिन जिले में कई ऐसी पंचायत हैं जो आज भी मूलभूत सुविधाओं की राह देख रही हैं। हम बात कर रहे हैं मैहर जिले के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अमिलिया कला की। यहां चार किमी कीचड़ से सना रास्ता ग्रामीणों के लिए जंग जीतने से कम नहीं है। बरसात के मौसम में यहां के लोग पूरी तरह से घरो में कद होने के मजबूर हैं।**

**सतना, देशबन्धु।** हैरान करने वाली बात तो यह है कि यहां के लोग आज भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। हालात यह हैं कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चों पीठ में बैग और हांथ में जूते लेकर स्कूल जाना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी तो तब आती है जब कोई भी इस गांव का बीमार पड़ता है। तब उसे इलाज के लिए कंधे के सहारे पर बैठा कर बाहर ले जाना पड़ता है।

### चार किमी तक यही हाल

ग्राम पंचायत अमिलिया के वार्ड क्रमांक 1 विकास की दौड़ में बिल्कुल पीछे छूट चुका है। इसकी मुख्य वजह सड़क का अभाव है। सड़क न होने के चलते स्कूल बंद होने की कगार पर पहुंच गई है। क्योंकि स्कूल तक शिक्षक ही नहीं पहुंच पाते। कुल मिलाकर के बरसात के दिनों में यहां का अध्ययन-अध्यापन भगवान भरोसे चलता है। क्योंकि जो हालता है वह चार किमी सड़क के एक जैसे हैं।

### स्कूल बनती जा रही खंडहर

गांव में एक प्राथमिक विद्यालय तो खोला गया था, लेकिन सड़क नहीं होने की वजह से शिक्षक आने से इनकार कर चुके हैं। नतीजा ये है कि स्कूल अब खंडहर में तब्दील हो रहा है। इसके बावजूद, कुछ स्थानीय बच्चे अब भी कीचड़ से होकर स्कूल जाने की कोशिश करते हैं।

### कर चुके हैं शिकायत

गांव के लोगों ने पूर्व में जिला कलेक्टर और स्थानीय प्रशासन से इसकी शिकायतें की हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारी मौके तक भी नहीं पहुंचे हैं। नतीजा यह है कि अमिलिया गांव के निवासी आज भी 21वीं सदी में कीचड़ के सहारे जीने को मजबूर हैं। स्थानी लोगों की मांग है कि अब इस जगह पर पक्की सड़क का निर्माण किया जाए। खंडहर भवन का मरम्मत करा कर उसने विद्यालय संचालित कराई जाए और जिम्मेदारों एवं अधिकारियों के द्वारा इस क्षेत्र का निरीक्षण किया जाए।



सबसे ज्यादा परेशानी तो तब होती है जब कोई बरसात में यहां बीमार पड़ता है। कीचड़ से मार्ग सन जाने के चलते मरीज को कंधे में लादकर ले जाना पड़ता है।

**रामजी केवट**, ग्रामीण



इस गांव के चार किमी पहले तक शासन की सभी योजनाएं आकर दम तोड़ देती हैं। बुनियादी सुविधाओं के लिए कई बार गुहार लगा चुके हैं लेकिन इस दिशा में किसी ने ध्यान नहीं दिया है।

**उमा केवट**, ग्रामीण



इस पूरे मामले पर निरीक्षण किया गया है और कुछ कागजी कार्रवाई के लिए इस मामले को प्रक्रिया पर रखा गया है आगामी दिनों पर जल्द से जल्द निर्माण कर शुरू किया जाएगा।

**प्रतिपाल बागरी**, सीईओ, जनपद पंचायत मैहर



# सिविल अस्पताल नागौद का नहीं खुलता गेट

## गर्भवती महिलाओं को होती है परेशानी

**नागौद, देशबन्धु।** सिविल अस्पताल नागौद में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। जिसके चलते दूरदराज से यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को सिर्फ और सिर्फ असुविधा का सामना करना पड़ता है। बताया गया है कि सिविल अस्पताल नागौद का पूरा गेट नहीं खुलता है जिससे गर्भवती महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ज्ञात हो कि नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह के अथक प्रयास से क्षेत्रवासियों को चिकित्सा के क्षेत्र में सिविल अस्पताल के रूप में बड़ी सौगात तो मिली है लेकिन व्यवस्था सही तरीके से नहीं होने के चलते समस्या भरे हालात हैं।

### गार्ड की मनमानी

बताया गया है कि गार्ड की मनमानी के चलते पूरा गेट नहीं खुलता है। जिस वजह से यहां आने वाली गर्भवती महिलाओं को आड़ा तिरछा निकलना पड़ता है। मरीजों को कहना है कि इस दिशा में जिम्मेदारों को ध्यान देना चाहिए लेकिन उन्हे कुछ करना ही नहीं। इस तरह के हालात यहां पर काफी समय से बने हुए हैं।

## सार-समाचार



### 169 लाख की लागत से बना इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम

**नागौद, देशबन्धु।** नगर में खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम का निर्माण पूर्ण हो चुका है। लगभग 169 लाख की लागत से बने इस आधुनिक डबल बैडमिंटन कोर्ट ने स्थानीय खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। इस सुविधा के पीछे नागौद विधायक नागेंद्र सिंह के अथक प्रयासों की अहम भूमिका रही है। उनके निरंतर प्रयासों से ही यह महत्वपूर्ण खेल संरचना नगर को प्राप्त हो सकी है। बताया गया है कि प्रतिदिन सुबह से ही नगर के युवा और खेलप्रेमी खिलाड़ी अभ्यास के लिए स्टेडियम पहुंच रहे हैं। विशेष रूप से वर्षा के मौसम में यह इनडोर सुविधा खिलाड़ियों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हो रही है, जिससे उन्हें अब किसी भी मौसम में अपने अभ्यास को जारी रखने में परेशानी नहीं होगी। स्थानीय कोचों और नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक नागेंद्र सिंह का आभार जताया है।

### गुप्त गोदावरी से रजौला तक सड़क मंजूर

**सतना, देशबन्धु।** धर्मनगरी चित्रकूट में गुप्तगोदावरी से लेकर टूरिस्ट बंगला व राजौला तक की फोरलेन सडक़ को मंजूरी सरकार की ओर से लोक निर्माण विभाग ने दी है। जिसकी लागत 8116.66



लाख रुपया है। सतना सांसद गणेश सिंह ने मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह के प्रति इस स्वीकृति को लेकर आभार जताया है। दरअसल बीते दिनों सांसद के चित्रकूट भ्रमण कार्यक्रम के दौरान चित्रकूट व क्षेत्र वासियों ने सांसद से उक्त सडक़ के जर्जर होने की बात कह नई सडक़ की मांग की थी और बीते दिनों सांसद ने भोपाल में सीएम व पीडब्ल्यूडी मंत्री से मिलकर यह मांग रखी थी। जिसके चलते उक्त सड़क को मंजूरी मिल गई।

### गर्मी से ज्यादा बरसात में आ रहे बिल

**रामनगर, देशबन्धु।** कस्बे के बिजली उपभोक्ताओं का कहना है कि गर्मी ज्यादा बिजली बिल बरसात के महीने में आ रहे हैं। जबकि बरसात के मौसम में बिजली आपूर्ति गर्मी के मुकाबले कम रहती है इसके बाद भी बिजली बिलों का इस तरह से आना हैरान करने वाला है। हितग्राहियों का कहना है कि लोगों के घरों में बिजली बिल स्मार्ट मीटरों की स्मार्ट रीडिंग पर बड़ा प्रश्न लगा रहे हैं। तो वहीं घरेलू रजिस्टर्ड विद्युत उपभोगता सरे आम शिकार हो रहे है,मध्यप्रदेश पूर्वी बिजली वितरण कम्पनी के स्मार्ट मीटर व स्मार्ट मीटर रीडरों की वेरी स्मार्ट रीडिंग आम बिजली उपभोक्ताओं को आइना दिखा रही है। हैरान करने वाली बात तो यह है कि रामनगर के बिजली की चोरी रोकने में नाकाम विद्युत अमला कार्रवाई के नाम पर गरीब उपभोक्ताओं को ही परेशान कर रहा है।

# व्यंकट क्रमांक 2 में रोपे गये 11 पौधे

## धरती का श्रृंगार कर भारत विकास परिषद ने मनाया स्थापना दिवस



**सतना, देशबन्धु।** भारत विकास परिषद सतना ने अपना 63वां स्थापना दिवस पौधरोपण कर समारोह पूर्वक मनाया। इस बारे में परिषद के पुरुषोत्तम अग्रवाल ने बताया कि सन् 1963 में 10 जुलाई को परिषद की स्थापना हुई थी, इसी क्रम में प्रात: 9:30 बजे वेंकट क्रमांक 2 विद्यालय में परिषद के सदस्य एवं विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों की उपस्थिति में 11 फलदार पौधों का रोपण कर धरती का श्रृंगार किया गया। समारोहपूर्वक आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एल एम यादव सेवानिवृत्ति वैज्ञानिक हिमाचल विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि व्याख्याता पुष्पेंद्र मणि मिश्रा वेंकट क्रमांक 2 रहे। इस अवसर पर भारत विकास परिषद की स्थापना एवं उद्देश्यों के बारे में प्रकाश डाला गया, तथा वृक्ष हमारे परिजन मानकर जब उनकी देखभाल की जाएगी तभी प्रकृति का संरक्षण संभव है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष गोपाल धूत, मंत्री योगेश जैन, अध्यक्ष विजय गुप्ता, मंत्री शिवम भारतीय, राजेश अग्रवाल, कैलाश केसरवानी, आभा अग्रवाल, क्रांति जैन, पलक केसरवानी, श्वेता जैन, दयाल कापड़ी, शिवम केसरवानी, कृष्णकांत सहित विद्यालय के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# तय नहीं कि संदीपनी स्कूल का कहां होगा निर्माण

**रामनगर, देशबन्धु।** शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर के नव निर्माण कार्य में सालों से मनमानी हावी है। जिसके चलते अब तक उक्त नव निर्माण का भूमि पूजन या शिलान्यास तक नहीं हो पाया। गौरतलब है कि पूर्व में वार्ड नम्बर एक में लगी सरकारी 10 एकड़ से ज्यादा जमीन पर निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया था, लेकिन तथाकथित विकासवादी महामहिमों ने वर्तमान जगह पर ही अपर्याप्त जमीन में पुराने भवनों को ध्वस्त कर, नव निर्माण कार्य की आधार शिला रखी, जिसका अभिभावकों, पालकों सहित क्षेत्रीय नेताओ तक ने विरोध करते हुए भाजपा के नेताओ ने अपनी ही सरकार के खिलाफ भूख हड़ताल आमरण अनशन चालू किया था, वही सतना सांसद ने भी पूर्व प्रस्तावित जमीन पर ही संदीपनी बनाम सीएम राइज विद्यालय नव निर्माण कराने के विषय में बात कही थी। खबर के अनुसार अब वार्ड नम्बर तीन पर कही जमीन देखी जा रही है, पूर्व दिनों में पीएचक्यू के अधिकारियों सहित सम्बन्धित अमले का दौरा हुआ था। जिस पर क्या हुआ कुछ कह नहीं सकते, अब बरसात में नव निर्माण कार्य होने की गुंजाइश ही नहीं है, अब सांदीपनि विद्यालय का निर्माण कार्य कब प्रारम्भ होगा। यह कहपाना अभी जल्दबाजी होगा।

# लाइसेंस शाखा से हटाने व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**नागौद, देशबन्धु।** कृषि उपज गल्ला तिलहन व्यापारी संघ नागौद ने मंडी में पदस्थ राजकुमार पाठक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए भार साधक अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है, सौंपे गये ज्ञापन के माध्यम से राजकुमार पाठक को मंडी की लाइसेंस शाखा से हटाने की मांग की गई है। व्यापारी संघ ने ज्ञापन में बताया कि राजकुमार पाठक पिछले 15-20 वर्षों से मंडी की लाइसेंस शाखा में पदस्थ हैं और इस दौरान वे व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान करते आ रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि मंडी के ऑनलाइन हो जाने के बाद भी वे स्वयं के बनाए नियमों के अनुसार काम कर रहे हैं। वे अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करते हैं और कहते हैं कि मैं ऑफलाइन ही मानूंगा। यहां तक कि ऑनलाइन रिन्यूअल के बाद भी वे दस्तावेजों की मांग करते है, व्यापारी संघ ने मंडी प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अड़चन पैदा करने वाले कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से लाइसेंस शाखा से हटाया जाए, ताकि मंडी में पारदर्शी एवं सुचारू कार्यप्रणाली सुनिश्चित की जा सके।

# उचेहरा में नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा 14 से

**उचेहरा, देशबन्धु।** श्रावण मास के पवन पर्व पर संकट मोचन हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय शिव महापुराण की कथा, पार्थिव शिव पूजन एवं रुद्राभिषेक समस्त नगरवासियों एवं भक्तों के सहयोग से 14 जुलाई से 22 जुलाई के बीच होगा। कथा व्यास



मधुरम महाराज बृंदावन वाले होंगे। बताया गया है कि इस आयोजन को भव्यता देने के लिए कलश यात्रा 14 जुलाई सोमवार को सायं 4 बजे से निकलेगी। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 7 बजे से 11 बजे तक पार्थिव शिव पूजन रुद्राभिषेक कथा प्रसंग नित्य दिवस सायं 4 बजे से 8 बजे तक होगी। पूर्णाहुति हवन यज्ञ भंडारा एवं प्रसाद वितरण 23 को होगा।

# सचिव ने किया कारागार का निरीक्षण

**चित्रकूट, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने जिला कारागार का निरीक्षण किया।

# रीवा रेफरल एक्सप्रेस बन चुका है जिला अस्पतालः अमित

**सतना, देशबन्धु।** 8 जुलाई को जिला अस्पताल सतना में 6 गर्भवती महिलाओं को समय पर उपचार न देकर रीवा रेफर करने की घटना ने न सिर्फ चिकित्सा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया, बल्कि भाजपा सरकार की जनविरोधी स्वास्थ्य नीतियों को भी उजागर कर दिया है। यह कहना है



**जब अस्पताल ही जिंदगी से मुंह मोड़ ले, तो जनता कहां जाए?**

आम आदमी पार्टी सतना के जिलाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सरकार पर करारा हमला बोला है। कि जब डॉक्टर ही रक्षक न रहें, तो जनता क्या करे? डॉ. सिंह ने कहा कि यह घटना दर्शाती है कि सतना जिला अस्पताल में अब मरीजों की जान की कोई कीमत नहीं रही। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की मनमानी, तानाशाही और संवेदनहीनता का यह सीधा उदाहरण है। और इससे भी शर्मनाक बात यह है कि पूरी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब हाई-रिस्क प्रसूताओं को भी इलाज नहीं मिल रहा और उन्हें मरता हुआ रीवा भेजा जा रहा है, तो फिर जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का अस्तित्व ही क्या है?

# खजुरीताल पीठाधीश्वर का शिष्यों ने किया मिष्ठान से तुलादान



**रामपुर बाघेलान, देशबन्धु।** गुरु परंपरा की दिव्यता को समर्पित गुरु पूर्णिमा पर्व इस वर्ष मानसपीठ खजुरीताल में जगद्गुरु रामललाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत भव्य भक्तिमय और दिव्य वातावरण में सम्पन्न हुआ। सुबह से ही भक्तों का अविरल प्रवाह आश्रम की ओर उमड़ पड़ा। दूर-दराज़ से आए हज़ारों श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में भक्ति श्रद्धा और समर्पण के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज की। सर्व प्रथम जगद्गुरु ने आश्रम के पूर्वाचार्यों का पूजन वंदन किया। तत्पश्चात मानसपीठ परिवार के भक्तों ने पूरी निष्ठा से गुरु पूजन आरती और गुरु वंदना की। आश्रम में विशेष रूप से पूज्य जगद्गुरु रामलला चार्य जी महाराज का संतोष द्विवेदी, सतेंद्र द्विवेदी के द्वारा मीठा से भव्य तुलादान किया गया। उसी तारतम्य में आयोजित भंडारे में 7 हज़ार भक्तों ने श्रद्धा के साथ ठाकुर के प्रसाद को गृहण किया। इस मौके पर रामखेलावन पटेल, बीएम द्विवेदी, लीना कोस्टा, सुष्मिता डॉक्टर पंकज सिंह परिहार, माया विनीत पाण्डेय, हरिशकांत त्रिपाठी, पूजा आशुतोष गुप्ता, समर सिंह, डॉ आनंद सिंह, राजकुमार सोनी, जेपी शर्मा, इं. एसबी सिंह, विकास तिवारी, दुष्यन्त सिंह, जितेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।


## सूचना

मैं राजमणि गौतम पिता श्री ददन गौतम निवासी ग्राम मनकहरी, इटमा, तहसील-रामनगर, जिला-सतना (म.प्र.) मेरी पत्नी स्व. श्रीमती रमा देवी गौतम पति श्री राजमणि गौतम जिनका दिनांक 17.08.2024 को देहान्त हो गया। जिनके नाम वाहन क्रमांक एमपी-19जेबी-7909 (टैक्टर) आर.टी.ओ. आफिस में दर्ज है। अतः यह गाड़ी मैं अपने नाम पर दर्ज कराना चाहता हूं। जिस किसी को भी आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर अति. क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, सतना में अपना दावा पेश कर सकता है।

-हस्ताक्षर/शपथकर्ता



## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास मण्डल सतना

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित कराया जाता है कि मंदाकिनी विहार सिविल लाइन सतना स्थित भवन क्र. एल.आई.जी.-24 के आवंटी श्रीमती सुशीला जैन पत्नी श्री सुभाषचन्द्र जैन के द्वारा दिनांक 01/11/1991 को रजिस्ट्री निष्पादित करा ली गई थी। आवंटी श्रीमती सुशीला जैन की दिनांक 21/01/2010 को मृत्यु हो जाने के कारण पति श्री सुभाषचन्द्र जैन पिता स्व. श्री गिरधारी लाल जैन के नाम दिनांक 25/08/2011 को नामान्तरण किया गया। श्री सुभाषचन्द्र जैन के द्वारा लीज अनुबन्ध में अपने पुत्र श्री संजय कुमार जैन को नामजदगी दी गई थी। आवंटी श्री सुभाषचन्द्र जैन की दिनांक 14/03/2022 को मृत्यु हो जाने के कारण आवंटी के पुत्र श्री संजय कुमार जैन के द्वारा नामजदगी एवं मृत्यु प्रमाण पत्र तथा शपथ पत्र के आधार पर उक्त भवन क्र. एल.आई.जी.-24 को स्वयं के नाम पर नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्थान को कोई आपत्ति हो अथवा भवन कहीं बन्धक/गिरवी हो या भवन के मद में किसी से कोई ऋण प्राप्त की गई हो तो अपनी आपत्ति ठोस आधार के साथ प्रकाशित आमसूचना दिनांक से 15 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के उपरान्त कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी तथा आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही औपचारिकता पूर्ण कर की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल सतना (म.प्र.)**


# ग्रामोदय ने किसानों को बांटे तिल के बीज



**चित्रकूट, देशबन्धु।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि को प्राप्त अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना तिल एवं रामतील के अंतर्गत विवि ने कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा की प्रेरणा और मार्गदर्शन में विभागाध्यक्ष, फसल विज्ञान विभाग, कृषि संकाय डॉ.सुधाकर प्रसाद मिश्रा के करकमलों ग्राम टेढ़ी, पतवनिया, चौबेपुर, थरपहाड़, नौबस्ता, अमहॉ, खरहा, हरदुआ एवं पालदेव में तिल की उत्तम प्रजाति आर टी -372 प्रदान की गई। वितरित बीज (एफएलडी) अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के 60 एकड में बीज बोने में उपयुक्त रहेगा। विश्वविद्यालय ने किसानों को बीजों, उर्वरकों और कीटनाशी का वितरण किया है, साथ ही उन्हें तिल की बुवाई, बीज शोधन की विधि और फसलों से संबंधित विभिन्न प्रकार के व्याधियों और फसल सुरक्षा संबंधी कार्यों के प्रति जागरूक किया गया है। विवि के छात्रों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और किसानों को आवश्यक जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में सहभागी किसान काफी उत्साहित रहे और उन्हें भरोसा है कि यह प्रजाति उपज बढ़ाने और अधिकतम उपज देने में सक्षम होगी। इस अवसर पर ग्राम निवासी और सरपंच पति नरेंद्र प्रताप सिंह, शोधार्थी प्रशांत द्विवेदी, रोहित पांडेय, प्रदीप यादव, काशीराम पटेल एवं सुभाष गुंडिया आदि छात्र गण सहयोगी रहे।

# सदगुरु परिवार ने 151 व्रत कन्याओं को बांटी चुनरी

**चित्रकूट, देशबन्धु।** सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट द्वारा संचालित जानकीकुंड चिकित्सालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 36वाँ जटिल अस्थि रोग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अस्थि रोग से संबंधित सर्जरी भी की गई साथ ही दूर दराज से आए तमाम दिव्यांग लोगों को नि: शुल्क कृत्रिम अंग मफत लाल कंपनी की सेठानी रूपल मफत लाल द्वारा बांटे गए। कृत्रिम अंग पाते ही सभी दिव्यांगजनों के चेहरे में खुशी छा गई। साथ ही सेठानी ने सभी दिव्यांग जनों का फूल गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र से सम्मान भी किया। तत्पश्चात सदगुरु परिवार की 151 कन्याओं द्वारा पांच दिवसीय गौरी जया पार्वती व्रत की उपासना आराधना कर रही सभी कन्याओं को चुनरी देकर उनका सम्मान किया।

# स्वदेशी जागरण मंच की बैठक आयोजित

**सतना, देशबन्धु।** स्वदेशी जागरण मंच की बैठक में जिला विचार वर्ग के लिए चर्चा प्राथमिकता के साथ की गई । आगामी सप्ताह में एकेएस यूनिर्वसिटी में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रांत महाकौशल से विषयों के प्रवक्ता पधारेंगे। प्रांत संयोजक आलोक सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न होगा। स्वदेशी सुरक्षा स्वावलंबन अभियान विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार तुर्की चीन अमेरिका के प्रोडक्ट का उपयोग न करने पर चर्चा हुई । अमेजॉन फ्लिपकार्ड संस्थाओं के बहिष्कार पर विचार किया गया। 1000 वृक्षारोपण करने का सभी ने संकल्प लिया। अंत में सभी सदस्यों ने खड़े होकर शपथ ली। बैठक में मुख्य रूप से राकेश तिवारी प्रांत विचार प्रमुख, रमाकांत मिश्रा, अरुण भारती, ममता गुप्ता, अनमोल केसरवानी, शोभा शुक्ला, रेखा गुप्ता, सुरेश सिंह सिंगर, जगदीश गुप्ता, राजीव गुप्ता, आलोक सिंह परिहार, महेश तिवारी जिला प्रचार प्रमुख उपस्थित रहे।



# आनंद ग्राम जमुनहाई में अल्पविराम कार्यशाला आयोजित

**पन्ना,देशबन्धु।** आनंद विभाग की स्वशासी संस्था राज्य आनंद संस्थान के तत्वाधान में प्रदेश के समस्त जिलों के आनंद ग्रामों में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में गत दिवस पन्ना विकासखंड के आनंद ग्राम जमुनहाई में कलेक्टर सुरेश कुमार एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन किया गया गया। ग्राम पंचायत भवन में 65 प्रतिभागियों की उपस्थिति में अल्पविराम परिचय कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्य आनंद संस्थान की मास्टर ट्रेनर्स टीम से पन्ना जिला संपर्क व्यक्ति एवं मास्टर ट्रेनर प्रमोद अवस्थी, मास्टर ट्रेनर सतानंद पाठक एवं आनंदम सहयोगी सुरेश त्रिपाठी व निर्मल कुमार मिश्रा द्वारा आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद आनंद टीम द्वारा हम को मन की शक्ति देना प्रार्थना की गई। आनंदम टीम द्वारा अपना परिचय दिया गया। साथ ही प्रतिभागियों का भी संक्षेप में परिचय लिया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी को सदैव आनंदित रहना चाहिए। हमारे बड़े बुजुर्ग सदैव खुश रहने का





आशीर्वाद देते हैं। इसके अलावा प्रत्येक कार्य को प्रसन्नचित्त होकर सकारात्मकता के साथ करने के बारे में भी बताया गया, जिससे बहुत अच्छे परिणाम निकल सकें। जे.पी. आनंद द्वारा 30 सेकेंड की तालियों की एक्टिविटी कराई गई। सतानंद पाठक ने आनंद की वास्तविकता और इसे बढ़ाने पर प्रकाश डाला। साथ ही आनंद का जीवन में महत्व के बारे में भी अवगत कराया। बताया गया कि हम सभी के जीवन का एक ही लक्ष्य है आनंद की प्राप्ति और आनंद भौतिक वस्तु नहीं होकर, आध्यात्मिक वस्तु है, जिसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है। जीवन का लेखा जोखा सत्र निर्मल कुमार मिश्रा द्वारा लिया गया और जीवन को कैसे धन्यवाद देकर, मदद करके, माफी मांग कर या माफ कर, कृतज्ञता व्यक्त कर लाभ कमाया जा सकता है, के बारे में जानकारी दी। मदद की बात सुनकर सरपंच ने कहा कि मेरी जनता ने मुझे जनप्रतिनिधि बनाया है, इसीलिए मेरा भी फर्ज है कि जनता की पूरे मनोयोग से मदद करूं। सतानंद पाठक द्वारा रिश्ते सत्र भी लिया गया। कार्यक्रम में टीवी के माध्यम से गुब्बारे, हेल्प वीडियो आदि को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सभी ने खूब सराहा। खूब सहभागिता की एवं लंच टाइम में स्वल्पाहार का आनंद लिया। आनंदम सहयोगी सुरेश त्रिपाठी द्वारा मुख्य अतिथि और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया और प्रतिभागियों के निरंतर आनंद ग्राम में आने के आग्रह को स्वीकार किया। कार्यक्रम में शिक्षक रामकिशोर गर्ग भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर न्यायालय में 31 जुलाई तक प्रस्तुत करें आपत्ति

**पन्ना,देशबन्धु।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा पन्ना में सर्वे नंबर 414/2, 414/3, 414/4, 422/2, 422/3 एवं 422/4 कुल किता 06 कुल रकवा 0.263 हे. भूमि पर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा, नगर तथा ग्राम निवेश से लेआउट स्वीकृति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बगैर तथा किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास व रेरा में पंजीयन कराए बिना छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर कॉलोनी का निर्माण पाए जाने पर इसे अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने की कार्रवाई प्रचलन में है। इसके लिए संबंधितजनों को आगामी 31 जुलाई तक कलेक्टर न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए सूचित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना, तहसीलदार पन्ना एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पन्ना के संयुक्त प्रतिवेदन अनुसार आगरा मोहल्ला निवासी अनावेदकगण वीरेन्द्र कुशवाहा, रज्जन कुशवाहा, किशोरी लाल कुशवाहा, श्यामसुंदर कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा एवं सोनू कुशवाहा द्वारा अनधिकृत कॉलोनी निर्मित की जा रही थी।




## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**पन्ना,देशबन्धु।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जन अभियान परिषद अजयगढ़ द्वारा आज पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पौधरोपण की आगामी कार्ययोजना अनुसार पौधे रोपने के संबंध में भी चर्चा की गई। साथ ही नवांकुर संस्था प्रमुख द्वारा पौधों की रक्षा के लिए संकल्प भी दिलाया गया। जिला समन्वयक अनीता जाटव के निर्देशन में चयनित नवांकुर संस्था बरियारपुर कुर्मियान क्रमांक 3 के तत्वाधान में ग्राम आरामगंज में सेक्टर स्तरीय बैठक भी आयोजित की गई। विकासखण्ड समन्वयक क्षमा खरे द्वारा बैठक में गत माह के कार्यों की जानकारी प्रदान कर आगामी महत्वाकांक्षी कार्यों जैसे पौधरोपण सहित स्कूल चलें हम अभियान के तहत ग्राम में संपर्क कर नव प्रवेशित छात्रों को शाला में दाखिल कराने तथा नवांकुर सखी कार्यक्रम के लिए महिलाओं की सूची तैयार करने सहित आगामी अन्य कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

## सार-समाचार

### भदार नदी में डूबा ट्रैक्टर, ड्राइवर-मजदूर सुरक्षित



**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के मानपुर विकासखंड में भदार नदी को पार करते समय एक ट्रैक्टर डूब गया। ईंट खाली कर यह ट्रैक्टर बरही जा रहा था। नदी में बढ़े जलस्तर और अवैध रेत खनन से बने गड्ढों की वजह से यह हादसा हुआ। ट्रैक्टर चालक और मजदूर सुरक्षित बच गए। डब्बू खान का ट्रैक्टर बताया जा रहा है। स्थानीय लोग पड़वार से बरही जाने के लिए इस मार्ग का उपयोग करते हैं। अमरपुर होकर जाने पर यह दूरी 24 किमी है, लेकिन नदी पार कर सलैया मार्ग से यह दूरी मात्र 9 किमी है। अमरपुर चौकी प्रभारी एस एन प्रजापति ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं मिली है। वे मामले की जांच कर रहे हैं और स्टाफ को मौके पर भेज रहे हैं।

### उमरिया में हाथियों ने तीन कच्चे मकान तोड़े, फसलों को भी नुकसान

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के घुनघुटी परिक्षेत्र में चार जंगली हाथियों का उत्पात चौथे दिन भी जारी है। हाथियों ने शाहपुर क्षेत्र में भूरा कोल, शंकर कोल और गोमती के मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। साथ ही फसलों और घरों की बाड़ी में लगे पेड़-पौधों को भी नुकसान पहुंचा। मंगलवार से ये हाथी घुनघुटी परिक्षेत्र के जंगलों में घूम रहे हैं। वे जंगल से निकलकर गांवों की ओर आ जाते हैं। बारिश के कारण वन विभाग को हाथियों की निगरानी में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वन विभाग, राजस्व और पुलिस की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। वन विभाग ने दिन और रात के लिए अलग-अलग टीमें बनाई हैं। ये टीमें हाथियों की गतिविधियों के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में तैनात हैं। ग्रामीण रात में वन विभाग की टीम के साथ जाग कर हाथियों को खदेड़ने में सहयोग कर रहे हैं। परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुन सिंह ने बताया कि हाथियों को गांवों की तरफ जाने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुवार को भी हाथियों ने तीन मकानों को नुकसान पहुंचाया था। वर्तमान में हाथी शाहपुर, खोल खमरा, चाका, मालाचुआ, हथपुरा, पंडरी और कुशमाहा क्षेत्र में घूम रहे हैं।



### केन्द्रीय विद्यालय उमरिया के निर्माण कार्यों में तेजी के निर्देश



**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के छात्रों की सुविधा और सुगम शिक्षा व्यवस्था को सर्वोपरि मानते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला मुख्यालय स्थित केन्द्रीय विद्यालय उमरिया का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विशेष रूप से छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुए किया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्कूल परिसर में हो रहे निर्माण कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे हों। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और इन्हें निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि छात्रों की पढ़ाई पर कोई प्रतिकूल असर न पड़े। उन्होंने विद्यालय तक आने वाली सड़क की स्थिति पर भी चिंता जताई। कलेक्टर ने कहा कि सड़क पर मौजूद गड्ढों को तत्काल नगर पालिका के माध्यम से भरवाया जाएगा, तत्पश्चात विधिवत स्टीमेट तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा, जिससे छात्र-छात्राओं को आवागमन में कोई कठिनाई न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से संवाद भी किया और उनकी जरूरतों व सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और सुविधाजनक शिक्षा वातावरण प्रदान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर मिली पदोन्नति

**पन्ना,देशबन्धु।** एकीकृत बाल विकास परियोजना पन्ना शहरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 20 के केन्द्र क्रमांक 47 में पदस्थ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मनोरमा दीक्षित के आकस्मिक निधन पर शासन के नियमानुसार आंगनवाड़ी सहायिका को कार्यकर्ता पद पर पदोन्नत किया गया है। वार्ड 20 में पदस्थ आंगनवाड़ी सहायिकाओं में से पात्रताधारी मृदुलेश शुक्ला को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद पर पदोन्नति मिली। परियोजना अधिकारी किरण खरे द्वारा पदोन्नत कार्यकर्ता को आदेश सौंपा गया।



## मासिक सहायता राशि की 26वीं किश्त का वितरण आज

**पन्ना,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार, 12 जुलाई को उज्जैन जिले के ग्राम पंचायत नलवा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को योजना की 26वीं किश्त की राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा लाडली बहनों को वर्तमान जुलाई माह की मासिक आर्थिक सहायता राशि वितरण के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को पेंशन राशि और पात्रताधारी बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग राशि का अंतरण भी किया जाएगा।

## सिंचाई तालाब पट्टा के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना,देशबन्धु।** जनपद पंचायत पन्ना क्षेत्रांतर्गत 5 तालाब व जलाशयों को मछली पालन, मत्स्याखेट एवं जल कृषि के लिए 10 वर्ष के पट्टे पर दिया जाना है। इसमें दिया तालाब, गिरवारा तालाब, पहाड़ीखेरा तालाब, सकरिया तालाब और मुटवा सिंचाई जलाशय शामिल है। इच्छुक पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति, स्वसहायता समूह एवं मछुआ आगामी 6 अगस्त तक कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र जनपद पंचायत कार्यालय पन्ना में जमा कर सकते हैं। शासन की मत्स्य पालन नीति 2008 के प्रावधान अनुसार प्राथमिकता क्रम निर्धारण के तहत इनका चयन होगा। इस संबंध में समिति अथवा समूह द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले वांछित दस्तावेज या अन्य जानकारियों के लिए जनपद पंचायत पन्ना कार्यालय में अथवा सहायक संचालक मत्स्योद्योग कार्यालय पन्ना में संपर्क किया जा सकता है।

## बहन को मोहरा बनाकर शिकायत की धमकी देने वाले पर थाने में हुई शिकायत

### आपसी विवाद के चलते कराए झूठी शिकायत, ऑडियो जारी कर लड़की ने बताई सच्चाई

**मझौली, देशबन्धु।** थाना मझौली में एक अजीबोगरीब शिकायत की गई है जिसमें शिकायत कर्ता अजीत तिवारी निवासी पिता रमाकांत तिवारी निवासी नगर परिषद मझौली वार्ड क्रमांक 11 ने अपने शिकायत में कहा है कि वह 26 जून को रिजर्वेशन करा कर हैदराबाद जा रहा था और जैसे ही ट्रेन से कटनी रेलवे स्टेशन पहुंचा तो अंशू मिश्रा ग्राम जगहथा,तहसील अमरपाटन, जिला सतना के द्वारा फरियादी के मोबाइल नंबर पर धमकी देते हुए कहा कि तुम मेरी बहन को भगा कर ले जा रहे हो तब उसने कहा कि मैं अकेले जा रहा हूं मेरे 5 वर्ष की लड़की है मैं क्यों ऐसा कृत्य करूंगा। फिर मैं तुरंत अपने घर पिताजी के मोबाइल पर सारी जानकारी दिया जिनके द्वारा मुझे कटनी से वापस घर बुला लिया गया और मैं वापस आ गया जबकि अंशू मिश्रा के द्वारा रोज-रोज मोबाइल से धमकी दी जाती है कि मैं अपने बहन को मारा हूं एवं तुम्हारे खिलाफ बयान दिलाया हूं कि तुम मेरी बहन को बहला फुसलाकर हैदराबाद भगा ले जा रहे थे और उसके साथ गलत काम किए हो। यही सब झूठा बयान दिला कर तुम्हारे खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया हूं और तुम्हें जेल भेजवा कर रहूंगा।शिकायत में मांग की गई है कि प्रकरण दर्ज किया जाए एवं जांच की जाए जिससे शिकायतकर्ता पर झूठा केस दर्ज न हो और धमकी देने वाले के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच कार्यवाही की जाए।

## गुरु पूर्णिमा पर अमलेश्वर धाम आश्रम पहुंचे तीन हजार श्रद्धालु



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया और डिंडौरी जिले की सीमा पर बने अमलेश्वर धाम आश्रम में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। आश्रम में बुधवार से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। गुरु पूर्णिमा के मौके पर अब तक तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने आश्रम पहुंचकर दर्शन किया

कैलाश गुफा में भगवान शंकर के किए दर्शन श्रद्धालुओं ने सबसे पहले लक्ष्मण कुंड में स्नान किया। फिर कैलाश गुफा में विराजमान भगवान शंकर के दर्शन किए। भक्तों ने गुफा की परिक्रमा की। साथ ही पहाड़ से निकलती धारा और गया जी झरने का दर्शन भी किया।

बच्चू महाराज के शिष्य ने की प्रथम आरती अंतरराष्ट्रीय पंच दस जूना अखाड़े के श्री 108 श्री भगत गिरी (बच्चू महाराज) की पूजा-अर्चना की गई। उनके शिष्य संत रतन गिरी महाराज ने प्रथम आरती की। इस मौके पर विधायक शिवनारायण सिंह (लल्लू भैया) ने परिवार के साथ पहुंचकर महाराज जी की पूजा की।

आश्रम में अखंड मानस, कीर्तन और रामायण पाठ हुआ। कार्यक्रम हवन-यज्ञ के साथ संपन्न हुआ। इसके बाद कन्या भोज, ब्राह्मण भोज और भंडारे हुआ।

नियमित श्रद्धालु देवलाल सिंह ने बताया कि वे हर साल यहां आते हैं। वे गुरु जी की पूजा कर आशीर्वाद लेते हैं। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे।

## उपाध्यक्ष बनाए जाने पर रोहिणी रमण ने शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

**मझौली, देशबन्धु।** कई महीनो के इंतजार के बाद भाजपा मंडल मड़वास की कार्यकारिणी गठित की गई है जिसमें भाजपा पार्टी के कर्मष्ठ कार्यकर्ता जो की कई वर्षों तक भाजपा युवा मोर्चा मड़वास मंडल के अध्यक्ष पद के जिम्मेदारी निर्वहन करते हुए भाजपा मंडल के पूर्व कार्यकारिणी में भी उपाध्यक्ष की भूमिका निभा चुके हैं वर्तमान में विधायक प्रतिनिधि धौहनी की भूमिका निभा रहे चंदौहीडोल ग्राम पंचायत के अमोहराडोल निवासी रोहिणी रमण मिश्रा को पुन: अभी हाल ही में गठित की गई भाजपा मंडल मड़वास की कार्यकारिणी में बतौर उपाध्यक्ष शामिल किया गया है। जिसके लिए श्री मिश्रा द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, सीधी सांसद डॉ राजेश मिश्रा, क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह टेकाम मंडल अध्यक्ष के के मिश्रा के साथ शीर्ष नेतृत्व का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हुए पार्टी के प्रति कर्तव्य दायित्व निर्वहन का हर संभव भरोसा दिलाया है।

बताते चलें कि रोहिणी रमण मिश्रा कई वर्षों से पार्टी के प्रति लगनशीलता , कर्तव्य निष्ठा के साथ काम कर पार्टी को मजबूत करने का प्रयास करते आ रहे हैं इनकी गरीब व निम्न वर्गों के लोगों के साथ अच्छा तालमेल है विगत कई वर्षों से 70 से 80 प्रतिशत अदर काष्ट एससी, एसटी, ओबीसी वाली ग्राम पंचायत चदौहीडोल का नेतृत्व कर रहे हैं जहां पूर्व पंचवर्षीय योजना में उप सरपंच की भूमिका निभाते हुए लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ क्षेत्र के विकास में काफी योगदान दिए जिसका परिणाम रहा की 2023 के हुए चुनाव में धर्मपत्नी को भारी मतों से सरपंच पद पर विजय दिलाने में कामयाबी हासिल किए है। जो लगातार ग्राम पंचायत के लोगों के साथ क्षेत्र के लोगों की भी मदद करने में कभी पीछे नहीं हटते यही कारण है कि लोगों के बीच श्री मिश्रा अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। शायद उनकी इसी लोकप्रियता एवं पार्टी के प्रति कर्तव्य निष्ठा पूर्वक लग्नशीलता से काम करने के कारण इन्हें कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

## बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

**पन्ना, देशबन्धु।** म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत संचालित बीएसडब्लू एवं एमएसडब्लू पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नवीन प्रवेश के लिए प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर न्यूनतम शुल्क में उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर अपनी शैक्षणिक योग्यता में वृद्धि के लिए इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय से संबद्ध सोशल वर्क के स्नातक एवं स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रम के लिए सीमित सीट क्रमशः 40 एवं 50 उपलब्ध है। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी बीएसडब्लू एवं स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी एमएसडब्लू पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। आगामी दिवसों में परिणाम के लिए प्रतीक्षारत विद्यार्थियों द्वारा भी पंजीयन कर सीट बुक कराई जा सकती है। पन्ना जिले में शासकीस छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना, शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़, शासकीय महाविद्यालय गुनौर, शासकीय महाविद्यालय पवई और शासकीय महाविद्यालय शाहनगर में अध्ययन केन्द्र निर्धारित किया गया है।

पाठ्यक्रम की विशेषता

बीएसडब्लू एवं एमएसडब्लू की कक्षाएं केवल रविवार को लगाई जाएंगी। इससे विद्यार्थी नियमित रूप से महाविद्यालय में भी अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। कक्षाओं में परामर्शदाताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया जाता है। इस पाठ्यक्रम में टीसी जमा करने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही दो किश्तों में फीस जमा करने की सुविधा भी मिलेगी। ब्लॉक मुख्यालय पर कक्षाओं के संचालन के साथ नि:शुल्क पुस्तकें भी प्रदान की जाएंगी। विद्यार्थियों को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सीधा संवाद करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के उपरांत एनजीओ सेक्टर और अन्य योजनाओं में भी कार्य करने की पात्रता होगी। पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को फील्ड वर्क में संबंधित ग्राम सौंपा जाएगा, जिससे ग्राम स्तर पर शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कर विद्यार्थी अपनी पहचान और नेतृत्व क्षमता बढ़ा पाएंगे। प्रवेश के लिए अजयगढ़ विकासखण्ड समन्वयक क्षमा खरे से मोबाइल नंबर 8719902374, गुनौर एवं पवई विकासखण्ड समन्वयक जगदीश सिंह से मोबाइल नंबर 7000578037, शाहनगर विकासखण्ड समन्वयक राजेश बाबू अर्गल से मोबाइल नंबर 9425612486 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिला पंचायत कार्यालय परिसर में संचालित जन अभियान परिषद के जिला कार्यालय में अथवा दूरभाष क्रमांक 07732-250563 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

आवश्यक दस्तावेज

बीएसडब्लू पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, वोटर आईडी एवं दो फोटो आवश्यक है। कुल फीस 4500 रूपए निर्धारित है। पंजीयन शुल्क 100 रूपए एवं पोर्टल शुल्क 50 रूपए अतिरिक्त देय होगा। इसी तरह एमएसडब्लू पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए बीएसडब्लू पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए वांछित दस्तावेजों के अतिरिक्त स्नातक उपाधि उत्तीर्ण की अंकसूची भी अनिवार्य है। एमएसडब्लू के लिए कुल फीस 6500 रूपए निर्धारित है, जबकि पंजीयन शुल्क 100 रूपए एवं पोर्टल शुल्क 50 रूपए अतिरिक्त देय होगा।

## बीएलओ सुपरवाइजर का प्रशिक्षण 16 जुलाई को

**पन्ना, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत गत दिवस सभी विधानसभा स्तर पर बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। मतदाता सूची के संभावित गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए बीएलओ सुपरवाईजर को भी प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है। इसके लिए बुधवार, 16 जुलाई को जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित आठ स्थानों पर मास्टर टेऊनर्स द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इसमें पूर्व में विभिन्न कारणों से प्रशिक्षण प्राप्त करने से वंचित रहे बीएलओ भी शामिल होंगे। पवई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नवीन बीआरसी भवन जनपद शाहनगर में मास्टर ट्रेनर हुकुम सिंह यादव एवं शिवराम तिवारी व शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में नीरज तिवारी एवं मनीष रेजा प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इसी तरह गुनौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय अमानगंज में सुरेन्द्र कुमार द्विवेदी एवं देवेश कुमार दुबे, संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर में प्रदीप कुमार खरे एवं के.सी. गुप्ता तथा तहसील कार्यालय गुनौर में रामकुमार प्रजापति एवं सौमित्र कुमार मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जबकि पन्ना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अजयगढ़ में डॉ. दिनेश यादव एवं नंदपाल सिंह तथा डाइट पन्ना में प्रमोद कुमार खरे एवं हरिराम माली प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।


CMYK

# अमरकंटक में श्रद्धा और भक्ति की उमड़ी बयार

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** श्रावण मास के पहले दिन अनूपपुर जिले की आध्यात्मिक नगरी अमरकंटक शिवमय हो उठी। नर्मदा उद्गम स्थल से पवित्र जल लेकर कांवड़ियों ने बोल बम के जयकारों के साथ जालेश्वर धाम पहुंचकर भगवान जलेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। सावन की शुरुआत होते ही भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। अलसुबह से ही शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम प्रारंभ हो गया था। श्रद्धालुओं ने नर्मदा स्नान कर शिवालयों में पूजा-अर्चना की और पूरे मनोयोग से दूध, दही, घी, जल, बेलपत्र, धतूरा, आक और फूल अर्पित कर भगवान शंकर को प्रसन्न करने का प्रयास किया। मंदिरों के गर्भगृह बोल बम, हर-हर महादेव और ओम नमः शिवाय जैसे मंत्रोच्चार से गूंजते रहे।





**कांवड़ यात्रा बनी आस्था की प्रतीक** - हर वर्ष की भांति इस बार भी अमरकंटक से जल लेकर छत्तीसगढ़ की सीमा स्थित जालेश्वर धाम पहुंचने वाले कांवड़ यात्रियों का कारवां हजारों की संख्या में दिखाई दिया। श्रद्धालु नर्मदा कुंड से जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए जय नर्मदा, जय भोलेनाथ के जयकारों के साथ शिवधाम तक पहुंचे। इस दौरान कवर्धा, राजनांदगांव, बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों और मध्यप्रदेश के कई हिस्सों से आए भक्त शामिल हुए।

**सावन में शिव मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब** -अमरकंटक के अमरेश्वर महादेव, जालेश्वर महादेव, कपिलधारा शिव मंदिर सहित जिले के अन्य शिवालयों में भक्तों का सुबह से ही तांता लगा रहा। महिलाएं और अविवाहित युवतियां व्रत रखकर शिव की पूजा में लीन रहीं। भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से सुख, शांति और स्वास्थ्य की कामना की।

## सावन के पहले दिन झूमकर बरसे बदरा

**धार्मिक मान्यताओं से गूंजा श्रावण मास** - पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा अत्यंत फलदायक मानी जाती है। ऐसा विश्वास है कि इसी माह समुद्र मंथन में निकला विष भगवान शिव ने पिया था और देवताओं द्वारा किए गए जलाभिषेक से उन्होंने विष की तपन को शांत किया था। यही कारण है कि श्रावण में जलाभिषेक का विशेष महत्व है। माता पार्वती द्वारा सावन में भोलेनाथ की उपासना का भी उल्लेख मिलता है, जो आज भी श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

**प्रशासन और मंदिर समिति की रही चाक-चौबंद व्यवस्था** - श्रावण मास की शुरुआत से पूर्व नर्मदा मंदिर समिति और जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। श्रद्धालुओं की भीड़ को सुव्यवस्थित रखने, सुरक्षा, चिकित्सा और जलप्रदाय जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। नगर की गलियों से लेकर मंदिर परिसर तक साफ-सफाई और सजावट का विशेष ध्यान रखा गया। इस आध्यात्मिक माहौल में अमरकंटक नगरी पूरी तरह से शिव भक्ति में लीन रही। भक्तों के चेहरे पर उमंग और श्रद्धा की झलक साफ दिखाई दी। सावन के पहले ही दिन की ऐसी शुरुआत ने यह संकेत दे दिया है कि यह पूरा माह भक्ति, ऊर्जा और आस्था से परिपूर्ण रहने वाला है।

# वार्ड 13 में नाली तोड़ने की शिकायत, सीएमओ से जांच व कार्रवाई की मांग

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 उज्वल कॉलोनी में बनी नई नाली को अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़े जाने की शिकायत मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सौंपी गई है। वार्ड निवासी प्रदीप कुमार यादव ने सीएमओ को दिए आवेदन में बताया कि करीब 4 माह पूर्व 250 मीटर लंबी नाली का निर्माण जयंतराव के घर से आलोक पटेल के घर तक कराया गया था। लेकिन 6 जुलाई को किसी अज्ञात व्यक्ति ने नाली तोड़ दी और उसमें मिट्टी डालकर बंद कर दिया। आवेदक ने नाली को दोबारा खुलवाने और दोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर सीएमओ से जांच की अपेक्षा जताई जा रही है।



## सार-समाचार

### प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मिले स्वीकृति पत्र



**बिजुरी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के पात्र हितग्राहियों को शुक्रवार, 11 जुलाई को नगरपालिका परिषद बिजुरी द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम नगर परिषद सभागार में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वार्डों से आए हितग्राहियों को आवास योजना की स्वीकृति संबंधी दस्तावेज वितरित किए गए। पात्र नागरिकों को यह आश्वासन मिला कि शीघ्र ही उन्हें आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सहबिन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन कुमार साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र रिंकू शर्मा, महामंत्री कैलाश कोल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नपाकर्मी, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### एसईसीआर श्रमिक यूनियन को मिलेगा यूनियन कार्यालय, रेलवे बोर्ड ने दी मंजूरी

**अनूपपुर, देशबन्धु।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे (एसईसीआर) श्रमिक यूनियन को अब जल्द ही रेलवे ज़ोन व मंडल स्तर पर यूनियन कार्यालय की सुविधा मिल सकेगी। यह जानकारी ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एसईसीआर श्रमिक यूनियन के महामंत्री मनोज बेहरा ने दी। उन्होंने बताया कि 5-6 दिसंबर 2024 को हुए यूनियन मान्यता चुनाव में किसी भी यूनियन को आवश्यक 35 प्रतिशत मत नहीं मिल पाए। ऐसे में सीक्रेट बैलट मॉडलिटी के तहत सबसे अधिक वोट प्राप्त करने वाली यूनियन मजदूर कांग्रेस को मान्यता मिली, जबकि एसईसीआर श्रमिक यूनियन एवं अखंड रेल कर्मचारी संघ को सेक्शन 5.10 के तहत सीमित सुविधा देने की पात्रता प्राप्त हुई। एआईआरएफ महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा द्वारा यह मांग लगातार रेलवे बोर्ड स्तर पर उठाई गई कि जहां यूनियन मान्यता प्राप्त नहीं कर सकी है, वहां भी संगठन को कार्यालय उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे रेल कर्मचारियों से सीधे संवाद कर सकें। इस मांग को स्वीकारते हुए रेलवे बोर्ड की प्रधान कार्यकारी निदेशक रेनू शर्मा ने सभी महाप्रबंधकों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि एआईआरएफ व एनएफआईआर से संबद्ध यूनियनों को कार्यालय प्रदान किया जाए।



# वर्षा काल में सतर्क रहें पटवारी

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** वर्षा ऋतु में संभावित आपदाओं और प्राकृतिक घटनाओं को देखते हुए जिले के सभी पटवारियों को सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्देश शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्घटनाओं, आपदाओं और बीमारियों की संभावना अधिक होती है, ऐसे में पटवारी अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाएं और किसी भी आपात स्थिति की जानकारी तत्काल नियंत्रण कक्ष को दें, ताकि समय रहते राहत कार्य शुरू किए जा सकें।



श्री पांडेय ने कहा कि पटवारी अपने नियमित राजस्व कार्यों जैसे फॉर्मर रजिस्ट्री, फसल रजिस्टर (एफआर) और अन्य दस्तावेजों के अद्यतन को प्राथमिकता दें। उन्होंने जोर दिया कि भूमि विवाद, फसल क्षति या प्राकृतिक आपदा की स्थिति में पटवारी की भूमिका बेहद अहम होती है। शासन के निर्देशों का पालन करते हुए वे समय पर प्रशासन को क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराएं, ताकि राहत एवं पुनर्वास कार्यों को प्रभावी रूप से अंजाम दिया जा सके।

बैठक में अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप मोगरे ने निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी बाढ़, भूस्खलन या मकान गिरने जैसी घटना होने पर संबंधित पटवारी तत्काल मौके पर पहुंचे और त्वरित सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा या ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान होने पर तत्काल पंचनामा तैयार कर कार्यालय को भेजा जाए, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजा मिल सके। श्री मोगरे ने कहा कि वर्षा ऋतु में भूमि विवाद बढ़ जाते हैं, अतः पटवारी स्थलीय निरीक्षण कर न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही, यदि किसी क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों का प्रकोप हो तो पटवारी स्थानीय स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें और जनजागरूकता अभियान में सक्रिय सहयोग करें। बैठक में जिले के सभी पटवारी उपस्थित रहे तथा विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर उन्हें आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

# मजदूर कांग्रेस में युवाओं व अनुभवी नेताओं की नई टीम का गठन : पीतांबर लक्ष्मी नारायण

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर जोन में अब युवाओं और अनुभवी रेल नेताओं की समन्वित टीम तैयार की जा रही है। यह बात नवनिर्वाचित जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण ने बिलासपुर में अध्यक्ष एवं महामंत्री के पदभार ग्रहण समारोह में कही। उन्होंने कहा कि मजदूर कांग्रेस एक नए दौर में प्रवेश कर रही है, और इसमें नई पीढ़ी को अनुभव के साथ आगे लाया जाएगा। 3 जुलाई को नागपुर अधिवेशन में आयोजित जोनल कार्यकारिणी चुनाव में सर्वसम्मति से दिलीप कुमार स्वाइन को जोनल अध्यक्ष और पीतांबर लक्ष्मी नारायण को लगातार दूसरी बार जोनल महामंत्री चुना गया। उनके पहले बिलासपुर आगमन पर जोनल मजदूर कांग्रेस कार्यालय, बुधवारी बाजार में विजय अग्निहोत्री के नेतृत्व में भव्य स्वागत समारोह आयोजित हुआ। फूल-मालाओं, बुके और पटाखों के साथ स्वागत करते हुए महामंत्री लक्ष्मी नारायण ने अध्यक्ष स्वाइन को पदभार ग्रहण कराया। इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र कुमार धल, लक्ष्मण राव, बी. कृष्ण कुमार, डी.डी. महेश, राजेश सोनकर, शुभम उपाध्याय समेत कई पदाधिकारी व शाखा सचिव उपस्थित रहे।



## स्कूली वाहनों की चेकिंग, नौ पर लगा जुर्माना

**अनूपपुर, देशबन्धु।** शहर में स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं परिवहन नियमों के पालन की समीक्षा हेतु यातायात विभाग अनूपपुर द्वारा शुक्रवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 26 स्कूली वाहनों की गहन जांच की गई। चेकिंग के दौरान वाहनों के बीमा, परमिट, फिटनेस, प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्राइवर का वैध लाइसेंस और अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, सीसीटीवी कैमरा, दरवाजों का लॉकिंग सिस्टम जैसी अनिवार्य सुरक्षा सुविधाओं की भी पड़ताल की गई। जांच के दौरान 9 वाहनों में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं पाई गईं, जिन पर 14 हजार का चालानी जुर्माना लगाया गया।

सबसे बड़ी कार्यवाही महर्षि एंग्लो स्कूल की बस पर की गई, जो बिना वैध परमिट के संचालित हो रही थी। विभाग ने तत्काल प्रभाव से 10 हजार का जुर्माना लगाते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# संकल्प महाविद्यालय में सर्प मित्रों का सम्मान समारोह

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** वन्यजीव संरक्षण एवं जनहित में उत्कृष्ट कार्य कर रहे सर्प मित्रों का सम्मान समारोह संकल्प महाविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में सर्प मित्रों की सेवा भावना और साहसिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इनका योगदान समाज और पर्यावरण के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। सम्मानित किए गए सर्प मित्रों में शशिधर अग्रवाल, छोटे लाल यादव, मनोज कुमार यादव, नवीन और धर्मेंद्र कुमार यादव शामिल रहे। इन सभी ने वर्षा ऋतु में सर्पदंश जैसी आपात स्थितियों में लोगों की सहायता करने और सांपों को सुरक्षित स्थानों पर छोड़ने जैसे सराहनीय कार्य किए हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत उद्बोधन से हुई। मुख्य वक्ता शशिधर अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सर्पों के व्यवहार, उनके महत्व और उनसे जुड़े भ्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सांप प्रायः हानिकारक नहीं होते हैं और इनके संरक्षण से पारिस्थितिक तंत्र संतुलित रहता है। विद्यार्थियों ने विषय में गहरी रुचि दिखाते हुए अनेक प्रश्न पूछे, जिनका समाधान भी मौके पर किया गया।




अन्य वक्ताओं ने भी सर्प मित्रों के साहसिक कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे ये लोग निस्वार्थ भाव से आमजन की मदद करते हैं और पर्यावरण की रक्षा में योगदान देते हैं। शशिधर अग्रवाल के अनुभव और सेवा भावना को विशेष रूप से सराहा गया। अपने संबोधन में एसडीएम कमलेश पुरी ने कहा कि इन सर्प मित्रों की कार्यशैली हमें यह सिखाती है कि निस्वार्थ सेवा, जागरूकता और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता आज के समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के अंत में एसडीएम कमलेश पुरी एवं महाविद्यालय संचालक अंकित शुक्ला ने सभी सर्प मित्रों को शॉल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। श्री शुक्ला ने अपने आभार वक्तव्य में कहा कि संकल्प महाविद्यालय सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु सदैव तत्पर रहेगा। यह आयोजन न केवल वन्यजीवों के प्रति चेतना जगाने का कार्य करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि जब शिक्षा संस्थान और समाज मिलकर कदम उठाते हैं, तो एक सुरक्षित, जागरूक एवं संवेदनशील समाज का निर्माण संभव है।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 12 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। श्रावण कृष्ण पक्ष की द्वितीया, नक्षत्र-उ.षा.।**

मेष - आज आप पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर घरेलू मामलों के संबंध में विचार विमर्श करेंगे। घर को नए सिरे से योजनाबद्ध करके आप उसे एक नया स्वरूप देंगे।

वृषभ - आज आप विदेश में बसनेवाले मित्रों या स्नेहीजनों के अच्छे समाचार पाकर आनंद अनुभव कर सकेंगे। जो लोग विदेश जाना चाहते हैं, उनके लिए अच्छा समय है।

मिथुन - आज आपको काफी सावधानी रखने की जरुरत है। आज इलाज या शल्यचिकित्सा टालना बेहतर होगा। क्रोध से खुद की हानि कर लेंगे। दिमाग को शांत रखें। क-248-125

कर्क - वैभवी जीवन शैली तथा मनोरंजक प्रवृत्तियों से आज आप आनंदित रहेंगे। व्यापार में आप को लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

सिंह - मानसिक चिंता से मन चिंतित रहेगा। शंका और उदासी भी मन पर छाई रहेगी, इसलिए आज मन भारी रहेगा। किसी कारणवश दैनिक कामों में विघ्न आ सकते हैं।

कन्या - आज विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। संतान के विषय में आपको चिंता बनी रहेगी। शेयर-सट्टे से संभलकर चलिएगा। मन में खिन्नता का अनुभव होगा।

तुला - आपके लिए समय शुभ है। किसी बात को लेकर मन ज्यादा इमोशनल रहेगा। शारीरिक ताज़गी का अभाव रहेगा। मानसिक चिंता भी रहेगी। धन और यश की हानि हो सकती है।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आज आर्थिक लाभ होने के साथ-साथ भाग्य वृद्धि भी होगी। स्नेहीजनों के साथ संबंधों में प्रेम की अधिकता रहेगी।

धनु - आप का दिन मिश्रित फलदायी है। असमंजस के कारण निर्णय लेना कठिन होगा। मन में चिंता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो, इसका ध्यान रखें।

मकर - आज दिन की शुरूआत ईश्वर स्मरण से होने के कारण मन प्रफुल्लित रहेगा। पारिवारिक वातावरण मंगलमय रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से आपको उपहार प्राप्त होंगे।

कुंभ - आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता बनी रहेगी। परिजनों के साथ कलह होने की संभावना है। धन के लेनदेन या पूंजी निवेश करते समय ध्यान रखें।

मीन - आज आकस्मिक धनलाभ की संभावना अधिक है। संतान के विषय में शुभ समाचार प्राप्त होंगे। बचपन के या पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मॉ-556-238

2,7,3,8,23,78,39,82,45,53,62,19

# बिना एनओसी, बिना दीवार, मौत बांट रही बिजुरी कोल साइडिंग!

## प्रदूषण नियंत्रण के नियमों की खुलेआम उड़ाई धज्जियां, कपिलधारा कॉलोनी में बीमारियों का विस्फोट, प्रशासन मौन

**बिजुरी, देशबन्धु।** क्या आम जनता की जान की कीमत अब कागजी कार्रवाई से भी कम हो गई है? बिजुरी की साईं कृपा कोल साइडिंग पर जो हो रहा है, वह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि सीधे-सीधे जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। न एनओसी, न बाउंड्री वॉल, न धूल नियंत्रण फिर भी कोयले का अंधाधुंध भंडारण और परिवहन जारी है और सबसे शर्मनाक बात? कपिलधारा कॉलोनी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र से बस कुछ कदम की दूरी पर यह सब हो रहा है।

**धूल में दम तोड़ती जिंदगी**

कपिलधारा कॉलोनी के रहवासी आज सांस नहीं ले पा रहे शाब्दिक अर्थों में! कोयले की काली धूल हर सुबह उनके घरों में चुपचाप दाखिल हो जाती है। भोजन से लेकर फेफड़ों तक सबकुछ जहरीला हो चुका है। बच्चों को खेलने से रोका जा रहा है, बुजुर्ग दवाओं पर निर्भर हैं और प्रशासन फाइल देखने की बात कर रहा है!

**प्रदूषण नियंत्रण विभाग का काला सच** - एनओसी नहीं है। ईआईए रिपोर्ट नहीं है। बाउंड्री वॉल अभी बन रही है। सड़कें कच्ची, धूल नियंत्रण शून्य। फिर भी कोल साइडिंग फल-फूल रही है। क्या यह प्रदूषण विभाग की मिलीभगत नहीं तो और क्या है? संभागीय अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव फरमाते हैं कि हर जगह निरीक्षण नहीं हो पाता, सोमवार को फाइल देखकर बताएंगे। सवाल ये है कि तब तक लोग सांस कैसे लेंगे?



इतना ही नही संचालक का बचाव सिर्फ बहाना है। साइडिंग के संचालक आनंद तिवारी कहते हैं कि हमारे पास दस्तावेज हैं निर्माण कार्य जारी है, जनता पूछ रही है। बगैर दस्तावेजों के काम शुरू कैसे हुआ? किसकी छूट पर?

**यह सिर्फ धूल नहीं, एक व्यवस्था की बेशर्मी है** - हर कोयले की ट्रक के साथ जो धूल उड़ रही है, वह सिर्फ पर्यावरण को नहीं, भरोसे को भी प्रदूषित कर रही है। यहां नियम सिर्फ छोटे लोगों के लिए हैं और जिनके पास जुड़ाव है, उनके लिए सब माफ है। लेकिन जब जनता की सांसें बंद होती हैं, तो लोकतंत्र की नींव हिलती है।

आसपास की जनता ने मांग कि है कि तुरंत साइडिंग सील हो, जिम्मेदार अधिकारियों और संचालकों पर एफआईआर हो, रहवासियों के स्वास्थ्य परीक्षण हों तथा कोल साइडिंग को आबादी से दूर स्थानांतरित किया जाए।

**किसके संरक्षण में चल रहा है प्रदूषण का कारोबार** - यह सिर्फ एक कोल साइडिंग की बात नहीं है। यह उस सिस्टम की कहानी है जो फाइलों में इंसान को गिनता है और जमीन पर मौत को अनदेखा करता है। बिजुरी की जनता अब चुप नहीं बैठेगी। अगर प्रशासन नहीं जागा, तो अगली लहर सिर्फ कोयले की धूल नहीं होगी जनाक्रोश की आग भी होगी।

# 74 हितग्राहियों को मिली पक्के मकान की चाबी, 140 नवीन हितग्राही चिहिंत

- मानस भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यक्रम आयोजित



**सीधी देशबन्धु।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत इंदौर से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा प्रथम चरण के पूर्ण हुए आवासों का गृह प्रवेश एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी द्वितीय चरण के स्वीकृत आवासों के स्वीकृति पत्र का वितरण कार्यक्रम स्थानीय मानस भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक द्वारा प्रथम चरण के 74 हितग्राहियों के गृह प्रवेश में सांकेतिक रूप से चाबी देकर गृह प्रवेश कराया गया एवं 140 नवीन हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। विधायक श्रीमती पाठक ने लाभान्वित हितग्राहियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने हर गरीब के पक्का आवास का सपना पूरा करने का संकल्प लिया है। आज गरीबों को सपना साकार हो रहा है उन्हें आवास मिल रहा है और छुटे हुए हितग्राहियों को भी चिन्हित करके स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन की सरकार लोगों के जीवन में खुशहाली लाने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री के द्वारा आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक की दवाई की भी व्यवस्था की गई है। हर घर नल से जल, सभी को राशन, उज्वला गैस, रोजगार के लिए प्रशिक्षण, स्वरोजगार के लिए ऋण की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी मिनी अग्रवाल के द्वारा किया जाकर द्वितीय चरण और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के बारे में जानकारी दी गई।

## एक दिवसीय रोजगार मेला 15 जुलाई को

**सीधी।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ संदीप कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन की मंशा अनुसार जिले के बेरोजगार शिक्षित युवक-युवतियों हेतु युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर रोजगार मेला युवा संगम आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र सीधी के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन 15 जुलाई 2025 मंगलवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में किया जा रहा है।

# घर से गायब हुई किशोरी, बहरी पुलिस ने उत्तर प्रदेश से खोज कर सौंपा परिजनों को



**सीधी देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ.रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में थाना बहरी पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए लापता नाबालिग किशोरी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से दस्तयाब कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

मिली जानकारी के आधार पर 23 जून 25 को फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई है। इस सूचना पर थाना बहरी में धारा 137/2 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना बहरी पुलिस द्वारा सतत निगरानी, खोजबीन एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार प्रयागराज पहुंचकर अपहृता को दस्तयाब कर वापस लाकर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया। उक्त सराहनीय कार्रवाई में निरीक्षक राजेश पाण्डेय थाना प्रभारी बहरी, सहायक उपनिरीक्षक जय नारायण श्रीवास्तव, आरक्षक नन्दलाल यादव, महिला आरक्षक प्रियंका बेलदार, सायबर सेल से आरक्षक प्रदीप मिश्रा का विशेष योगदान रहा। जिनके बदौलत एक मासूम को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुँचाया गया।

## सार-समाचार

### समन्वय परिवार ने गुरु पूर्णिमा पर गुरु वंदना कार्यक्रम किया आयोजित



**रीवा देशबन्धु।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर समन्वय परिवार रीवा द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा पूर्वक आयोजित किया गया उक्त कार्यक्रम में सनातन संस्कृति और आध्यात्म में रुचि रखने वाले समन्वय परिवार के सदस्य गण ने एकत्रित होकर सर्वप्रथम गुरु पद्मविभूषित, महामण्डलेश्वर ब्रम्हलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरती, भजन एवं हनुमान चालीसा आदि का सामूहिक सस्वर पाठ किया इसके पश्चात समन्वय परिवार के अध्यक्ष आर बी मिश्रा ने विस्तार पूर्वक अपने उद्बोधन में समन्वय परिवार के कार्यक्रमों और विभिन्न गतिविधियों से उपस्थित जन का परिचय कराया तथा समस्त सदस्यों को समन्वय परिवार की ओर से गुरु पूर्णिमा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन सचिव के पी द्विवेदी ने किया एवं आभार प्रदर्शन रामकरण शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर धर्म, आध्यात्म और सनातन संस्कृति तथा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन और संरक्षण का संकल्प पारित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मानस मंडल के पूर्व अध्यक्ष अनुपम तिवारी वीरेंद्र मिश्रा, डॉक्टर सीडी दुबे, उमाशंकर तिवारी, कन्हैयालाल शुक्ला, पीयूषेन्द्र त्रिवेदी, जगन्नाथ प्रसाद तिवारी, सुरेश प्रसाद पांडे,शेषमणि मिश्रा, शिव शंकर त्रिपाठी, रामनिवास शर्मा, शिव शंकर दीक्षित, राजधर तिवारी आदि सदस्य गण उपस्थित रहे।

### रीवा संभाग में अब तक 357 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा देशबन्धु।** रीवा संभाग में एक जून से अब तक 357 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। संभाग में 11 जुलाई को 46 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 78 मिलीमीटर वर्षा मैहर जिले में दर्ज की गई। संभाग में एक जून से अब तक सर्वाधिक 537 मिलीमीटर वर्षा मऊगंज जिले में दर्ज की गई है। संभाग में इस अवधि में रीवा जिले में 189.2 मिलीमीटर, सतना में 285.6 मिलीमीटर, मैहर में 363.4 मिलीमीटर, सीधी में 418.9 मिलीमीटर तथा सिंगरौली जिले में 353 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में संभाग में 151 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। संभाग में सिंचाई के प्रमुख स्त्रोत बाणसागर बांध में 11 जुलाई को सुबह 8 बजे तक जल स्तर 339 मीटर तक पहुंच गया है। गत वर्ष 11 जुलाई तक इसका जल स्तर 332.31 मीटर पर था। बांध में 74 प्रतिशत जल भराव हो गया है।

# शिक्षक ई.अटेंडेंस के विरोध में कल निकालेंगे स्वाभिमान रैली

- मुख्यमंत्री के नाम सौपेंगे ज्ञापन




**सीधी देशबन्धु।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के आह्वान पर ई.अटेंडेंस के विरोध में 13 जुलाई 25 रविवार को शिक्षक स्वाभिमान रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौपेगें। हरीश मिश्रा जिलाध्यक्ष एवं विजय तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि सीधी सहित प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ शिक्षक स्वाभिमान रैली का आयोजन किया जा रहा है। ई. अटेंडेंस के विरोध के साथ ही केंद्र के कर्मचारियों की भांति पेंशन योजना का लाभ, लंबित एरियर्स भुगतान, लंबित क्रमोन्नति आदेश एवं राज्य शिक्षा सेवा में संविलियन के शेष आदेश जारी करने, नियुक्ति दिनांक से सेवावधि की गणना कर ग्रेज्युटी का लाभ प्रदान करने संबंधी मांगे प्रमुख रहेगी।

जिलाध्यक्ष हरीश मिश्रा एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष विजय तिवारी ने कहा है कि प्रदेश का हर शिक्षक सभी शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर बेहतर परीक्षा परिणाम दे रहा है, प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रदेश के छात्र आधिकारिक संख्या में चयनित होकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके बावजूद शिक्षकों को ही ई. अटेंडेंस की अनिवार्यता आखिर क्यों थोपी गई। यह भी कहा कि शिक्षकों को ई. अटेंडेंस की अनिवार्यता उनके स्वाभिमान पर गहरा आघात एवं शिक्षा व्यवस्था को अव्यवस्थित करने की सोची समझी चाल है।

ई. अटेंडेंस के विरोध में 13 जुलाई रविवार को स्थानीय विथिका भवन में जिले भर के शिक्षकों का एकत्रीकरण पश्चात रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाने हेतु सभी शिक्षकों से कार्यक्रम में शामिल होने हेतु हरीश मिश्रा जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों ने अपील की है।

# सेमरिया पुलिस ने अवैध रेत परिवह्न करते वाह्न को किया जब्त



**सीधी देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक डॉ.रविंद्र वर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी केदार परोहा के नेतृत्व में सेमरिया पुलिस द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है। बताया गया कि गश्त के दौरान थाना प्रभारी सेमरिया को एक टाटा 407 वाहन संदिग्ध अवस्था में मिला, जिसे रोककर जांच की गई। वाहन में रेत लोड पाई गई। चालक से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम बाबूलाल कोल पिता ललुआ कोल उम्र 26 वर्ष निवासी भेलकी थाना जमोड़ी, सीधी बताया। जब उससे वाहन में लोड रेत के वैध दस्तावेज टीपी मांगे गए तो वह दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी चालक बाबूलाल कोल का कृत्य बीएनएस एवं 4/21 खान व खनिज अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर उसके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। उक्त कार्रवाई में उनि. केदार परोहा थाना प्रभारी, सउनिण् भूपेंद्र बागरी, प्रधान आरक्षक पंकज, आरक्षक मुनीश, रविंद्र एवं रवि विशेष योगदान रहा।

# नप अध्यक्ष संदीप सिंह ने 15 हितग्राहियों को बांटे स्वीकृत पत्र

*पीएम आवास 2.0 में सीएम के उदवोधन का नप सिरमौर में सजीव प्रसारण*





**सिरमौर/रीवा देशबन्धु।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 योजना में नगर परिषद सिरमौर में ऑनलाइन आवेदनों के सर्वे और जांच उपरांत पात्र पाए गए प्रथम डीपीआर के पात्र 15 हितग्राहियों को आज नगर परिषद अध्यक्ष माननीय श्री संदीप सिंह जी, उपाध्यक्ष श्री विजय सोनी जी,पार्षदगण सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री संतोष कुमार सिंह जी की उपस्थिति में कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्वीकृत पत्र का वितरण किया गया । प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को स्वीकृत पत्र वितरण एवं हितलाभ वितरण के साथ नवीन आवास हितग्राहियों का गृह प्रवेश कार्यक्रम को लेकर नगर परिषद सिरमौर में कार्यक्रम आयोजित किया गया । जनसंपर्क प्रभारी अश्वनी तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नप अध्यक्ष श्री संदीप सिंह ने 15 हितग्राहियों को माल्यार्पण एवम बुके देकर हितग्राहियों को स्वीकृत पत्र वितरित किया गया । उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए नप अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि पीएम आवास योजना सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। शासन के निर्देशानुसार निकाय के सभी पात्र गरीब वर्ग के लोगों को आवास योजना का लाभ दिया जाएगा । इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विजय सोनी, पार्षद शैलेंद्र सिंह, पार्षद अमरजीत दहिया ,पार्षद गीता कोल ,पार्षद आसमा बेगम ,पार्षद प्रतिनिधि पंकज श्रीवास्तव ,गुड्डू खान, प्रवीण सिंह,अध्यक्ष निज सचिव मनोज सोनी, उपयंत्री पियूष सिंह, सहायक राजस्व निरीक्षक शंकर सुवन द्विवेदी, मोतीलाल मुडहा, अनिमेष पांडेय, आशुतोष द्विवेदी, दिनेश विश्वकर्मा,दीपक सोनी,प्रदीप सिंह, राल्ही, राम अशोक कुशवाहा,सतेंद्र तिवारी, शुभम सोधिया, सहित हितग्राही मौजूद रहे ।

**652 आनलाइन आवेदन किए गए**

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 में नगर परिषद सिरमौर के 15 वार्डो से 652 ऑनलाइन आवेदन किए गए हैं । इस संबंध में जानकारी देते हुए आवास प्रभारी ने बताया कि निकाय में प्राप्त ऑफलाइन आवेदन पत्रों की जांच अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग सिरमौर के आदेशानुसार राजस्व एवम निकाय की गठित संयुक्त टीम द्वारा सर्वे में पात्र पाए गए हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जा रहा है । प्रथम डीपीआर में 15 एवं शेष का सर्वे उपरांत लाभ दिया जाएगा ।

**सीएम के उदवोधन का सजीव प्रसारण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इंदौर स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत 65 हजार से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करने के साथ फेज 1.0 में निर्मित 45 हजार से अधिक आवासों का गृह-प्रवेश कार्यक्रम का नगर परिषद सिरमौर में एलईडी लगाकर लाइव प्रसारण किया गया।


## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक सीधी, जिला सीधी (म.प्र.)

क्रमांक/सिस/भण्डार/2025/8002 सीधी दिनाक 09/07/25

### विज्ञप्ति

जिला चिकित्सालय सीधी में स्थापित ऑक्सीजन पी. एस.ए. प्लांट 1000 एल पी एम. एवं 830 एल.पी. एम वास्ते कंज्यूमेबल उपकरण ( Operation Consumables ) को क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इस हेतु इच्छुक निविदादाताओं से खुली निविदा दिनाक 17.07.2025 तक आमंत्रित की जाती है निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु 1000.00 रूपये की डिमांड ड्राफ्ट सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला सीधी ( म.प्र. ) के नाम से जमा करने पर दिनांक 16.07.2025 तक कार्यालयीन समय में इस कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है. एवं प्राप्त निविदा खोलने की अंतिम तिथि 21.07.2025 सायं 05.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जावेगी, कंज्यूमेबल उपकरण का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | उपकरण का नाम | सामग्री की मात्रा | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1. | आयल फिल्टर | 02 नग | ऑक्सीजन पी.एस.ए. प्लांट 1000 एल. पी. एम. एवं 830 एल.पी.एम. हेतु |
| 2. | एयर फिल्टर | 02 नग | |
| 3. | सेपरेटर | 02 नग | |
| 4. | आयल कम्प्रेशर | 80 लीटर | |

( डॉ. एस. बी. खरे )
सिविल सर्जन, सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला सीधी ( म.प्र. )

## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्र.2767/नपानि/राजस्व/2025 रीवा दिनांक 10.07.2025

### अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जानकी पार्क रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है में निर्मित वारण्डा क्रमांक 11 व 26 श्री अशोक कुमार मूलचंदानी पिता स्व. श्री मोहनदास मूलचंदानी को 35 माह के लिये किराये पर आवंटित है जिसका नामान्तरण श्री दीपक चेलानी पिता स्व. श्री हरीराम चेलानी निवासी वार्ड क्र. 44, तोपखाना रीवा मध्यप्रदेश के नाम किये जाने हेतु दिनांक 12.06.2025 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त वारण्डा क्रमांक 11 व 26 के नामान्तरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात आवेदक श्री अशोक कुमार मूलचंदानी के आवेदन अनुसार उक्त वारण्डा क्रमांक 11 व 26 का नामान्तरण श्री दीपक चेलानी पिता स्व. श्री हरीराम चेलानी निवासी वार्ड क्र. 44, तोपखाना रीवा मध्यप्रदेश के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

उपायुक्त ( राजस्व )
नगर पालिक निगम
रीवा ( म.प्र. )


# फीडर सेपरेशन और नए विद्युत सब स्टेशन का निर्माण तय समय सीमा में करें: उप मुख्यमंत्री



**रीवा देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में कहा कि विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए कई परियोजनाओं में कार्य किया जा रहा है। फीडर सेपरेशन तथा नए विद्युत सब स्टेशन के निर्माण का कार्य तय समय सीमा में पूरा करें। शहर में पीटीएस चौराहा तथा चोरहटा में दो नए सब स्टेशन का निर्माण पूरा होने से विद्युत व्यवस्था बेहतर हुई है। शहर में कई स्थानों में विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इन्हें तत्काल बदलें। इनसे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। शहर में बिजली की ट्रिपिंग को रोकने के लिए भी प्रभावी उपाय करें। कई बिजली उपभोक्तओं द्वारा मीटर की जाँच के नाम पर परेशान करने की शिकायतें की गई हैं। जाँच के नाम पर ईमानदार बिजली उपभोक्ताओं को परेशान न करें। यदि कोई व्यक्ति बिजली की चोरी कर रहा है तो सही मूल्यांकन करके ही जुर्माना लगाएं। ईमानदारी से बिजली का बिल भुगतान करने वालों को किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माणाधीन सिक्स लेन बायपास रोड से बिजली लाइनों की तत्काल शिफ्टिंग कराएं। प्रस्तावित सड़क में भूमिगत विद्युत लाइन बिछाने का कार्य प्रस्तावित करें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रमा पाण्डेय ने बताया कि खराब विद्युत पोल बदलने के लिए एक करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा गया है। इसका कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने का कार्य पूरा हो गया है। खराब ट्रांसफार्मर तय समय सीमा में बदले जा रहे हैं। संभाग के सभी डिपो में पर्याप्त संख्या में ट्रांसफार्मर उपलब्ध हैं। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, अधीक्षण यंत्री बीके शुक्ला, जन प्रतिनिधि गण, अन्य अधिकारी तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## धरती आबा अभियान का आयोजन 13 को

**रीवा देशबन्धु।** अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा धरती आबा जन भागीदारी अभियान का आयोजन 13 जुलाई को माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे।

# संजय अस्पताल में कृपाल रूहानी मिशन द्वारा चिलर प्लांट स्थापित



**गुढ, देशबन्धु।** कृपाल रूहानी मिशन द्वारा चिलर प्लांट की स्थापना की गई है जिसमें मरीजों को मिलेगा 24 घंटे ठंडा पानी परमपिता परमेश्वर की असीम दया से नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह के सौजन्य एवं प्रेरणा से सावन कृपाल रूहानी मिशन की ओर से संजय गांधी अस्पताल, रीवा की ओपीडी के सामने चिलर प्लांट स्थापित किया गया है। इस चिलर प्लांट की क्षमता 1000 लीटर पानी को मात्र 3 घंटे में ठंडा करने की है। इससे भीषण गर्मी में 24 घंटे मरीजों और उनके परिजनों को ठंडा व सादा पानी उपलब्ध रहेगा।इस सेवा कार्य के सफल संचालन में डॉ. अर्चना सिंह के भाई धीरज कुमार का विशेष सहयोग रहा।

गौरतलब है कि इस मिशन के मुख्य गुरु संत राजेन्द्रर सिंह जी महाराज हैं। अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय कृपाल आश्रम, विजयनगर, दिल्ली में स्थित है, जबकि पश्चिमी देशों का केंद्र साइंस ऑफ स्प्रिंचुआलिटी सेंटर नेप्रविले, इलिनॉय (उत्तर अमेरिका) में है। वर्तमान में मिशन के 2200 से अधिक केंद्र 54 देशों में कार्यरत हैं।

मिशन का उद्देश्य रूहानी शांति, ध्यान, सेवा और सदाचरण के जरिए मानवता की सेवा करना है। यहां हर जाति, धर्म, उम्र का व्यक्ति ध्यान अभ्यास सीखकर जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जा सकता है। मिशन से जुड़े छात्र-छात्राओं को निष्काम सेवा के लिए प्रेरित किया जाता है। मानव सेवा मिशन के प्रमुख उद्देश्य में शामिल है। प्राकृतिक आपदाओं — जैसे कोलंबिया में ज्वालामुखी, मेक्सिको में भूकंप, भारत के कई राज्यों में बाढ़, इथियोपिया में भुखमरी व मियामी (फ्लोरिडा) में तूफान के समय मिशन ने धन व औषधीय सामग्री से सहायता की है। इस पावन सेवा कार्य के लिए नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह एवं उनके परिवारजनों विशेषकर धीरज कुमार के योगदान की जनमानस द्वारा सराहना की जा रही है। .


## न्यायालय कमिश्नर फॉर वर्कमेन कम्पनशेषन श्रम न्यायालय रीवा (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक .../डब्लू.सी.ए./2025वि
मृतक- स्व. अमृतलाल

### सूचना-पत्र

उपरोक्त प्रकरण में आपको सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रमिक स्व. श्री अमृतलाल पटेल पिता स्व. श्री रामकृपाल पटेल अनावेदक जेपी इन्डस्ट्रीयल एंड मेडिकल सर्विस जेपी नगर रीवा में बतौर कर्मकार के पद पर कार्य कर रहा था कार्य के दौरान दिनांक 18.10.24 को नियोजन के दौरान हुई दुर्घटना उपरान्त उसकी मृत्यु हो गई। अनावेदक संस्थान द्वारा मृतक वारिशों के हित में क्षतिपूर्ति राशि 09,07,875/- वितरण हेतु इस न्यायालय में जमा कराया गया है।

उपरोक्त प्रकरण मृतक के आश्रितों की पहचान व जांच हेतु दिनांक 21.07.2025 नियत की गई है। अत: यदि आप अथवा अन्य कोई व्यक्ति वर्कमेन कम्पनशेषन एक्ट की धारा 2 (डी) के अंतर्गत मृतक के आश्रित हो तो आप वह दिनांक 21.07.2025 समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र एवं आश्रित होने बावत् प्रमाण पेश करें। मृतक के आश्रित होने के प्रमाण हेतु स्थानीय मजिस्ट्रेट, कलेक्टर या किसी शासकीय विज्ञप्ति अधिकारी द्वारा स्वयं का फोटो अटेस्टेड करवाकर पहचान हेतु पेश करें। यदि हो तो मृतक के नाबालिक बच्चों को साथ लावें।

आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया है।

( अमित नगायच )
कमिश्नर
फॉर वर्कमेन कम्पनशेषन
श्रम न्यायालय रीवा ( म.प्र. )

## न्यायालय कमिश्नर फॉर वर्कमेन कम्पनशेषन श्रम न्यायालय रीवा (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक .../डब्लू.सी.ए./2025वि
मृतक- स्व. आकाश सिंह

### सूचना-पत्र

उपरोक्त प्रकरण में आपको सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रमिक स्व. आकाश सिंह पिता कृष्णप्रताप सिंह अनावेदक क्र. 1 के वाहन में बतौर चालक के पद पर कार्य कर रहा था कार्य के दौरान दिनांक 21.06.20 को नियोजन के दौरान हुई दुर्घटना उपरान्त उसकी मृत्यु हो गई। न्यायालय आदेश दिनांक 05.12.24 के पालन में अनावेदक द्वारा क्षतिपूर्ति राशि 15,40,697/- वितरण हेतु इस न्यायालय में जमा कराया गया है।

उपरोक्त प्रकरण मृतक के आश्रितों की पहचान व जांच हेतु दिनांक 24.07.2025 नियत की गई है। अत: यदि आप अथवा अन्य कोई व्यक्ति वर्कमेन कम्पनशेषन एक्ट की धारा 2 (डी) के अंतर्गत मृतक के आश्रित हो तो आप वह दिनांक 24.07.2025 समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र एवं आश्रित होने बावत् प्रमाण पेश करें। मृतक के आश्रित होने के प्रमाण हेतु स्थानीय मजिस्ट्रेट, कलेक्टर या किसी शासकीय विज्ञप्ति अधिकारी द्वारा स्वयं का फोटो अटेस्टेड करवाकर पहचान हेतु पेश करें। यदि हो तो मृतक के नाबालिक बच्चों को साथ लावें।

आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया है।

( अमित नगायच )
कमिश्नर
फॉर वर्कमेन कम्पनशेषन
श्रम न्यायालय रीवा ( म.प्र. )

## लॉस एंजिलिस में सुरंग का एक हिस्सा ढहा, सभी 31 श्रमिक सुरक्षित

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में बुधवार शाम को विशाल औद्योगिक सुरंग के एक हिस्से के ढह गया। हालांकि, 31 निर्माण श्रमिक सुरक्षित बाहर निकल आए। सुरंग बोरिंग मशीन से आठ किलोमीटर अंदर का हिस्सा ढहा था। श्रमिक लगभग 121 मीटर गहराई पर थे। अधिकारियों ने कहा कि वे अब भी घटना के कारण की जांच कर रहे हैं। श्रमिकों ने सुरंग के एक हिस्से के ढहने के बाद 19.3 मीटर ऊंचे मिट्टी के ढेर पर चढ़कर सुरंग बोरिंग मशीन तक पहुंचे। बाद में उन्हें सुरंग के मुहाने पर वापस लाया गया। अधिकारियों ने कहा कि बचाए गए श्रमिकों में से किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आईं। लॉस एंजिलिस सिटी काउंसिल के सदस्य ने श्रमिकों की शांति बनाए रखने की प्रशंसा की।

### ट्रंप के ब्राजील पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से नाराज ब्राजीलियाई राष्ट्रपति ने कहा

# ट्रंप को जानना होगा कि दुनिया बदल गई, हमें कोई सम्राट नहीं चाहिए

**वाशिंगटन, (एजेंसियां)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्राजील पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप ने अपने नवीनतम टैरिफ लेटर में इस योजना की घोषणा की, जिसे सोशल मीडिया पर साझा किया गया। इस घोषणा के बाद ब्राजीलियाई राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने भी आर्थिक प्रतिशोध की चेतावनी दी।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने ब्राजील पर अमेरिकी तकनीकी कंपनियों पर हमले करने और पूर्व ब्राजीलियाई राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो के खिलाफ विच हंटिंग का आरोप लगाया। जेयर बोल्सोनारो पर 2022 के चुनाव को पलटने की साजिश में कथित भूमिका के लिए मुकदमा चल रहा है।

ब्राजीलियाई राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप के इस वार पर पलटवार किया। उन्होंने आर्थिक प्रतिशोध का जिक्र कर कहा कि ब्राजील पर टैरिफ बढ़ाने पर जवाबी कार्रवाई की जाएगी, और उन्होंने देश



- **ब्राजीलियाई राष्ट्रपति ने दी आर्थिक प्रतिशोध की चेतावनी**
- **ट्रंप ने इस हफ्ते दुनिया भर के देशों को 22 पत्र भेजे**

की न्यायिक व्यवस्था में किसी भी तरह के हस्तक्षेप के खिलाफ चेतावनी दी।

राष्ट्रपति लूला ने सोमवार को ट्रंप की सोशल मीडिया धमकियों पर पलटवार किया। लूला ने कहा कि उन्हें यह जानना होगा कि दुनिया बदल गई है। हमें कोई सम्राट नहीं चाहिए। इस हफ्ते की शुरुआत में बोल्सोनारो के मुकदमे को लेकर भी ट्रंप और लूला में बहस हुई थी। उस समय, लूला ने कहा था कि ब्राजील किसी के भी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करेगा और कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। ट्रंप ने इस हफ्ते दुनिया भर के देशों को 22 पत्र भेजे हैं, जिनमें जापान, दक्षिण कोरिया और श्रीलंका जैसे व्यापारिक साझेदार भी शामिल हैं, जिनमें उनके उत्पादों पर नए टैरिफ की रूपरेखा दी गई है। इन कदमों से अप्रैल में उनके द्वारा प्रस्तावित योजनाओं को पुनर्जीवित करने में काफी मदद मिली है, लेकिन वित्तीय बाजारों की नकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद उन्हें स्थगित कर दिया गया था। कई अन्य देशों के विपरीत, पिछले साल अमेरिका ने ब्राजील से खरीदे गए उत्पादों की तुलना में ब्राजील में ज्यादा सामान बेचा था।

### अमेरिका से नए शुल्क मसले पर वार्ता करेगा मेक्सिको

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा है कि मेक्सिको का एक प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात कर नए व्यापार शुल्कों पर बातचीत कर बेहतर समाधान का प्रयास करेगा।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए आयात शुल्क पर उन्होंने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सुश्री शीनबाम ने कहा कि एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल गुरूवार को वाशिंगटन डी सी जाएगा। सुश्री शीनबाम ने कहा कि इस सप्ताह हमारी एक टीम इस वैश्विक समझौते पर काम करने के लिए अमेरिका की यात्रा पर जा रही है। हमने इस मामले में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ जी7 में चर्चा की थी। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई वित्त मंत्री मार्सेलो एबरार्ड करेंगे और इसमें वित्त और विदेश मामलों के सचिवालयों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस वार्ता का एजेंडा मुक्त व्यापार पर मौजूदा अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौते (यूएसएमसीए) से कही व्यापक होगा जिसमें सुरक्षा, आव्रजन और व्यापार के तीन प्रमुख मुद्दों पर व्यापक रणनीतिक सहयोग पर बात की जाएगी। इस दौरान अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर 'सुरक्षा' का मसला अहम होगा और व्यापार नए शुल्कों की संभावना पर केंद्रित होगा।

### दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति रिहाई के तुरंत बाद फिर हिरासत में

**सोल, (एजेंसियां)।** दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल को रिहाई के कुछ ही समय बाद न्यायिक हिरासत में ले लिया गया क्योंकि उनके खिलाफ पिछले साल मार्शल लॉ की घोषणा के मामले में दूसरी जांच लंबित है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक जांच का नेतृत्व कर रहे स्वतंत्र वकील ने बताया कि सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सबूतों के नष्ट होने की आशंका के चलते गुरूवार सुबह श्री येओल की दोबारा गिरफ्तारी के वारंट को मंजूरी दे दी। पिछले साल दिसंबर में श्री येओल ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए देश में मार्शल लॉ लागू कर दिया था जिसकी वजह से दक्षिण कोरिया संवैधानिक और राजनीतिक संकट में फंस गया था। उनके इस फैसले को देश के लोकतंत्र पर हमला करार दिया गया था। उन्होंने सांसदों द्वारा राष्ट्रीय एसेम्बली में जबरदस्ती घुसने और इसे रोकने के लिए मतदान करने के छह घंटे के अंदर अपना रूख बदल लिया था। श्री येओल को जनवरी में विद्रोह का नेतृत्व करने और संविधान की अवहेलना करने के आरोप में हिरासत में लिया गया था और वे दक्षिण कोरिया के इतिहास में गिरफ्तार होने वाले पहले राष्ट्रपति बन गए।



### आज का इतिहास

1290– इंग्लैंड के सम्राट एडवर्ड प्रथम के आदेश पर यहूदियों को बाहर निकाला गया।
1346– लक्जमबर्ग के चार्ल्स चतुर्थ को रोमन साम्राज्य का शासक नियुक्त किया गया।
1673– नीदरलैंड और डेनमार्क के बीच रक्षा संधि पर हस्ताक्षर हुए।
1690– विलियम ऑफ ऑरेंज के नेतृत्व में प्रोटेस्टेंटों ने रोमन कैथोलिक सेना को पराजित किया।
1801– अल्जीसिरास की लड़ाई में ब्रिटेन ने फ्रांस और स्पेन को पराजित किया।
1823– भारत में निर्मित प्रथम वाष्प इंजन युक्त जहाज 'डायना' का कलकत्ता (अब कोलकाता) में जलावतरण।
1862– अमेरिकी कांग्रेस ने मेडल ऑफ ऑनर को प्राधिकृत किया।
1912– 'क्वीन एलिजाबेथ' अमेरिका में प्रदर्शित होने वाली पहली विदेशी फिल्म बनी।

### सुडोकू 6971

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | | | |
| | | | 4 | | 8 | | 7 | |
| 4 | | 7 | 9 | 5 | 3 | | 8 | |
| 9 | | 5 | | | | | | |
| 8 | | 1 | | 4 | | 7 | | 5 |
| | | | | | | 9 | | 1 |
| | 9 | | 8 | 2 | 1 | 4 | | 7 |
| | 8 | | 6 | | 4 | | | |
| | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### सार संक्षेप

#### कलकत्ता हाई कोर्ट ने ओडिशा में बंगाली प्रवासी मजदूरों की हिरासत पर चिंता जताई

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ओडिशा में पश्चिम बंगाल के प्रवासी श्रमिकों को कथित तौर पर हिरासत में लिये जाने पर गंभीर चिंता जताई है और मुख्य सचिव मनोज पंत को ओडिशा सरकार से इस दिशा में तुरंत जवाब प्राप्त करने का निर्देश दिया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति रीताब्रत कुमार मित्रा की खंडपीठ ने गुरुवार को कई महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए। 'इनमें पूछा गया कि प्रवासी मजदूरों को क्यों और किस आधार पर हिरासत में लिया गया । इस मामले में क्या कोई प्राथमिकी दर्ज की गई है और उनकी हिरासत के बाद क्या कार्रवाई की गई है तथा मज़दूरों को वर्तमान में कहाँ रखा गया है? पीठ ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे इस मामले से अपने समकक्ष को अवगत कराएँ।

#### दक्षिणी तमिलनाडु के 4 टोल प्लाजा पर सरकारी बसों का प्रवेश था बैन, मद्रास हाईकोर्ट ने रोक हटाई

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में 4 टोल प्लाजा पर सरकारी बसों के प्रवेश पर लगी रोक को अस्थायी रूप से हटा दिया है। यह नया आदेश 31 जुलाई तक लागू रहेगा। पहले कोर्ट ने बकाया टोल भुगतान के कारण सरकारी बसों के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्देश दिया था।

# रूस ने कीव पर बड़े पैमाने पर जारी रखे हवाई हमले

**कीव, (एजेंसियां)।** रूस ने बुधवार रात लगातार दूसरे दिन यूक्रेन की राजधानी कीव पर 700 से ज़्यादा ड्रोन दागकर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। रूस के इस हवाई हमले के बाद उत्तरी अटंलाटिक संधि संगठन (नाटो) के लड़ाकू विमानों को पोलैंड के हवाई क्षेत्र में आना पड़ा।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि इस बड़े रूसी हमले में विभिन्न प्रकार के 728 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था जिनमें 300 से ज़्यादा शाहेड और 13 मिसाइलें किंजल और इस्कैंडर्स शामिल थीं।

उन्होंने कहा कि ज़्यादातर ड्रोनों को मार गिराया गया। हमारे इंटरसेप्टर ड्रोन का इस्तेमाल कर दुश्मन के दस से अधिक ठिकानों को मार गिराया गया। हम इस तकनीक का विस्तार कर रहे हैं और जवाबी कार्रवाई में मोबाइल फायर ग्रुप भी सक्रिय थे। उन्होंने भी कई ड्रोनों को मार गिराया। मैं अपने सभी बहादुर जवानों को उनकी सटीकता के लिए धन्यवाद देता हूं। श्री ज़ेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में, कहा कि कल रात, रूस ने एक विशाल संयुक्त हमला किया जो लगभग 10 घंटे तक चला। बैलिस्टिक मिसाइलों सहित 18 मिसाइलों और लगभग 400 हमलावर ड्रोनों का इस्तेमाल किया गया उनमें से लगभग 200 शाहेड थे। उन्होंने लिखा हमले का मुख्य लक्ष्य कीव और आसपास का क्षेत्र था। चेर्निहीव, सूमी, पोल्टावा, किरोवोग्राद और खार्किव क्षेत्र भी हमले की चपेट में आए। दुख की बात है कि कीव में दो लोगों के मारे जाने की खबर है - मेरी संवेदनाएं उनके परिवारों और प्रियजनों के साथ हैं। अभी तक हमें 16 लोगों के घायल होने की जानकारी है।



कीव अधिकारियों के अनुसार इन हमलों में कम से कम दो लोग मारे गए और बारह से ज़्यादा घायल हुए। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार इन हमलों में 728 ड्रोन और 13 मिसाइलें दागी गईं, जिनमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई।

अधिकारियों के अनुसार शहर में घर, आवासीय भवन, कारें, गोदाम, कार्यालय और अन्य इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और उनमें आग लग गई।

### रूसी सेना को मिली सुखोई जहाजों की एक और खेप

**मॉस्को।** यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझी रूसी फौज को जंगी जहाज सुखोई -34 की एक और खेप मिल गई है। इन जहाजों को बनाने का काम यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (यूएसी) के पास है। यूएसी की मूल कंपनी रोस्टेक ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्रालय को लड़ाकू बमवर्षक सुखोई -34 की पांचवीं खेप सौंप दी गई है। रोस्टेक ने एक पायलट के हवाले से कहा कि सुखोई -34 की ताकत यह है कि यह कई तरह के कामों को बखूबी अंजाम दे सकता है। खासतौर पर इसके हथियारों की रेंज और लड़ाकू अभियानों को अंजाम देने के तरीका विशिष्ट है।



# हमास ने की युद्धविराम के लिए 10 कैदियों को रिहा करने की पेशकश

**यरूशलम, (एजेंसियां)।** हमास ने इजरायल के 'अड़ियल' रवैये के कारण युद्ध विराम वार्ता को कठिन बता हुए कहा कि वह बाधाओं को दूर करने के लिए गंभीरता से काम कर रहा है। यह जानकारी डॉन ने गुरुवार को दी।

फिलिस्तीनी समूह ने घोषणा किया कि वह चल रहे शांति प्रयासों के बीच 10 कैदियों को रिहा करेगा लेकिन स्पष्ट किया कि समझौते में अभी भी कई अड़चनें हैं, जिनमें सहायता के प्रवाह को सुगम बनाना, गाजा से इजरायली सेना की वापसी और स्थायी युद्ध विराम की वास्तविक गारंटी शामिल हैं। हमास द्वारा यह घोषणा कतर की मध्यस्थता में चार दिनों तक चली अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद की गई है।

हमास ने कहा कि इजरायल की हठधर्मिता के कारण अब तक इन मुद्दों पर बातचीत में आ रही कठिनाईयों के बावजूद हम बाधाओं को दूर करने, अपने लोगों की पीड़ा को समाप्त करने और स्वतंत्रता, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन की उनकी आकांक्षाओं को सुनिश्चित करने के लिए मध्यस्थों के साथ गंभीरता एवं सकारात्मक भावना के साथ काम कर रहे हैं। युद्ध विराम वार्ता के करीबी एक फिलिस्तीनी अधिकारी ने संकेत दिया कि इजरायल अभी भी गाजा में सहायता के मुक्त प्रवेश की अनुमति देने से इनकार करके समझौते को रोक रहा है। दोहा में हुई वार्ता के जानकार एक फिलिस्तीनी सूत्र ने कहा कि इजरायली प्रतिनिधिमंडल बातचीत करने के बजाय ज्यादातर सुन रहा था जो कि किसी भी संभावित समझौते में बाधा डालने और उसे विफल करने की इजरायल की नीति को दर्शाता है। इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वाशिंगटन में शीर्ष अधिकारियों के साथ उत्साहजनक बैठक की जो राष्ट्रपति ट्रंप की इस सप्ताह या अगले सप्ताह गाजा में युद्ध विराम की उम्मीदों के अनुरूप है। श्री नेतन्याहू ने फॉक्स बिज़नेस नेटवर्क से कहा, ''मुझे लगता है कि हम समझौते के करीब पहुंच रहे हैं। इसकी अधिक संभावना है कि हम समझौता कर लेंगे''



- **बेंजामिन नेतन्याहू ने वाशिंगटन में शीर्ष अधिकारियों के साथ की बैठक**

### मालवाहक जहाज पर हूती के हमले में 15 लापता

**यरुशलम,** 10 जुलाई (एजेंसियां)। यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में इटरनिटी सी जहाज पर हमला कर उसे डुबोने का दावा किया। यूरोपीय संघ नौसैनिक बल ने बताया कि डूबे इटरनिटी सी जहाज के क्रू मेंबर्स के छह सदस्यों को बचाया गया और अन्य 15 अभी भी लापता हैं। पिछले कुछ दिनों में यह इस तरह का दूसरा बड़ा हमला है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को हुए इस हमले में यूनान के स्वामित्व वाला जहाज इटरनिटी सी के डूबने से कम से कम चार नाविकों की मौत हो गई तथा 15 अन्य लापता हो गए। हूती ने एक बयान में कहा कि इटरनिटी सी जहाज पर हमला एक मानवरहित नाव और मिसाइलों का उपयोग कर किया गया था और इसका उद्देश्य गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाना था, जिससे इजरायली सेना पर गाजा पर हमले रोकने के लिए दबाव डाला जा सके। हूती के प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि इटरनिटी सी पर हमला तब किया गया जब यह इजरायल की ओर बढ़ रहा था।

### वर्ग पहेली 6971

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. जीवन का अवलंब, सहारा, प्रियतम, पति
३. हलचल, घबराहट, उथल-पुथल
५. भद्दा, विशाल, भयंकर दुर्गम
६. समय का बोध कराने वाला
७. कुटुंब
९. माथा, ललाट
१०. समीपता
१२. उपकरण, आला, कोई काम करने का साधन (उर्दू)
१३. उस ओर का, दूसरी ओर का
१४. सेविका, दासी
१६. चारों दिशाओं में से एक दिशा
१८. उच्च कुल में उत्पन्न
२०. सालाना
२१. जंगल में पैदा होने वाला
२३. दयालु, उदारमना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**
१. सवेरे का समय
२. अविच्छिन्न रूप से होने या चलने वाला
३. अनबन, मनमुटाव
४. उपद्रव, दंगा (उर्दू)
५. बेचैनी, व्याकुलता
८. कामदेव
१०. जो किसी से न डरे
११. पतली शाखा, डाली
१२. संतान
१३. ऐसी समस्या जो शीघ्र हल न किया जा सके, बुझौवल
१४. नवयुवक (उर्दू)
१५. राजा.या शासन को दिया जाने वाला कर
१७. सीता
१८. फूल, पुष्प
१९. नया, नवीन
२२. वृक्ष, पेड़

### वर्ग पहेली-6970

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ म | स | २ ख | रा | ■ | ■ | ३ वि | मा | ४ नि | त |
| णि | ■ | ब | ■ | ५ मो | ह | क | ■ | र्जी | ■ |
| ६ बं | द | र | गा | ह | ■ | ७ ल | ब्ध | व | ८ र |
| ध | ■ | दा | ■ | ९ पा | त्र | ता | ■ | ■ | वि |
| ■ | १० प | र | ११ व | श | ■ | ■ | १२ अ | त्यं | त |
| ■ | ह | ■ | र्ण | ■ | १३ प्र | ति | भा | ■ | न |
| १४ मू | ल | १५ ध | न | ■ | वा | ■ | १६ व | १७ ल | य |
| ल्यां | ■ | न्य | ■ | १८ ब | ह | १९ रा | ■ | ल | ■ |
| २० क | ले | वा | ■ | ढ़ि | ■ | २१ क्ष | यं | क | २२ र |
| न | ■ | २३ द | कि | या | नू | स | ■ | ■ | द्द |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### चिंताजनक

#### बीजिंग में भारी बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त

# बीजिंग मौसम विज्ञान वेधशाला ने जारी किया ब्लू अलर्ट

**बीजिंग, (एजेंसियां)। बीजिंग ने गुरुवार सुबह तेज गरज के साथ बारिश को लेकर ब्लू अलर्ट जारी किया और पूरे शहर में बाढ़ नियंत्रण के लिए लेवल-चार आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू की। बुधवार रात तक बीजिंग में भारी बारिश हुई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, बीजिंग मौसम विज्ञान वेधशाला ने गुरुवार सुबह 6.33 बजे (स्थानीय समयानुसार) चेतावनी जारी की।**

**नगर निगम के मौसम विभाग की ओर से गुरुवार सुबह लगभग 7 बजे जारी आंकड़ों के अनुसार, शहर के अधिकांश क्षेत्रों में प्रति घंटे 30 मिमी से अधिक वर्षा और छह घंटे में 50 मिमी से अधिक वर्षा होने के साथ तेज बारिश होने की आशंका है।**

- **चीन में मौसम चेतावनी के लिए है चार स्तर की प्रणाली**
- **पिछले कुछ वर्षों से चीन में बिगड़े मौसम ने खड़ी की कई परेशानियां**

पर्वतीय और पहाड़ी क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़, भूस्खलन और भूस्खलन जैसी संभावित आपदाओं का सामना करना पड़ सकता है, जबकि निचले इलाकों में जलभराव की समस्या हो सकती है। बीजिंग ने गुरुवार सुबह 7 बजे पूरे शहर में लेवल-4 फ्लड कंट्रोल इमरजेंसी रिस्पॉन्स शुरू किया।

स्थानीय अधिकारियों ने सभी संबंधित विभागों को बाढ़ रोकने के उपाय करने की सलाह दी और लोगों से मौसम के बारे में अपडेट रहने, छाता रखने और ऊंची इमारतों या होर्डिंग्स के पास शरण लेने से बचने की अपील की।



वाहन चालकों को सलाह दी गई कि वे फिसलन भरी सड़कों पर सावधानी बरतें तथा बाढ़ वाले क्षेत्रों से दूर रहें। चीन में मौसम चेतावनी के लिए चार स्तर की प्रणाली है। इसमें लाल रंग सबसे गंभीर चेतावनी को दर्शाता है, इसके बाद नारंगी, पीला और नीला आता है। इससे पहले, 9 जुलाई को चीन के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि डानास तूफान ने तटीय तकनीकी केंद्रों पर भी असर डाला था, जबकि देश के अंदरूनी हिस्सों में मॉनसूनी बारिश ने घातक भूस्खलन और अचानक बाढ़ ला दी थी। पिछले कुछ वर्षों से चीन में बिगड़े मौसम ने कई परेशानियां खड़ी की हैं। इसका मुख्य कारण पर्यावरण में आ रहे बदलाव को बताया जाता है।

# खेल जगत

## अब चीजें ढपहले के मुकाबले बेहतर : वियान मुल्डर



**बुलावायो।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने कहा है कि ब्रायन लारा ने उनसे कहा था कि उन्हें टेस्ट में सर्वाच्च व्यक्तिगत स्कोर का उनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जाना चाहिए था। बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मुल्डर ने लंच ब्रेक के दौरान पारी घोषित कर दी थी तब मुल्डर 367 के निजी स्कोर पर नाबाद थे। इस फैसले के बाद मुल्डर 2004 में, एंटीगा में इंग्लैंड के खिलाफ लारा द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड नाबाद 400 रन से 33 रन दूर रह गए थे। मुल्डर ने पारी घोषित करने के बाद कहा था कि लारा का रिकॉर्ड लारा के नाम ही रहना चाहिए लेकिन बाद में उन्होंने खुलासा किया कि इस मामले पर लारा की दूसरी राय थी। मुल्डर ने सुपरस्पोर्ट से कहा कि अब चीजें पहले के मुकाबले बेहतर हुई हैं। मेरी ब्रायन लारा से भी बात हुई है। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं अपनी लीगेसी बना रहा हूं और मुझे रिकॉर्ड के लिए जाना चाहिए था।

# लॉड्‌र्स में दिखा जसप्रीत बुमराह का जलवा

■ 20 रन देकर तीन विकेट झटके



**लॉड्र्स,** 11 जुलाई (एजेंसियां)। लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन के पहले सत्र के शुरुआती ओवरों में जसप्रीत बुमराह के दिए तीन झटकों से इंग्लैंड टीम ने खुद को उबार लिया। पहले सत्र की समाप्ति के समय इंग्लैंड ने 7 विकेट पर 353 रन बना लिए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ 51 और ब्रायडन कार्स 33 रन पर खेल रहे हैं। इसके पहले इंग्लैंड ने 4 विकेट पर 251 रन से पहले सत्र की शुरुआत की थी। पहले दिन 99 पर नाबाद लौटे जो रूट ने दिन की पहली ही गेंद पर अपना शतक पूरा किया। इसके बाद मैदान पर जसप्रीत बुमराह का जलवा दिखा। बुमराह ने 20 रन के अंदर तीन विकेट निकाल दिए। रूट 104 और स्टोक्स 44 रन बनाकर बुमराह की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद क्रिस वोक्स को भी बुमराह ने आउट किया। 251 पर 4 से दिन की शुरुआत करने वाली इंग्लैंड 271 पर 7 विकेट गंवाकर चिंताजनक स्थिति में आ गई। 7 विकेट खोने के बाद इंग्लैंड की पारी 300 के ऊपर जाती नहीं दिख रही थी। लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ और ब्रायडन कार्स ने इंग्लैंड की पारी को संभाला और लंच तक विकेट नहीं गिरने दिया।

लंच तक इंग्लैंड ने 7 विकेट पर 353 रन बना लिए। दोनों के बीच 82 रन साझेदारी हो चुकी है। स्मिथ 51 और कार्स 33 पर नाबाद हैं। जसप्रीत बुमराह को छोड़कर बाकी गेंदबाज पूरी तरह दिन के पहले सत्र में प्रभावी नहीं रहे।

## भारत को रेड्डी जैसे खिलाड़ियों की जरूरत : कुंबले



**लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच लॉड्र्स टेस्ट के पहले दिन ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने दो विकेट लेकर भारतीय गेंदबाजी में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। उन्होंने दो विकेट लिए और भारत के पूर्व स्पिन गेंदबाज अनिल कुंबले ने रेड्डी की तारीफ करते हुए उन्हें एक उभरता हुआ ऑलराउंडर बताया। कुंबले ने कहा कि भारत को ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है जो बीच-बीच में साझेदारियों को तोड़ सकें और तेज गेंदबाजों को थोड़ी राहत दे सकें। लॉड्र्स टेस्ट के पहले दिन नितीश ने नई गेंद से उम्दा गेंदबाजी की। कप्तान शुभमन गिल ने उन्हें 14वें ओवर में गेंद थमाई और रेड्डी ने अपने पहले ही ओवर में इंग्लैंड के दोनों ओपनरों बेन डकेट और जैक क्रॉली को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। रेड्डी ने डकेट को लेग साइड की गेंद पर फंसाया, जब वह पुल शॉट खेलने में चूक गए। उनकी अगली ही गेंद पर ओली पोप ने एज किया, लेकिन गिल स्लिप में कैच नहीं पकड़ पाए।

## गेंदबाजी में सुधार का श्रेय पैट कमिंस और मॉर्कल को: रेड्डी

**नई दिल्ली।** भारत के बल्लेबाजी ऑलराउंडर ने एंडरसन तेडुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पाच टेस्ट मैचों की सीरी■ लॉडर्स में बृहस्पतिवार को शुरू हुए तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और जाक क्रॉली को अपने एक ही ओवर में आउट कर सभी को चौंका दिया। बॉर्डर गावसकर ट्रॉफी के दौरान पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेजबान टीम के खिलाफ नीतिश रेड्डी मेलबर्न टेस्ट में भारत के लिए बढ़िया शतक जड़ सुर्खियों में आए थे। जसप्रीत बुमराह,मोहम्मद सिराज और आकाश दीप जैसे अपने वरिष्ठ साथी तेज गेदबाजों की त्रिमूर्ति की मौजदूदगी में नीतिश रेड्डी की रफ्तार सबसे कम और इसीलिए वह अपने तीन साथियों के मुकाबले गेंद को ज्यादा स्विंग कराने में कराने में कामयाब रहते है और सीम का भी बेहतर इस्तेमाल करते है। रेड्डी की कोशिश बुमराह से भी ज्यादा गेंद को सीम कराने के साथ स्टंप को निशाना बना कर ज्यादा गेंदबाजी करते हैं। भारत के ऑलराउंडर नीतिश रेड्डी ने अपनी गेंदबाजी में सुधार का श्रेय आईपीएल में अपनी सनराइजर्स हैदराबाद टीम के कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस और टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मॉर्ने मॉर्केल को दिया। नीतिश रेड्डी ने पहले दिन के खेल के बाद संवाददाताओं से मुखातिब होते हुए कहा, 'ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद मैंने महसूस किया कि मुझे अपनी गेंदबाजी सुधारने के साथ इसमें निरंतरता भी लाने की जरूरत है। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेला और तब वहां मेरे कप्तान ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रिकेट के हर फॉर्मेट में बतौर तेज गेंदबाज शानदार गेंदबाजी कर चुके कमिंस थे।

# मैं एमएस धोनी को अपना युगल पार्टनर चुनूंगा : सूर्यकुमार





**लंदन,** 11 जुलाई (एजेंसियां)। विंबलडन रॉयल बॉक्स में सितारों का आना जारी है, ऐसे में भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव भी वहां रुकने वाले नए भारतीय क्रिकेटर हैं। उन्होंने स्टार स्पोट्‌र्स और जियोहॉटस्टार से टेनिस के प्रति अपने प्रेम, अपने खेल के दिग्गजों और अपने जीवन में क्रिकेट-टेनिस के अप्रत्याशित मेल के बारे में बात की। विंबलडन में पहली बार आने की वजह पर सूर्या ने कहा कि मैं टेलीविजन पर टेनिस काफी देखता हूं। मैंने हमेशा सेंटर कोर्ट के माहौल के बारे में सुना है, खासकर जब आप अंदर कदम रखते हैं। मैं यहां उस अद्भुत एहसास का अनुभव करने आया हूं। विंबलडन में पहली बार टेनिस देखने और अपने सूट के पीछे की प्रेरणा के बारे में उन्होंने कहा कि मैं पहली बार यहां आया हूं, और मैं सब कुछ सही करना चाहता था। सच कहूं तो, मेरी पत्नी मेरा बहुत ख्याल रखती है। वह पिछले तीन-चार दिनों से मेरे साथ रही है और मुझे इस शानदार टूर्नामेंट में क्या पहनना है, यह तय करने में मदद कर रही है। इतने सारे लोग बड़ी संख्या में आए हैं, मैं भी उनमें से एक हूं, बस यही अनुभव करने आया हूं। जिन सितारों को देखने का वह बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे, उनके बारे में सूर्या ने कहा कि मैं निश्चित रूप से नोवाक जोकोविच को देखने आया हूं। मैं बहुत लंबे समय से उनके करियर पर नजर रख रहा हूं। मैंने उनकी किताब 'सर्व टू विन' भी पढ़ी है, जिसने मुझे वाकई प्रेरित किया। मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण थोड़ी देर से किया, हालांकि 30 साल की उम्र ज्यादा नहीं, लेकिन मैं उनके सफर और दृढ़ता से खुद को जोड़ पाया। जिस तरह से वह आगे बढ़ते रहते हैं, वह अद्भुत है।

**मैं टेलीविजन पर टेनिस काफी देखता हूं। मैंने हमेशा सेंटर कोर्ट के माहौल के बारे में सुना है, खासकर जब आप अंदर कदम रखते हैं। मैं यहां उस अद्भुत एहसास का अनुभव करने आया हूं : सूर्याकुमार यादव**

# आज से शुरू होगी नेशनल कार्टिंग चैम्पियनशिप



**कोयंबटूर,** 11 जुलाई (एजेंसिसां)। 12 जुलाई से राष्ट्रीय कार्टिंग चैम्पियनशिप की शुरुआत हो रही है। इसमें 10 टीमों से कुल 74 युवा खिलाड़ी चार अलग-अलग कैटेगरी- सीनियर मैक्स, जूनियर मैक्स, मिनी मैक्स और माइक्रो मैक्स में हिस्सा ले रहे हैं। नेशनल कार्टिंग चैंपियनशिप 2025 के छह राउंड के बाद, ग्रैंड फिनाले 8-9 नवंबर को होगा। सीनियर मैक्स, जूनियर मैक्स, मिनी मैक्स और माइक्रो मैक्स श्रेणियों में चुने गए चार राष्ट्रीय चैंपियन, बहरीन में रोटैक्स मैक्स चैलेंज ग्रैंड फाइनल (29 नवंबर से 6 दिसंबर) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। 2025 सीजन में 11 वर्ष से कम आयु के रेसर्स के लिए मिनी मैक्स श्रेणी की शुरुआत की जाएगी, जिसे माइक्रो और जूनियर मैक्स वर्गों के बीच रखा जाएगा। सीनियर मैक्स में 34 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। बेंगलुरु के रेसर रिशोन राजीव (बिरेल आर्ट इंडिया) और पेरेग्रीन रेसिंग के रोहान मदेश और ईशान मदेश भाइयों के दबदबे की उम्मीद है, जबकि इन तीनों के बीच मुकाबला कड़ा और रोमांचक होने की संभावना है। जूनियर मैक्स वर्ग में पिछले साल के चैंपियन पुणे के अराफात शेख (क्रेस्ट मोटरस्पोर्ट्स) और चेन्नई के ईशांत वेंगटेसन (एमस्पोर्ट) हिस्सा लेंगे, जिनके खिलाफ कई नए खिलाड़ी उतरेंगे। मिनी मैक्स वर्ग में प्रतिस्पर्धा बेहद कड़ी होने की उम्मीद है, जिसमें कई रेसर माइक्रो मैक्स से आगे बढ़े हैं। रिवान देव प्रीतम (चेन्नई, एमस्पोर्ट), हमजा बालासिनोरवाला (मुंबई, क्रेस्ट मोटरस्पोर्ट्स), रेहान खान रशीद (चेन्नई, एमस्पोर्ट), यथार्थ गौर और दानिश डालमिया (पुणे, रेयो रेसिंग), जो पिछले साल माइक्रो मैक्स वर्ग में लगातार पोडियम हासिल कर रहे थे, सभी नई मिनी श्रेणी में आ गए हैं।

इंग्लैंड में ऐतिहासिक टी-20 सीरीज जीतने पर मंधाना ने कहा-

# टीम की हर खिलाड़ी में थी जीत की भूख



**नई दिल्ली,** 11 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ओर से इंग्लैंड में पहली बार टी-20 सीरीज जीतने के बाद, स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने सीरीज में अब तक टीम के ऑलराउंड प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि सभी की आंखों में जीत की भूख थी, जो सभी के प्रदर्शन में दिखाई दी। भारत ने बुधवार रात ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथा टी20 मैच छह विकेट से जीतकर इतिहास रच दिया। इस मैच में, दीप्ति शर्मा झूलन गोस्वामी के बाद 300 अंतरराष्ट्रीय विकेट तक पहुंचने वाली दूसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। बीसीसीआई द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में मंधाना ने कहा कि जिस तरह से हमारे गेंदबाजों ने चारों मैचों में गेंदबाजी की। यहां तक कि तीसरे टी20 में भी उन्होंने जिस तरह से वापसी की। उन्होंने विपक्षी टीम को आखिरी 4-5 ओवरों में रोका और 25 के आसपास रन दिए। हमारी टीम फील्डिंग को लेकर स्पष्ट थी। मैं वास्तव में इसे इन दो पहलुओं का नतीजा मानूंगी। जिस तरह की स्पष्टता और जिस तरह की फील्डिंग सभी ने की है। उन्होंने आगे कहा कि निश्चित रूप से सभी काफी फिट दिख रहे हैं। इसलिए मैं यही कहूंगी कि इसका बहुत सारा श्रेय उन्हें जाता है। मुझे लगता है कि सीरीज से पहले उन पर काफी दबाव था। लेकिन जिस तरह से वे यहां आए और गेंदबाजी की, उससे मुझे बहुत खुशी हुई।

उन्होंने आगे कहाए कि हर कोई वाकई बहुत उत्साहित था। हर कोई जाने के लिए तैयार था। हम बस सही समय का इंतजार कर रहे थे। कभी-कभी आपको ऐसा एहसास होता है कि हर कोई आपके साथ है। वह भूख हर किसी की आंखों में थी और मुझे लगता है कि यह प्रदर्शन में साफ झलक रहा था। भारतीय टीम ने 2006 में इंग्लैंड के बीच हुए पहले टी-20 मुकाबले में उसे हराया था, लेकिन ओल्ड ट्रैफर्ड में जीत से पहले उसने इंग्लैंड के खिलाफ कोई भी टी-20 सीरीज नहीं जीती थी।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम को धवन ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इंग्लैंड की धरती पर पहली बार ऐतिहासिक टी20 सीरीज जीत दर्ज करने पर बधाई दी। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए पांच मैचों की सीरीज के चौथे मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर छोटे प्रारूप की सीरीज पर कब्जा किया। इस जीत से टीम ने न सिर्फ सीरीज अपने नाम कर ली, बल्कि 3-1 की अजेय बढ़त भी बना ली। धवन ने 'एक्स' प्लेटफॉर्म पर लिखा, भारतीय क्रिकेट के लिए क्या ही पल है। इंग्लैंड में अपनी पहली टी20 सीरीज जीत के साथ इतिहास रचने के लिए हमारी महिला टीम को सलाम। आप सभी ने एक मिसाल कायम की है और कई लड़कियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। जीत के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की और एकजुट होकर खेलने के लिए अपनी टीम की सराहना की।

## सार संक्षेप

### कार्लसन ने बिना कोई मोहरा गंवाए चैटजीपीटी को हराया

**नई दिल्ली।** शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन, जो पहले ही पांच क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप और रैपिड तथा ब्लिट्ज दोनों प्रारूपों में शीर्ष वैश्विक रैंकिंग के साथ ओवर-द-बोर्ड शतरंज की दुनिया में अपना दबदबा बना चुके हैं, अब अपना ध्यान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चुनौतियों का सामना करने पर केंद्रित कर रहे हैं। नॉर्वे के इस खिलाड़ी ने हाल ही में ओपनएआई के संवादी एआई, चैटजीपीटी के साथ शतरंज के खेल में मुकाबला किया और बिना एक भी मोहरा गंवाए निर्णायक जीत हासिल की। कार्लसन ने 53 चालों के बाद एआई को हार मानने पर मजबूर कर दिया। अपनी जीत के स्क्रीनशॉट साझा करते हुए, कार्लसन ने मजाकिया अंदाज में कहा कि मैं कभी-कभी यात्रा करते समय ऊब जाता हूँ। तस्वीरों में चैटजीपीटी अपनी हार स्वीकार करते हुए कह रहा है, मेरे सारे मोहरे चले गए हैं। आपने एक भी मोहरा नहीं गंवाया है। आपने अपनी जीत की शर्त पूरी तरह से पूरी की... जैसा कि तय हुआ था, मैं हार मानता हूँ।

### डूरंड कप भव्य ट्रॉफी यात्रा के साथ एक बार फिर इंफाल लौटा

**इम्फाल।** एशिया के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप की ट्रॉफियों का आज इम्फाल में भव्य स्वागत किया गया। दो साल के अंतराल के बाद, यह ऐतिहासिक टूर्नामेंट एक बार फिर मणिपुर की राजधानी लौटा है। इस अवसर पर आयोजित ट्रॉफी टूर के तहत डूरंड कप की तीनों चमचमाती ट्रॉफियों - मूल डूरंड कप, रोलिंग शिमला ट्रॉफी और प्रेसिडेंट्स कप - को सिटी कन्वेंशन सेंटर, इम्फाल में प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला थे। उनके साथ मणिपुर सरकार के मुख्य सचिव प्रशांत कुमार सिंह आईएएस, तथा भारतीय सेना और सुरक्षा बलों के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बोलते हुए राज्यपाल भल्ला ने कहा कि 134वें डूरंड कप टूर्नामेंट का एक बार फिर इंफाल में आयोजन किया जाना हमारे राज्य की फुटबॉल के प्रति गहरी भावना और नागरिक तथा सैन्य संस्थानों के संयुक्त प्रयासों का प्रमाण है।

# राहुल द्रविड़ और स्टीव स्मिथ से आगे निकले जो रूट



**लंदन,** 11 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में शतक बनाकर दिग्गज राहुल द्रविड़ और स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ते हुए सर्वाधिक टेस्ट शतकों की सूची में शीर्ष पांच में जगह बना ली है। उनका नवीनतम शतक - उनका 37वां शतक - लॉड्र्स में शानदार अंदाज में लगा।

रूट अब सर्वकालिक टेस्ट शतक बनाने वालों की सूची में केवल सचिन तेंदुलकर (51), जैक्स कैलिस (45), रिकी पोंटिंग (41) और कुमार संगकारा (38) से पीछे हैं। उन्होंने क्रिकेट के इस मैदान पर अपना लगातार तीसरा शतक भी बनाया - इससे पहले उन्होंने 143 और 103 रन बनाए थे - जिससे वह जैक हॉब्स (1912-1926) और माइकल वॉन (2004-2005) के बाद लॉर्ड्स में लगातार तीन टेस्ट शतक बनाने वाले केवल तीसरे खिलाड़ी बन गए। भारत के खिलाफ उल्लेखनीय निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए, रूट का यह शतक उपमहाद्वीपीय दिग्गजों के खिलाफ टेस्ट मैचों में उनका 11वां शतक था। गौरतलब है कि रूट का नवीनतम कीर्तिमान 192 गेंदों में बना, जो इंग्लैंड के आक्रामक 'बैजबॉल' युग का तीसरा सबसे धीमा टेस्ट शतक है-जो केवल 2024 में रांची में उनके द्वारा बनाए गए 219 गेंदों के शतक और 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेन फोक्स के 206 गेंदों के शतक से धीमा है।

# कर्टिस कैम्फर ने पांच गेंद में पांच विकेट लेकर रचा इतिहास



■ वॉरियर्स 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 88 पर सिमट गई

**डबलिन,** 11 जुलाई (एजेंसियां)। आयलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर पेशेवर क्रिकेट में पांच गेंदों में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाले पहले गेंदबाज हैं। मुनस्टर रेड्स के कप्तान कैम्फर ने इंटर-प्रोविंसियल टी-20 ट्रॉफी में नॉर्थ-वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। कैम्फर को अपने दूसरे से तीसरे ओवर के दौरान यह पांचों विकेट हासिल किए। वॉरियर्स 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 87/5 के बाद 88 पर सिमट गई।

पाँच विकेटों में से पहले विकेट जेरेड विल्सन 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए, जब कैंपर की गेंद स्विंग होकर ऑफ स्टंप से टकरा गई। अगली गेंद पर, ग्राहम ह्यूम बैकफुट पर पगबाधा हो गए यह इनस्विंगर उनके पैड पर लगी। इसके साथ ही कैंपर ने अपने अगले ओवर की शुरुआत में हैट्रिक बना ली और यह हैट्रिक तब आई जब 14वें ओवर की पहली गेंद पर एंडी मैकब्राइन डीप मिडविकेट की ओर स्लॉग शॉट खेलने में चूक गए। कैम्फर ने इस मैच कुल 2.3 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 16 रन देकर पांच विकेट झटके। कैम्फर ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा कि ओवरों के बदलाव के बीच मुझे समझ नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा है। मैं बस चीजो को बहुत सरल रखने पर बल दिया और सौभाग्य से मैं ऐसा कर पाने में सफल रहा। जब उनसे पूछा गया कि अगर कोई और बल्लेबाज आता तो क्या वह छह में से छह रन बना पाते, तो कैम्फ़र ने कहा कि नहीं, मुझे नहीं लगता। दोनों ही चीज़ें मुझे स्वीकार्य होतीं। मैं बस खेलकर खुश हूं।

उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 सीरीज से बाहर होने के बाद यह कैम्फर का दूसरा मैच था। मंगलवार को लेइनस्टर लाइटनिंग के खिलाफ अपने वापसी मैच में उन्होंने 35 गेंदों पर 57 रन बनाए थे, लेकिन गेंदबाजी नहीं की थी। गुरुवार को भी उन्होंने 24 गेंदों पर 44 रन बनाए और फिर पांच विकेट लिए।

# नए पाकिस्तानी कोच ने बाबर और अफरीदी की वापसी की राह बताई



**इस्लामाबाद,** 11 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के नए सीमित ओवरों के कोच माइक हेसन ने उन कदमों का खुलासा किया है जो अनुभवी जोड़ी बाबर आजम और शाहीन अफरीदी को टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए उठाने होंगे।

बाबर और शाहीन ने 2021 और 2022 में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरणों में पाकिस्तान को लगातार जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन हाल ही में वे टी20 विश्व कप में टीम से बाहर हो गए हैं और पिछले महीने की शुरुआत में घरेलू धरती पर बांग्लादेश को 3-0 से हराने वाली हेसन की पहली टीम में भी नहीं थे। हेसन ने सुझाव दिया कि बाबर और शाहीन दोनों ही अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए उनकी दीर्घकालिक योजनाओं में शामिल हैं और दोनों इस समय कराची में अपने साथियों के साथ एक प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं। ये साथी खिलाड़ी इस महीने के अंत में मीरपुर में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए बांग्लादेश जाएंगे। हेसन ने स्पष्ट किया कि बाबर की टीम में वापसी विकेटकीपर के रूप में पहली पसंद बनकर नहीं हुई, बल्कि पूर्व कप्तान अपने साथी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों फखर जमान और सैम अयूब के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में दो में से एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। हेसन ने कहा कि सबसे पहले, बाबर आजम को विकेटकीपिंग के विकल्प के रूप में नहीं देखा जा रहा है। पता नहीं यह कहां से आया, लेकिन मैंने यह अटकलें सुनी हैं। बाबर इस समय सलामी बल्लेबाजों में से एक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। लेकिन जाहिर है कि इस समय हमारे पास फखर और सैम दोनों ही इन दो भूमिकाओं में हैं, इसलिए वह इसके लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बाबर का स्ट्राइक रेट 129.81 है, जो फखर (133.49) और अयूब (138.48) से कम है। हेसन ने स्वीकार किया कि इस दाएं हाथ के बल्लेबाज को छोटे प्रारूप में प्रासंगिक बने रहने के लिए अपनी रन गति बढ़ाने की जरूरत है।

## भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण खेल संबंधों में गतिरोध बना हुआ है। भारत में इस साल बाद में एशिया कप और जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंटों का आयोजन होना है। पाकिस्तान इन टूर्नामेंटों के लिए अपनी राष्ट्रीय हॉकी टीम भेजने पर फैसला लेने से पहले भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा। पाकिस्तान सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि अगर कोई सुरक्षा खतरा होगा तो उनकी हॉकी टीम भारत नहीं भेजी जाएगी। प्रधानमंत्री युवा विकास एवं खेल कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मसूद ने कहा कि पाकिस्तान की हॉकी टीम टूर्नामेंट के लिए भारत तभी जाएगी जब सरकार सुरक्षा स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट होगी। पूर्व मंत्री मसूद ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत में स्थिति से अगर वह संतुष्ट नहीं है, तो वह हमारे किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने के लिए भेजकर उसे जोखिम में नहीं डालेगा। उन्होंने बताया कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत यात्रा करना सुरक्षित नहीं है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने भारत में होने वाले दो प्रमुख हॉकी आयोजनों के लिए राष्ट्रीय टीमें भेजने हेतु संबंधित मंत्रालयों से सलाह और अनुमति मांगी है।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया



■ श्रीलंका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई

**पल्लेकेले,** 11 जुलाई (एजेंसियां)। कुसल मेंडिस (73) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी के दम पर श्रीलंका ने पहले टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश को छह गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरआत करते हुए पहले विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी की। पांचवें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने पथुम निसंका को आउटकर बांग्लादेश को पहली सफलता दिलाई। पथुम निसंका ने 16 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 42 रनों की पारी खेली। 13वें ओवर में कुसल परेरा 24 रन बनाकर आउट हुए। 18वें ओवर में श्रीलंका का तीसरा विकेट कुसल मेंडिस के रूप में गिरा। कुसल मेंडिस ने 51 गेंदों में पांच चौके ओर तीन छक्के लगाते हुए 73 रन बनाये। श्रीलंका ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। अविष्का फर्नांडो 11 और कप्तान चरित असालंका एक रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश की ओर से मोहम्मद सैफुद्दीन, मेहदी हसन मिराज और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश के परवेज हुसैन इमॉन और तंजिद हसन ने पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। पांचवें ओवर में नुवान तुषारा ने तंजिद हसन (16) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान लिटन कुमार दास को जेफ्री वेंडरसे ने पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। नौवें ओवर में महीश तीक्षणा ने परवेज हुसैन इमॉन (22 गेंदों में 38) को आउटकर श्रीलंका को तीसरी सफलता दिलाई।

# अर्थ जगत

## क्यूआईपी से 25000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में एसबीआई

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर बैंक भारतीय स्टेट बैंक अगले हफ्ते अपने संस्थागत निवेशकों को 25,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचने की तैयारी में जुटी है. मामले से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यह देश में अपनी तरह का सबसे बड़ा सौदा हो सकता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर योग्य संस्थागत प्लेसमेंट पूरी तरह से सब्सक्राइब हो जाता है, तो यह भारत में अब तक का सबसे बड़ा क्यूआईपी बेस्ड इक्विटी फंडरेजिंग होगा, जो 2015 में कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा की गई 225.6 अरब रुपये की बिक्री को पीछे छोड़ देगा।



# फास्टैग इस्तेमाल करने वाले हो जाएं सावधान!

## हाथ में कार्ड लेकर टोल पार करना पड़ेगा महंगा, होंगे ब्लैकलिस्टेड




*नई दिल्ली। एनएचएआई ने फास्टैग के गलत इस्तेमाल पर सख्ती बढ़ाई है। इसके लिए लूज फास्टैग को तुरंत ब्लैकलिस्ट करने और टोल प्लाजा पर जाम रोकने के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। अगर आप भी हाइवे पर चलते हैं और फास्टैग का इस्तेमाल करते हैं तो आपके लिए एक नया अपडेट आया है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने टोल प्लाजा पर सुचारू व्यवस्था और फास्टैग के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है।*

एनएचएआई ने शुक्रवार को बताया कि उसने 'लूज फास्टैग' यानी बिना गाड़ी के विंडशील्ड पर चिपकाए फास्टैग के इस्तेमाल को रोकने के लिए अपनी नीति को और सख्त कर दिया है। ऐसे फास्टैग को तुरंत ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया को मजबूत किया गया है। एनएचएआई का कहना है कि कुछ लोग जानबूझकर फास्टैग को गाड़ी के शीशे पर नहीं चिपकाते और इसे हाथ में रखकर इस्तेमाल करते हैं।

इससे टोल प्लाजा पर जाम की स्थिति बनती है, गलत चार्जबैक की समस्या आती है और इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम में रुकावट पैदा होती है। इससे न सिर्फ टोल प्लाजा पर देरी होती है, बल्कि दूसरे हाईवे यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए एनएचएआई ने टोल कलेक्शन एजेंसियों और कॉन्सेशनर्स को निर्देश दिए हैं कि वे ऐसे 'लूज फास्टैग' की तुरंत शिकायत करें। इसके लिए, एक खास ईमेल आईडी भी दी गई है। ने कहा कि जैसे ही ऐसी शिकायत मिलेगी, वे तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित फास्टैग को ब्लैकलिस्ट या हॉटलिस्ट कर देंगे। एनएचएआई का कहना है कि यह कदम इसलिए भी जरूरी है क्योंकि वह जल्द ही एनुअल पास सिस्टम और मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग जैसी नई योजनाएं शुरू करने जा रही है।

### अब फास्टैग से हो सकते हैं कई काम

गौरतलब है कि बीते दिनों सरकार ने घोषणा की थी कि अब फास्टैग सिर्फ टोल टैक्स भरने तक सीमित नहीं रहेगा। सरकार इसे अब पार्किंग फीस, ट्रैफिक चालान, इंश्योरेंस प्रीमियम और इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग जैसे कई कामों के लिए भी उपयोगी बना रही है। इससे न केवल लोगों का समय बचेगा, बल्कि पेमेंट का सिस्टम भी ज्यादा स्मार्ट और सुविधाजनक हो जाएगा। इसके लिए करीब 11 करोड़ फास्टैग अब तक बैंकों की ओर से जारी हो चुके हैं, और सरकार चाहती है कि इनका इस्तेमाल और ज्यादा कामों में हो ताकि लोगों को एक ही प्लेटफॉर्म से कई सेवाएं मिलें।

# 200 महंगी दवाओं पर टैक्स राहत की तैयारी

*नई दिल्ली। एचआईवी, कैंसर और दुर्लभ बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। एक सरकारी पैनल ने करीब 200 अहम दवाओं पर कस्टम ड्यूटी में छूट देने की सिफारिश की है। इनमें से कई दवाएं बेहद महंगी हैं और आम मरीजों की पहुंच से बाहर हैं। पैनल ने कीट्रूडा, टैग्रिसो और एन्हर्टू ( जैसी कैंसर की दवाओं को पूरी तरह से कस्टम ड्यूटी से मुक्त करने की सिफारिश की है।*

इन दवाओं की एक डोज की कीमत लाखों रुपए में होती है, जिससे मरीजों को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। इसके अलावा ट्रांसप्लांट, क्रिटिकल केयर और एडवांस डायग्नोस्टिक किट पर भी शुल्क में राहत की बात कही गई है। पैनल की सिफारिश में सिकल सेल एनीमिया, खून के थक्के जमने जैसी गंभीर स्थितियों में काम आने वाली दवाएं जैसे हाइड्रॉक्सीयूरिया और एनोक्सापारिक भी शामिल हैं। छूट की सिफारिश दो श्रेणियों में की गई है। 5 प्रतिशत कस्टम ड्यूटी वाली लिस्ट में 74 दवाएं और पूरी छूट वाली लिस्ट में 69 दवाएं शामिल हैं। इसके अलावा, दुर्लभ बीमारियों में काम आने वाली 56 दवाओं को भी कस्टम ड्यूटी से राहत देने की सिफारिश की गई है।



जोलोन्स्मा, स्पिनराजा, एवरीस्डी जैसी दवाएं, जिनकी कीमत करोड़ों में है, भी इस सूची में हैं। जोलोन्स्मा को दुनिया की सबसे महंगी दवा माना जाता है, जिसकी एक डोज की कीमत करीब 17 करोड़ है। पैनल ने सुझाव दिया है कि स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत एक स्थायी इंटर-डिपार्टमेंटल कमेटी बनाई जाए, जो समय-समय पर इन दवाओं की समीक्षा करे और राजस्व विभाग को सिफारिश भेजे। इस कदम से लाखों मरीजों को जीवनरक्षक दवाएं सस्ती कीमत पर मिल सकेंगी।

# शेयर बाजार में हाहाकार, निवेशकों के 3.03 लाख करोड़ स्वाहा



*मुम्बई। शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट दर्ज की गई, जिसका असर सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों पर देखने को मिला। भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार, 11 जुलाई को लगातार तीसरे दिन गिरावट देखने को मिली।*

बीएसई सेंसेक्स 689 अंक या 0.83 प्रतिशत टूटकर 82,500 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 205 अंक या 0.81 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,149 पर आ गया। इस गिरावट के पीछे तीन प्रमुख कारण रहे- टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के उम्मीद से कमजोर तिमाही नतीजे, अमेरिका द्वारा कनाडा पर लगाए गए नए टैरिफ और रूस पर संभावित प्रतिबंधों की आशंका।

**सेंसेक्स 675 अंक टूटा, बाजार से 3.03 लाख करोड़ रुपए साफ-** शुक्रवार सुबह 11.10 बजे बीएसई सेंसेक्स 675 अंकों की गिरावट के साथ 82,515 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 189 अंक टूटकर 25,165 पर आ गया। इससे शेयर बाजार का कुल मार्केट कैप 3.03 लाख करोड़ रुपए घटकर 457.22 लाख करोड़ रुपए रह गया।

**शेयर बाजार में आज की गिरावट के मुख्य कारण-** टीसीएस के पांचवी तिमाही वित्त वर्ष 26 के नतीजे विश्लेषकों की उम्मीदों से कमजोर रहे। कंपनी का रेवेन्यू 3.1 प्रतिशत गिर गया, जबकि नेट प्रॉफिट 6 प्रतिशत बढ़ा, जो बहुत प्रभावशाली नहीं रहा। इसके बाद टीसीएस के शेयर 2.5 प्रतिशत टूट गए। इसका असर बाकी ब्लू कंपनियों पर भी पड़ा-इंफोसिस, विप्रो, टेक महिंद्रा और एलटीआई महिन्द्रा के शेयर 1-3 प्रतिशत तक लुढ़क गए।

# आम उत्पादन में भारत बना नंबर 1



*नई दिल्ली। आम को यूं ही फलों का राजा नहीं कहा जाता — इसका स्वाद, खुशबू और विविधता भारत की मिट्टी से गहराई से जुड़ी है। भारत न केवल आम का सबसे बड़ा उपभोक्ता है, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक देश भी है। वैश्विक आम उत्पादन का लगभग 45 प्रतिशत अकेले भारत में होता है। हर साल भारत में करीब 2.5 करोड़ टन आम का उत्पादन होता है, जबकि दूसरे नंबर पर आने वाला देश इंडोनेशिया महज 36 लाख टन आम पैदा करता है। इसके बाद चीन (33 लाख टन), थाईलैंड, मेक्सिको और पाकिस्तान का नंबर आता है।*

**उत्तर प्रदेश बना आम उत्पादन का सिरमौर-** नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, भारत में उत्तर प्रदेश आम उत्पादन में सबसे आगे है। राज्य में हर साल लगभग 60 लाख टन आम का उत्पादन होता है, जो देश के कुल उत्पादन का 25 प्रतिशत से अधिक है। यूपी के दशहरी (लखनऊ), लंगड़ा (वाराणसी), गवर्जीत (गोरखपुर), आम्रपाली (बस्ती) और रटोल (मेरठ-बागपत) जैसे किस्में देशभर में मशहूर हैं।

### राज्यवार उत्पादन (सालाना अनुमानित)

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | - | 60 लाख टन |
| आंध्र प्रदेश | - | 50 लाख टन |
| बिहार | - | 15.8 लाख टन |
| कर्नाटक | - | 14.5 लाख टन |
| गुजरात | - | 11.15 लाख टन |
| मध्य प्रदेश | - | 9.65 लाख टन |
| तमिलनाडु | - | 9.5 लाख टन |
| तेलंगाना | - | 9.4 लाख टन |
| ओडिशा | - | 8.9 लाख टन |
| पश्चिम बंगाल | - | 8.8 लाख टन |

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 80 |
| एक यूरो | 99. 76 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 115. 94 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 55. 62 |
| एक जापानी येन | 0. 58 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 78 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 94 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-102 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -74 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


### सतना बाजार भाव

**सराफा बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 99,000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| जेवर | 91,000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 1050 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 1,05,000 रु. | प्रति किलो |

**दाल- किराना भाव**

-भाव प्रति किलो-

अरहर ऊंची 120 अरहर मीडियम 115, उड़द ऊंची 98-100, उड़द धुली 105, खड़ी 100, मूंग हरी 95, मूंग धुली -100 खड़ी -110, चना 90-100, मसूर 80-85

-भाव प्रतिकिलो -

धनियां खड़ी ऊंची 110-115, धनियां खड़ी मीडियम, 80-90, जीरा ऊंचा 350-400, जीरा मीडियम 270-300, हल्दी ऊंची 250-260, हल्दी मीडियम 180-190, मूंगफली ऊंची 120-125, मूंगफली मीडियम 90-100, लाल मिर्च ऊंचा 170-180, लाल मिर्च मीडियम 140-150, नारियल कालीकट झाल 2800-3000, नालियल मीडियम 2000-2500.

**लोहा वाला ट्रेडर्स**

प्रो. हरिशंकर तिवारी मो.नं. 7049440762

- भाव प्रति किलो -

| | |
|---|---|
| रायपुर- | 8 एमएम -52.50, 10 एमएम -51.00, 12 एमएम -50.50, 16 एमएम -52 |
| कामधेनू- | 8 एमएम -57.50, 10 एमएम -56.00, 12 एमएम -55.50, 16 एमएम -57.00 |

# एमएसएमई को उद्योग जगत से जोड़ने की अनूठी पहल

## प्रदेश के उद्यमियों का सूरत टेक्सटाइल एवं गारमेंट क्लस्टर में एक्सपो विजिट

*जबलपुर। मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम राज्य नोडल एजेंसी, द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की आरएएमपी आरएएमपी योजना एवं मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के मार्गदर्शन में दिनांक 3 से 5 जुलाई तक सूरत के विख्यात टेक्सटाइल एवं गारमेंट क्लस्टर में मध्यप्रदेश के 22 एमएसएमई उद्यमियों का एक्सपोर विजिट आयोजित किया।*

इस एक्सपोर विजिट में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, मंदसौर, धार, गुना आदि से चयनित एमएसएमई इकाइयों ने भाग लिया, जिनका चयन पूर्व निर्धारित पात्रता मानदंडों के आधार पर किया गया, ताकि उच्च विकास क्षमता वाली इकाइयों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस दौरे का उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों को देश के प्रमुख औद्योगिक क्लस्टरों से अवगत कराना, सफल व्यावसायिक मॉडल से सीखने का अवसर



देना और व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से उनके कौशल को विकसित करना रहा। दौरे के पहले दिन, आरएएमपी योजना के राज्य नोडल अधिकारी तथा डिप्टी मुख्य महाप्रबंधक- एमपीएलयूएन अनिल थागले द्वारा प्रतिभागियों को आरएएमपी योजना और इस दौरे के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए, जिला उद्योग केंद्र जीएम डीआई सी के विनीत रजक के सहयोग से जाबालि खादी एवं ग्रामोद्योग प्रणति समिति से सीमा बदल स्वामी, स्टाइल वास्तु उद्योग से डॉ, सुनीता स्थापक, समा संगठन से अनुराग जैन एवं अन्य गारमेंट सेक्टर के पुरुष एवं महिला उद्यमियों ने सूरत विजिट कर इस कार्यक्रम का लाभ लिया, अनुराग जैन, रविकांत जैन, शुभम जैन, शिवांशु जैन, पुलकित नैब, यह सभी उपस्थित रहे,

### कैट ने किया व्यापारियों का स्वागत

जबलपुर के प्रतिष्ठित व्यापारी कमल ग्रोवर, राजीव बड़ेरिया, रोहित खटवानी को जबलपुर विमान तल सलाहकार समिति के सदस्य एवं राजा सराफ को मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष बनाए जाने पर कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं अन्य व्यापारी संस्थानों ने स्वागत अभिनंदन किया, इस मौके पर उपस्थित संदेश जैन, जितेंद्र पचौरी, दीपक सेठी, मनु शरत तिवारी, निखिल पाहवा, मनोज जसाठी एवं अन्य व्यापारिक संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

# चांदी वायदा नए रिकॉर्ड स्तर पर, सोना भी हुआ महंगा



*नई दिल्ली। सोने चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में आज तेजी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव आज तेजी के साथ खुले। चांदी के वायदा ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। खबर लिखे जाने के समय घरेलू बाजार में आज सोने के भाव 97,250 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,10,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी देखने को मिल रही है।*

सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट आज 561 रुपये की तेजी के साथ 97,252 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 96,691 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 559 रुपये की तेजी के साथ 97,250 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 97,350 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 97,151 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,01078 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 210 रुपये की तेजी के साथ 1,09,333 रुपये पर खुला।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**मकान बेचना है**

मिनी ड्यूप्लेक्स- 27 प्लाट 14x32.5= 450 वर्गफुट लगभग सुभाष नगर महाराजपुर महर्षि विद्या मंदिर के पीछे जबलपुर में बेचना है-
संपर्क: केदार प्रसाद बिजपुरिया
8109324186
9303003069
र.नं.- 1024

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


# फोन-पे, जी-पे, पेटीएम में 1 अगस्त से लागू होंगे बड़े बदलाव

*नई दिल्ली। अगर आप भी फोनपे, गूगलपे और पेटीएमजैसे ऐप्स से यूपीआई पेमेंट करते हैं, तो आपके लिए जरूरी खबर है। 1 अगस्त 2025 से नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया कुछ नए नियम लागू करने जा रहा है, जो आपके रोजमर्रा के डिजिटल ट्रांजेक्शन को सीधे प्रभावित करेंगे।*

एनपीसीआई का उद्देश्य यूपीआई सिस्टम को और तेज, सुरक्षित और अधिक भरोसेमंद बनाना है, ताकि सर्वर डाउन या ट्रांजैक्शन फेल जैसी समस्याओं को रोका जा सके। 1 अगस्त से लागू होने वाले 4 अहम बदलाव 1. बैलेंस चेक की लिमिट तय अब आप किसी यूपीआई ऐप से एक दिन में अधिकतम 50 बार ही बैलेंस चेक कर सकेंगे। इससे सिस्टम पर अतिरिक्त लोड कम होगा। 2. लिंक्ड बैंक अकाउंट्स की जानकारी आप अपने मोबाइल नंबर से जुड़े बैंक



अकाउंट्स की जानकारी दिन में केवल 25 बार ही देख पाएंगे। 3. ऑटोपे पेमेंट्स के लिए फिक्स टाइम स्लॉट एसआईपी जैसी सब्सक्रिप्शन पेमेंट्स अब सिर्फ नॉन-पीक टाइम में प्रोसेस होंगी- सुबह 10 बजे से पहले, दोपहर 1 से 5 बजे के बीच, रात 9.30 बजे के बाद 4. फंसे हुए ट्रांजैक्शन की स्टेटस चेक लिमिट अगर कोई पेमेंट अटक जाए, तो उसकी स्थिति आप सिर्फ 3 बार ही चेक कर सकेंगे। हर बार चेक करने में कम से कम 90 सैकेंड का अंतर रखना होगा। सिर्फ भरोसेमंद ऐप और वेबसाइट का इस्तेमाल करें अनजान लिंक या ऐप डाउनलोड न करें ऐप इंस्टॉल करते वक्त पब्लिशर का नाम जरूर चेक करें पैसे भेजने से पहले यूपीआई स्क्रीन पर दिख रहे नाम और यूपीआई को वेरिफाई करें चाहे कोई खुद को बैंक, पुलिस या सरकारी अधिकारी क्यों न बताए, अपने पिन या ओटीपी कभी न बताएं।

### भारत बना सबसे तेज डिजिटल पेमेंट करने वाला देश- आईएमएफ

देश में डिजिटल पेमेंट की लोकप्रियता कितनी तेज़ी से बढ़ रही है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब चाय से लेकर बड़े खरीदारी तक, हर जगह यूपीआई के जरिए भुगतान को प्राथमिकता दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब दुनिया में सबसे ज्यादा यूपीआई पेमेंट करने वाला देश बन गया है। आईएमएफ के फिनटेक नोटस में प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में यूपीआई के जरिए हर महीने 18 बिलियन ( 1.8 अरब) से अधिक लेनदेन हो रहे हैं। यह संख्या किसी भी अन्य खुदरा इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट मोड की तुलना में सबसे ज्यादा है।

प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

# शराब पार्टी के दौरान दोस्त ने चाकू मारकर की नृशंस हत्या

## तीन घंटे के अंदर गिरफ्तार हुआ आरोपी शाहिल, दोनों साथ बैठकर पी रहे थे शराब

**● ताला थाना क्षेत्र के बिगौड़ी-बंदरखा की घटना**

**सतना, देशबन्धु।** दोस्त दोस्त न रहा यह कहावत आज मैहर जिले के ताला थाना अन्तर्गत बिगौडी–बंदरखा गांव में चरितार्थ होते हुए नृशंस हत्या में तब्दील हो गई। बताया जाता है कि शिवनारायण तिवारी उर्फ दोश उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी बिगौडी पत्नी ज्याति तिवारी के साथ लगभग 11 बजे बड़े भाई रूपनारायण तिवारी के खाली पड़े घर में हमेशा की तरह देखरेख करने गया तो वहां घर के बरामदे में पहले से बैठे दोस्त शाहिल खान निवासी बंदरखा से मुलाकात हुई। पत्नी घर के अंदर चली गई। इसके बाद दोनो वहीं पर बैठकर छककर शराब पी इसी बीच किसी बात को लेकर दोनो में विवाद हो गया और दोनों में गाली गलौज होने लगी इसी बीच शाहिल ने जेब से चाकू निकाला और शिवनारायण के गले व पेट में दनादन वार कर लहुलुहान करते हुए बाहर खड़ी मोटरसायकिल छोड़कर भाग गया। इसी बीच चीखें सुनकर पत्नी बाहर आई और शोर मचाते हुए गांव में रह रहे अन्य परिजनों रामाश्रय तिवारी व संजय तिवारी को बुलाया। आनन–फानन में लहुलुहान शिवनारायण को निजी गाड़ी से संजय गांधी मेडिकल कॉलेज रीवा ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में एसडीओपी अमरपाटन ख्याति मिश्रा एवं सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में ताला थाना प्रभारी पंचराज सिंह दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और घटनाजानकारी लेते हुए आरोपी की तलाश शुरू की जिसे 3 घंटे के अंदर ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शाहिल को थाने लाकर पुलिस पूछताछ कर भादवि की धारा 333, 332 एवं 109/1 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की।







पकड़े गये दोनों आरोपी

**इंदौर में रहता है बड़ा भाई**

मृतक शिवनाराण का बड़ा भाई रूपनारायण तिवारी परिवार सहित इंदौर में रहते है। गांव वाले घर की देखरेख शिवनाराण और उसकी पत्नी करती थी। शाहिल और शिवनारायण की दोस्ती इतनी गहरी थी कि जब भी शाहिल बाहर से आता था तो ज्यादातर इसी खाली पड़े घर में बैठकर शराब पीते थे।

**इनका कहना है**

दोनो की गहरी दोस्ती थी। बीच–बीच में झगड़ा भी करते थे। शाहिल कल रात में ही वापी दमन से गांव आया था। आज सुबह दोनो बैठकर शराब पिया, इसी बीच फिर दोनों में झगड़ा हो गया। शाहिल ने चाकू निकालकर हमला कर दिया जिससे शिवनाराण की मौत हो गई। आरोपी को पकड़कर घटनाकाररित चाकू और मोटरसायकिल जब्त कर ली गई है। प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

**पंचराज सिंह**
थाना प्रभारी ताला

**बाहर रहता था आरोपी...**

मिली जानकारी मुताबिक आरोपी शाहिल गुजरात के सूरत, वापी और दमन में रहकर काम करता था और कल रात ही गांव वापस आया था। शिवनारायण और शाहिल की गहरी दोस्ती थी और एक साथ बैठकर हमेशा शराब पीते थे। आज सुबह भी बैठकर शराब पी और घटनाकारित हो गई।

**प्रेम प्रसंग का संशय..**

शाहिल और शिवनारायण की पत्नी ज्योति के प्रेम प्रसंग के संशय को लेकर जब थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होने कहा कि आरोपी के खुलाशे में ऐसी कोई बात सामने नहीं आई है। लेकिन इस बात की भी पताशाजी की जा रही है कि कहीं इससे जुड़ा मामला भी तो नहीं है।

# महिला ने जहर खाकर दे दी जान भाई ने लगाया पति पर आरोप



**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज जिले के अटरिया गांव में एक महिला ने अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में महिला को रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां कुछ ही समय में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है हालांकि महिला द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया हैं, लेकिन महिला के भाई ने पति पर ही आरोप लगाया है।

आरोप है कि पति के द्वारा महिला के भाइयों से पैसों की मांग की जा रही थी और पैसे देने से मनाकरने पर पति ने ना सिर्फ पत्नी के भाईयों से। गाली गलौच की बल्कि पत्नी से भी मारपीट की है। वही पति ने खुद को बेकसूर बताते हुए पत्नी द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम का कारण अज्ञात बताया है। दरअसल मामला मऊगंज थाना क्षेत्र के अटरिया गांव का है जहां रहने वाली सुमन साकेत नाम की महिला ने जहर निगल कर सुसाइड कर लिया है। फिलहाल महिला की हुई मौत के बाद पुलिस द्वारा पंचनामा कार्यवाही कर शव का पीएम कराया जा रहा है तो वही मार्ग कायम कर मामले की जांच में लिया है।

## सार-समाचार

### कुर्वे बने सतना के एएसपी

**सतना, देशबन्धु।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात सतना के पद पर आज प्रेमलाल कुर्वे ने कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक देविका सिंह द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यभार ग्रहण करते समय उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं स्टाफ ने एएसपी का अभिनंदन किया और उनके नेतृत्व में जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाए जाने की आशा व्यक्त की। आपको बता दें कि प्रेमलाल कुर्वे 2006 बैच के अधिकारी हैं। इसके पूर्व वे झाबुआ में एडिशनल एसपी के पद पर पदस्थ थे, जहां से स्थानांतरित होकर सतना आए हैं। इसके अतिरिक्त वे श्योपुर एवं सागर (बीना) में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सागर एवं होशंगाबाद में अजाक पुलिस अधीक्षक, मंडला, देवसर (सिंगरौली), व्यौहारी (शहडोल) में एसडीओपी तथा सतना में प्रोविजन पीरियड के दौरान भी सेवाएं दे चुके हैं।



### निजी स्कूल का ताला तोड़कर चोरों ने किया लाखों का सामान पार

**रीवा देशबन्धु।** 17 सीसीटीवी कैमरों से लैस स्कूल में घुसे चोरों ने चाभी से बकायदा ताला खोलकर एसी, टीबी, कंप्यूटर, प्रिंटर सहित ढाई लाख का सामान पार कर दिया। खास बात यह है कि चोरों ने स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरो को भी उखाड़ दिया और सबूत मिटाने सीसीटीवी का डीबीआर तक अपने साथ ले गए। घटना की जानकारी आज सुबह स्कूल खुलने पर तब हुई जब स्कूल के ऑफिस का ताला खोला गया, जहां सामान बिखरा पड़ा था। फिलहाल स्कूल प्रबंधन ने घटना की सूचना पुलिस को दी है, और चोरी की घटना पर कुछ संदेहियों पर संदेह भी जताया है। दरअसल चोरी का यह मामला शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित एक निजी विद्यालय का है। घटना के संबंध में स्कूल प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि ढेकहा स्थित ब्राइट फ्यूचर एकेडमी हाई स्कूल के पीछे सेंट्रल स्कूल की प्राइमरी ब्रांच है जिसके ऊपरी हिस्से में निर्माण कार्य चल रहा है।



### फरार वांरटी गिरफ्तार, पहुंचा सलाखों के पीछे

**सतना, देशबन्धु।** जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र के अपराध क्रमांक 182/2023 धारा 420, 417 भादवि में फरार आरोपी बृजलाल विश्वकर्मा पिता मैयादीन विश्वकर्मा 48 वर्ष निवासी पहाड़ीखेरा थाना बृजपुर जिला पन्ना को सिंहपुर थाना पुलिस गिरफ्तार कर न्यायालय नागौद में पेश किया। न्यायालय द्वारा गिरफ्तार वारंटी का जमानत आवेदन निरस्त करते हुए जेल वारंट बनाया गया जहां से गिरफ्तार वारंटी बृजलाल को न्यायिक हिरासत में उपजेल नागौद में भेज दिया गया। इस कार्यवाही मे उनि अजय कुमार अहिरवार थाना प्रभारी सिंहपुर, एसआई भैयालाल, आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह एवं सुनील यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# सतना कोर्ट ने सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी को सुनाई 7 साल की कैद और जुर्माने की सजा

**फर्जी जाति प्रमाणपत्र से ली कोर्ट की नौकरी**





**सतना, देशबन्धु।** फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर के कोर्ट में नौकरी करने वाले कर्मचारी को कोर्ट ने सात वर्ष की कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। सतना में नवम अपर सत्र न्यायाधीश शशिकांत वर्मा की अदालत ने फर्जी जाति प्रमाणपत्र के मामले में बालाघाट निवासी राधेश्याम बरडे को 7 साल का सश्रम कारावास और एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर एक साल की अतिरिक्त कैद होगी।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, राधेश्याम ने 2009 से 2017 के बीच अनुसूचित जनजाति का फर्जी प्रमाणपत्र बनाकर न्यायालय में सहायक ग्रेड–3 पद पर नौकरी हासिल की और 9 साल तक साक्ष्य लेखक के रूप में काम किया। यह मामला विजय कुमार नागर की शिकायत पर सामने आया।

**फर्जी दस्तावेज लगाकर नौकरी ली**

इसके बाद कोर्ट ने जांच के बाद राधेश्याम को भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468 और 471 के तहत धोखाधड़ी, मूल्यवान प्रतिभूति की कूटरचना और फर्जी दस्तावेजों के उपयोग का दोषी पाया। न्यायालय ने 31 अक्टूबर 2017 से 18 मई 2018 तक की न्यायिक अभिरक्षा की अवधि को सजा में समायोजित करने का आदेश दिया है।

# ट्रक ने मारी बाइक सवार को टक्कर मौके पर ही हो गई दर्दनाक मौत

**● चन्द्रलोक होटल के पास की घटना**

**रीवा देशबन्धु।** रीवा सतना मार्ग पर चोरहटा थाना क्षेत्र के चंद्रलोक होटल के समीप ट्रेलर ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।

घटना के बाद ट्रेलर चालक बाइक को पहियों में फंसा कर कुछ दूर तक घसीटा लेकर चला गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेते हुए मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल में रखा है।



घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात्रि चोरहटा थाना क्षेत्र के चंद्रलोक होटल के समीप तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने बाइक सवार अजय पटेल को टक्कर मार दी जिससे अजय सड़क पर जा गिरा और ट्रेलर ट्रक उसे कुचलता हुआ बाइक में फंसा कर कुछ दूर घसीटा लेकर चला गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल में रखा दिया है जबकि घटना करित करने वाले ट्रेलर ट्रक को जप्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सिटी हॉस्पिटल में महिला की मौत के बाद विवाद की स्थिति निर्मित




**रीवा देशबन्धु।** शहर के प्राइवेट नर्सिंग होम में एक महिला की हालत अचानक गंभीर हो गई जिसे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल भेजा गया लेकिन कुछ समय बाद महिला ने दम तोड़ दिया महिला की मौत के बाद परिजन के द्वारा सिटी हॉस्पिटल के प्रबंधन के ऊपर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है परिजनों ने बताया कि मृतिका संगीता चतुर्वेदी बिछिया थाना क्षेत्र के गड्डी रोड की निवासी है महिला के बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया था लेकिन उपचार के दौरान उसकी हालत खराब हो गई महिला को गंभीर अवस्था में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल भेजा गया लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है इस घटना को लेकर परिजनों का आरोप है कि प्राइवेट नर्सिंग होम में महिला के इलाज में लापरवाही की गई है इस बात को लेकर अस्पताल में कुछ समय के लिए हंगामें की स्थिति निर्मितहो गई हालांकि इस घटना के संबंध में डॉक्टर प्रियंका शर्मा ने बताया कि महिला के बच्चेदानी का ऑपरेशन मुक्त शर्मा के द्वारा किया गया महिला पहले से हार्ट पेशेंट भी थी और हाई बीपी और शुगर से पीड़ित थी ऑपरेशन के पूर्व ही परिजनों से बात की गई थी महिला का ऑपरेशन सिटी अस्पताल में 2 दिन पूर्व किया गया था लेकिन अचानक उसे हार्ट अटैक के सिम्प्टम्स दिखाने के बाद सुपर स्पेशलिटी अस्पताल भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई है सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सकों का भी मानना है कि महिला की मौत हार्ट अटैक के कारण हुई जिसको सुनने के बाद परिजन शव को लेकर रवाना हो गए।

**परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप**

> महिला के बच्चेदानी का ऑपरेशन डॉक्टर मुक्ता शर्मा के द्वारा किया गया जिसमें महिला पहले से ही हार्ट पेशेंट थी और हाई बीपी और शुगर से भी पीड़ित थी। बताया गया कि ऑपरेशन के पूर्व ही परिजनों से बात की गई थी और महिला का ऑपरेशन सिटी हॉस्पिटल में दो दिन पूर्व किया गया था। लेकिन अचानक उसे हार्ट अटैक के सिम्प्टम्स दिखने के बाद सुपर स्पेशलिटी अस्पताल भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई। **डॉक्टर प्रियंक शर्मा**

# मंदाकिनी नदी में डूबा युवक, गुरु पूर्णिमा पर दर्शन करने आया था चित्रकूट



**सतना, देशबन्धु।** सतना जिले के चित्रकूट में शुक्रवार सुबह एक युवक मंदाकिनी नदी में डूब गया। युवक उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले से गुरु पूर्णिमा के मौके पर गुरुद्वारों के दर्शन के लिए आया था। सुबह स्फटिक शिला के पास घाट पर उसके कपड़े और चप्पल मिले। घटना की सूचना पर चित्रकूट थाना प्रभारी डीआर शर्मा के नेतृत्व में एसडीईआरएफ और होमगार्ड की टीम ने सर्च ऑपरेशनशुरू किया। स्फटिक शिला से आरोग्यधाम तक करीब डेढ़ किलोमीटर क्षेत्र में तलाश की जा चुकी है। बताया गया है कि गुरुवार देर रात हुई बारिश के बाद मंदाकिनी नदी का जलस्तर सामान्य से ज्यादा हो गया है। माना जा रहा है कि युवक का संतुलन बिगड़ा और वह तेज बहाव में बह गया। तो वहीं थाना प्रभारी डीआर शर्मा ने बताया कि नदी में जलस्तर सामान्य से अधिक है। बहाव तेज होने के कारण स्फटिक शिला और अन्य घाटों पर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस हाथरस जिले से आए लोगों से संपर्क कर रही है।

# सड़क किनारे लाश मिलने से फैली सनसनी

**रीवा देशबन्धु1** जिला मुख्यालय के गूढ़ कस्बे में स्थित हाइवे मार्ग पर सड़क के किनारे रक्त रंजित लाश मिलने से हड़कंप मच गया। यहां मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने सड़क किनारे लाश देखा है, जिसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मृतक की ।पहचान उसकी जेब में मिले मोबाइल फोन की मदद से हुई, जो बिहार के थगड़िया जिला स्थित गोवारी थाना क्षेत्र के ग्राम पकरेज निवासी अमित पटेल बताया गया। बताया गया मृतक गुढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित दिव्या आहार मिल में काम करता था और वही किराए के मकान में रहता था।



# खड़ी कार पर गिरा पेड़, कार क्षतिग्रस्त

**सतना, देशबन्धु।** सतना के भरहुत नगर में गुरुवार रात करीब 10 बजे एक कार पर अचानक पेड़ गिर गया। कार में बैंककर्मी दीपक निगम अपनी मां, मौसी, बहू और एक साल के नाती के साथ मौजूद थे। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।



घटना के समय गाड़ी पृथ्वीराज शोरूम के सामने खड़ी थी। कार में सवार किसी को भी चोट नहीं आई। हालांकि कार (एमपी 19 सीए 9518) बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना बारिश से पेड़ की जड़ कमजोर होने के कारण हुई।

# एक ही रात आंगनबाड़ी, अस्पताल, पंचायत भवन में किया हाथ साफ, पार की बाइक

**अज्ञात चोरों ने उठाया तेज बारिश का फायदा**

**सतना, देशबन्धु।** नागौद थाना क्षेत्र के अमदरी गांव में गुरुवार की रात हुई तेज बारिश का अज्ञात चोरों ने जमकर फायदा उठाया है, चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़ आंगनबाड़ी केंद्र, आयुर्वेदिक अस्पताल, पंचायत भवन, पशु औषधालय में हाथ साफ किया। बारिश की वजह से किसी को को भनक तक नहीं लगी सुबह चोरी की घटना का चला पता। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर आयुर्वेदिक अस्पताल से 2 पंखे, ग्राम पंचायत भवन से इनवर्टर बैटरी सेट, यूपीएस, टीवी सेट, सीसीटीवी वेब कैमरा, रिकॉर्ड फाइल, सहित पेंशन पंजी। तो वहीं उप स्वास्थ केंद्र से एक फ्रिज, टेबिल कुर्सी, उपचार में उपयोग उपकरण, सहित अलमारी में रखे 5 हजार नगद, आंगनबाड़ी से दर्जनों भर से अधिक थाली बर्तन का सेट, पशु औषधालय से 4 कुर्सियां, 2 टेबिल पार कर दिया है। वहीं एक ग्रामीण सुरेश की घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल टीवीएस राइडर भी चुरा ले गए हैं। संयुक्त रूप से अज्ञात चोरों के खिलाफ नागौद थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।



# नशे के सौदागरों पर कड़ी कार्रवाई करें :उप मुख्यमंत्री

**● संभाग में नशे के विरुद्ध अच्छा काम हो रहा है**

**रीवा देशबन्धु।** सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा संभाग में पिछले 6 महीने में नशामुक्त अभियान के तहत बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। बड़ी संख्या में नशे के व्यापार मंद लिप्त व्यक्तियों को जेल भेजने के साथ गांजा और कोरेक्स की भारी मात्रा में बरामदगी की गई है। नशा व्यक्ति के तन, मन और धन तीनों का विनाश करता है। रीवा और पूरे विन्ध्य क्षेत्र में चारों ओर हो रहा तेजी से विकास तभी सार्थक होगा जब भावी पीढ़ी को नशे से दूर रखा जाए। भावी पीढ़ी नशे की राह पर चली गई तो हर तरह का विकास बेमानी हो जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरेक्स तथा अन्य नशीले कप सिरप जहाँ पर बनाए जाते हैं वहाँ से जिले में पहुंचने और बिक्री होने तक के पूरे तंत्र पर कड़ी निगरानी रखकर कार्रवाई करें। नशे के सौदागरों को जेल में भेजने के साथ कड़ी सजा दिलाने के प्रयास करें। अपराधियों पर कार्रवाई के साथ-साथ नशीले पदार्थों के आदी व्यक्तियों के पुनर्वास के भी प्रयास करें। इस कार्य में विभिन्न विभागों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आमजनों का पूरा सहयोग प्राप्त करें। नशा सामाजिक और आर्थिक बुराई होने के साथ-साथ अपराधों का भी मूल है। पूरे संभाग में नशे के विरूद्ध बड़ा जागरूकता अभियान चलाएं।



बैठक में पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने संभाग विशेषकर रीवा जिले में नशे के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 6 महीने में दो करोड़ से अधिक राशि के नशीले कप सिरप और गांजा की जप्ती की गई है ।पुलिस ने 250 से अधिक गुमे हुए व्यक्तियों को बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा है। पुलिस महानिरीक्षक ने कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए की जा रही रात्रिकालीन गश्त, फरार वारंटियों की गिरफ्तारी तथा अन्य कार्यवाहियों की भी जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, राजेश पाण्डेय तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।